वर्ष- 13 अंक - 222
लखनऊ, बुधवार 15 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अंबेडकर जयंती पर विधायक ने पार्क का किया उद्घाटन 10

योगी सरकार ने मजदूरों के हित में उठाया बड़ा कदम, सभी श्रेणियों के श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाई 03

## प्रधानमंत्री ने दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का किया उद्घाटन

### यह कॉरिडोर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच कनेक्टिविटी को करेगा मजबूत

- क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी
- पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



**एजेंसी, देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के देहरादून में बहुप्रतीक्षित दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की भाग्य रेखाएं हमारी सड़कें, हाई-वे, एक्सप्रेस-वे, एयरवेज, रेलवे, वाटरवेज होते हैं। बीते एक दशक से हमारा देश विकसित भारत बनाने के लिए विकास की ऐसी ही भाग्य रेखाओं के निर्माण में जुटा हुआ है। ये विकास की भाग्य रेखाएं केवल आज की सुविधाएं नहीं हैं बल्कि अगली पीढ़ी की समृद्धि की गारंटी हैं। ये मोदी की भी गारंटी है। बीते दशक से हमारी सरकार राष्ट्र की इन विकास रेखाओं पर अभूतपूर्व निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। आज दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस–वे के उद्घाटन के साथ इस प्रगति में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है। आपको याद होगा बाबा केदार के दर्शन के बाद मेरे मुंह से अनायास निकला था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। मुझे बहुत खुशी है कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और उत्तराखंड के लोगों के परिश्रम से यह युवा राज्य विकास के नए आयाम जोड़ रहा है। यह प्रोजेक्ट भी प्रदेश की प्रगति को नई गति देगा। करीब 213 किलोमीटर लंबे इस छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर का निर्माण 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। यह परियोजना दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच कनेक्टिविटी को नई गति देगी। इस कॉरिडोर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि दिल्ली से देहरादून की यात्रा का समय, जो अभी 6 घंटे से अधिक है, घटकर लगभग 2.5 घंटे रह जाएगा। इससे यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुगम सफर का अनुभव मिलेगा।

### चिर-परिचित अंदाज में प्रधानमंत्री मोदी का दिखा उत्तराखंड से जुड़ाव, पहाड़ी बोली से किया कनेक्ट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन अवसर पर एक बार फिर अपने चिर-परिचित अंदाज में उत्तराखंड के प्रति विशेष गहरा लगाव प्रदर्शित किया। पारंपरिक वेशभूषा, पहाड़ी बोली के शब्दों और स्थानीय आस्था स्थलों के उल्लेख के जरिए उन्होंने कार्यक्रम में जबरदस्त लोकल कनेक्शन स्थापित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत में 'भुला-भुलियों, सयाणा, आमा, बाबा' जैसे गढ़वाली-कुमाऊंनी शब्दों का प्रयोग कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस अंदाज ने न केवल भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत किया, बल्कि स्थानीय संस्कृति के प्रति सम्मान भी दर्शाया। अपने उद्बोधन में उन्होंने मां डाट काली मंदिर के आशीर्वाद का विशेष उल्लेख किया और कहा कि देहरादून पर मां की कृपा बनी हुई है। साथ ही उन्होंने संतला माता मंदिर, हरिद्वार कुंभ, नंदा राजजात, पंच बदरी, पंच केदार और पंच प्रयाग का जिक्र कर राज्य की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को भी रेखांकित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री और पुष्कर सिंह धामी के बीच मजबूत तालमेल भी देखने को मिला। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री को लोकप्रिय, कर्मठ और युवा बताते हुए उनकी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के भाषण के बीच भी मोदी और धामी के बीच संवाद होता दिखा।

## अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना ही सच्ची राष्ट्रसेवा : द्रौपदी मुर्मु

- शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता पर दिया जोर



**एजेंसी, गांधीनगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। वह गुजरात के गांधीनगर स्थित लोकभवन में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित सामाजिक समरसता महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

कार्यक्रम में राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी तथा गृह मंत्री हर्ष संघवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राष्ट्रपति मुर्मु ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल भारतीय संविधान का निर्माण किया, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने भगवान बुद्ध के भवतु सब्ब मंगलम् सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहब ने समतामूलक समाज की स्थापना के लिए व्यापक जनजागरण किया। राष्ट्रपति ने शिक्षा, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भरता को राष्ट्र निर्माण के प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि शिक्षित बनो का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को संविधान में मौलिक अधिकार का दर्जा दिया गया है और विशेष रूप से वंचित तथा पिछड़े वर्गों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नैतिक शिक्षा के माध्यम से समाज में भाईचारे और समरसता को मजबूत करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और समरस समाज का निर्माण समरस गांवों के बिना संभव नहीं है। गांवों में आज भी सामाजिक सौहार्द और पारस्परिक सहयोग की भावना देखने को मिलती है, जो भारतीय संस्कृति की पहचान है। जब गांव आत्मनिर्भर और सुविधायुक्त बनेंगे, तभी भारत वास्तविक रूप से विकसित राष्ट्र बनेगा। अपने संबोधन में राष्ट्रपति भावुक भी हुईं और अपने पिता की सीख का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यक्ति चाहे कितना भी बड़ा क्यों न बन जाए, उसे हमेशा यह देखना चाहिए कि कोई जरूरतमंद पीछे न छूट जाए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत सफलता तभी सार्थक है, जब वह समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में योगदान दे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ के सक्ती में वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर ब्लास्ट में 9 मजदूरों की मौत, कई गंभीर

**एजेंसी, सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार को दोपहर बाद बॉयलर में हुए जोरदार ब्लास्ट में अब तक 9 मजदूरों की मौत हो गई है जबकि कई की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 3 मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई थी जबकि 6 मजदूरों ने अस्पताल में दम तोड़ा। इस हादसे में 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल भेजा गया था, जहां 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया। बाकी 12 घायलों की हालत गंभीर है। सभी मजदूर 80 प्रतिशत झुलसे बताए जा रहे हैं। यह घटना सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र की है। बताया गया कि सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में रोजाना की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान दोपहर बाद करीब 2 बजे अचानक बॉयलर में ब्लास्ट हो गया, जिससे 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। इससे प्लांट में अफरा तफरी और चीख पुकार मच गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तुरंत ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि बॉयलर का ट्यूब फटने से यह हादसा हुआ है। रायगढ़ के अलावा 11 घायलों को खरसिया के पद्मावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के बाद प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजनों ने हंगामा कर दिया। वे घायलों से मिलने देने की मांग कर रहे हैं। मौके पर एडिशनल एसपी सहित भारी पुलिस बल मौजूद है। सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो भी प्लांट पहुंच चुके हैं।

### अलवर में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस–वे पर हादसा, तीन की मौत

**एजेंसी, अलवर (राजस्थान)।** अलवर जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। इस हादसे में कम से कम 30 लोग घायल हो गए। यह हादसा राजगढ़ थाना क्षेत्र के पिनान स्थित चैनल नंबर 100 इंटरचेंज पुलिया के पास इंदौर से दिल्ली जा रही एक ट्रेवल बस के आगे चल रहे केमिकल से भरे ट्रक से टकराने से हुआ। मृतकों में बस चालक, एक महिला और एक बच्चा शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही एनएचआई ए की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए पिनान के आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

## सत्ता पर सामंती व जातिवादी सोच हावी होने के कारण संविधान अपने उद्देश्य प्राप्त करने में रहा असफल : मायावती



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज सुबह लखनऊ स्थित बसपा केंद्रीय कैंप कार्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि करके उन्हें श्रद्धांजलि दी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की सत्ता में 'सामंती और जातिवादी' सोच एवं शोषणकारी तत्वों के लगातार हावी रहने के कारण बाबा साहेब का सर्वजन हितैषी संविधान अपने उदेृश्यों को प्राप्त करने में सफल नहीं हो पा रहा है। बसपा प्रमुख ने कहा कि समस्या के निदान के लिए देश व राज्यों में भी बाबा साहेब की 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' नीति व सिद्धांत वाली उनकी पार्टी बसपा की सरकार बनना जरूरी है। मायावती ने कहा कि देश में ऐसा संविधान होने के बावजूद भारत अभी तक आत्मनिर्भर व विकसित देश बनकर यहां के करोड़ों बहुजनों, जातिवादी द्वेष व जुल्म ज्यादती से मुक्त, समता और न्याय युक्त जीवन क्यों नहीं दे पाया। इसक जवाब ढूंढने पर देश में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति का कारवां चुनावी सफलता हासिल करके अपनी मंजिल की ओर जरूर बढ़ेगा। बसपा प्रमुख ने आगे कहा कि जनता में हर दुख को सह लेने की शक्ति होने का यह मतलब नहीं है कि सरकारें उन्हें गरीबी,व पिछड़ेपन आदि की अंधी खाई से निकलने और उन्हें रोजी–रोटी व न्याय युक्त आत्मसम्मान का जीवन देकर ऊपर उठाने की अपनी संवैधानिक व कानूनी उत्तरदायित्वों को सही से ना निभायें, हालांकि यह जरूरी कार्य अम्बेडकरवादी पार्टी बसपा के राज में ही ज्यादातर संभव है। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित डा. भीमराव सामाजिक परिवर्तन स्थल पर पहुंचकर अम्बेडकर स्मारक में पहुंचकर अनुयायियों ने डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## अंबेडकर जयंती पर राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत कई नेताओं ने भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष रहेबाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मु ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बाबासाहब अंबेडकर विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, प्रखर चिंतक, न्यायविद और समतामूलक समाज व्यवस्था के सशक्त प्रवक्ता थे। उन्होंने समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया और उनके हित में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने न केवल असमानताओं को दूर करने का मार्ग दिखाया, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों को सुदृढ़ करने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। बाबासाहब ने महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता दी। उनका बहुआयामी योगदान भावी पीढ़ियों को देश की सेवा और विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति भवन में बाबासाहेब डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबासाहेब का संपूर्ण जीवन सदैव राह दिखाता रहेगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ने हर वर्ग को समान अधिकार और अवसरों की स्वतंत्रता देने वाला संविधान देकर हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी। उन्होंने देश की अखंडता के लिए अनुच्छेद 370 का मजबूती से विरोध किया। समाज को शिक्षित बनने और संगठित रहने का मंत्र देने वाले बाबासाहेब का जीवन यह सिखाता है कि जब संकल्प देशसेवा और लोगों के कल्याण का हो, तब हर बाधा छोटी हो जाती है।



### सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पोस्ट में लिखा

भारतीय संविधान के शिल्पकार, बहुजन नायक, महान समाज सुधारक तथा क्रांतिकारी महामानव डॉ. अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बाबासाहेब ने आजीवन समाज में समता और समरसता बढ़ाने के लिए कार्य किया। उनका पूरा जीवन वंचित वर्ग के लोगों को समान अधिकार दिलाने के लिए समर्पित था। बाबासाहब एक महान विचारक और देश की अनेक संस्थाओं के निर्माता भी थे। विपरीत परिस्थितियों में भी बाबासाहब ने असाधारण उपलब्धियां हासिल कीं और राष्ट्र निर्माण में अमिट योगदान दिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर की जयंती पर कहा कि उस दूरदर्शी को गहरी श्रद्धा से नमन करते हैं जिन्होंने भारत को इसकी नैतिक और संवैधानिक आत्मा दी। बाबासाहेब न केवल भारत के संविधान के निर्माता थे, बल्कि स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लिए एक अथक योद्धा थे, ये मूल्य भारत के विचार को परिभाषित करते हैं। आज उनके शब्द और चेतावनियां नए सिरे से तात्कालिकता के साथ गूंजती हैं। यह एक ऐसा क्षण है जो साहस और दृढ़ विश्वास की मांग करता है।

## सीबीआई ने 8 राज्यों में 77 ठिकानों पर की छापेमारी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के बीच कथित गठजोड़ से जुड़े मामलों में देशभर में बड़ी कार्रवाई की है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के आधार पर सीबीआई ने 22 नए मामले दर्ज किए और मंगलवार को 8 राज्यों में फैले 77 ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की। सीबीआई ने बताया कि मंगलावार को की गई तलाशी के दौरान सीबीआई ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री जब्त किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। ये मामले उन आरोपों से जुड़े हैं जिनमें कुछ बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों पर निर्दोष गृह खरीदारों को धोखा देने और ठगने का आरोप है। जांच एजेंसी के अनुसार यह कार्रवाई कथित फंड डायवर्जन, वित्तीय अनियमितताओं और रियल एस्टेट सेक्टर में धोखाधड़ी की बड़ी साजिश को उजागर करने के लिए की गई है। इससे पहले सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में 28 मामले दर्ज किए थे, जो अंतिम चरण में हैं। अब तक कुल 50 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी समेत आठ राज्यों में कई ठिकानों पर की गयी।

## देश में ओवरलोड वाहनों पर शुल्क वसूली के नए नियम आज से प्रभावी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर ओवरलोड वाहनों से शुल्क वसूली की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए नए नियम लागू किए हैं। ये संशोधित प्रावधान 15 अप्रैल से प्रभावी होंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर निर्धारण और संग्रहण) चौथा संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित किया है। नए प्रावधानों के तहत 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। 10 से 40 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार पर मूल दर का दो गुना शुल्क और 40 प्रतिशत से अधिक भार पर मूल दर का चार गुना शुल्क वसूला जाएगा। ओवरलोडिंग की जांच प्रमाणित वजन माप उपकरणों से की जाएगी, जो शुल्क प्लाजा पर लगाए जाएंगे। जहां वजन माप सुविधा उपलब्ध नहीं होगी, वहां ओवरलोड शुल्क नहीं लिया जाएगा। शुल्क की वसूली केवल फास्टैग से की जाएगी और ओवरलोड वाहनों का विवरण राष्ट्रीय वाहन रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि यह संशोधन सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, राजमार्गों की संरचना की रक्षा करने और निर्धारित भार सीमा का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। अधिसूचना में विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए शुल्क गणना का विस्तृत उदाहरण भी दिया गया है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

## बंगाल में भाजपा को फायदा पहुंचाने का काम कर रही तृणमूल: राहुल गांधी



**खराब शासन और हिंसा को वजह बताया**

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोर-शोर से चल रहा है। मंगलवार को कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी बंगाल पहुंचे। रायगंज में चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता ने तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर हमला बोला। जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बंगाल में भाजपा के बढ़ते प्रभाव के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ही जिम्मेदार है। बंगाल में भाजपा को फायदा पहुंचाने का काम तृणमूल कर रही है और उसके लिए रास्ता तैयार कर रही है। यदि तृणमूल कांग्रेस ने सही तरीके से शासन किया होता और राज्य में हिंसा का माहौल न बनने दिया होता, तो भाजपा के यहां उभरने का सवाल ही नहीं उठता। भाजपा बंगाल में दिखाई भी नहीं देती, लेकिन ममता सरकार ने ऐसा नहीं किया। राहुल ने दोनों पार्टियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में तृणमूल और भाजपा में कोई बड़ा अंतर नहीं है। कांग्रेस नेता ने सारदा चिट फंड घोटाला और रोज वैली चिट फंड घोटाला का जिक्र कर कहा कि आज तक निवेशकों का पैसा वापस नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कोल स्मगलिंग, गैरकानूनी खनन, गुंडा टैक्स से तृणमूल अपने सिंडिकेट को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि तृणमूल ने 2021 के घोषणापत्र में पांच लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता को कुछ नहीं मिला। उल्टा यहां की कंपनियां और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स बंद हो गईं। राहुल गांधी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हम हिंसा और अपराध की बात करते हैं, तो हमें आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए दुष्कर्म और हत्या मामले की भी बात करनी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा और टीएमसी के नेता हिंसा का प्रयोग करते हैं, लेकिन कांग्रेस हिंसा के खिलाफ है।

## भारतीय मुसलमानों के गौरवशाली इतिहास पर पांच दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के मुख्यालय में मंगलवार को 'द वोवन लैंड-ए विजुअल नैरेटिव ऑफ मुस्लिम हिस्ट्री इन इंडिया' नामक एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस प्रदर्शनी में भारत के निर्माण में मुसलमानों के ऐतिहासिक योगदान को विस्तार से दिखाया गया है। इंडियन हिस्ट्री फोरम की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन सुबह 11:00 बजे कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में हुआ। इनमें जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी, अजमेर शरीफ दरगाह की अंजुमन कमेटी के सचिव मौलाना सैयद सरवर चिश्ती, मौलाना असगर अली इमाम मेहदी, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता शमशाद आलम समेत अन्य बुद्धिजीवी और सामुदायिक नेता शामिल थे। यह प्रदर्शनी भारत में इस्लाम के आगमन और अलग-अलग क्षेत्रों में उसके योगदान और प्रभाव की पूरी कहानी तस्वीरों और दृश्यों के ज़रिए बताती है। सुव्यवस्थित प्रदर्शनों और मॉडलों की एक श्रृंखला के माध्यम से, यह शिक्षा, व्यापार, सामाजिक समानता, महिला सशक्तिकरण और शास्त्रीय ग्रंथों के अनुवाद में मुसलमानों की भूमिका को उजागर करती है। इसके साथ ही वास्तुकला, संस्कृति, भाषा के विकास के साथ-साथ विज्ञान और खगोल विज्ञान में हुई प्रगति को भी प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का एक मुख्य आकर्षण इसका 360-डिग्री विजुअल अनुभव है, जिसे आगंतुकों को इतिहास की एक गतिशील यात्रा से जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**असर** — ग्रेटर नोएडा समेत पूरे क्षेत्र में करीब 80प्रतिशत कंपनियां बंद रहीं

## नोएडा में मंगलवार को भी श्रमिकों का बवाल, कई जगह उग्र प्रदर्शन



**समृद्धि न्यूज़, नोएडा।** जिला गौतमबुद्ध नगर में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कई दिनों से चल रहा श्रमिकों का आंदोलन उग्र होता जा रहा है।मंगलवार 6वें दिन श्रमिकों ने नोएडा के कई इलाकों में पथराव और तोड़फोड़ कर बवाल किया। इसके साथ ही कई औद्योगिक इलाकों में फैक्टरियों के बाहर मजदूर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। तनाव के बीच तमाम औद्योगिक इकाइयों में कामकाज ठप है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दी गई राहत के बाद भी श्रमिकों का उग्र प्रदर्शन खत्म नहीं हो रहा है। इसके चलते नोएडा व ग्रेटर नोएडा के 80 प्रतिशत कंपनियां आज बंद रही हैं। श्रमिकों के आंदोलन के चलते उद्योगपति फैक्टरी या कंपनी खोलने से घबरा रहे हैं। आज भी कई जगहों पर श्रमिक हिंसक हो उठे। सेक्टर 70 में क्लियो काउंटी सोसाइटी के पास श्रमिकों ने पथराव कर तोड़फोड़ भी की है। श्रमिकों ने पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाया है। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को काबू किया। नगर के सेक्टर 70 के अलावा सेक्टर 80 में भी सुबह श्रमिक बेहद उग्र दिखे। सेक्टर 80 में कई फैक्टरियों के बाहर जुटे प्रदर्शनकारियों ने कानून को हाथ में लेने की कोशिश की। हालांकि, पहले से सतर्क पुलिस ने स्थिति को ज्यादा बिगड़ने नहीं दिया। सेक्टर 70 में पथराव करने वाले 15 से अधिक लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि आज सुबह से ही विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांति बनी हुई है। उन्होंने श्रमिकों से अपील किया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने वेतन बढ़ोतरी और उनकी अन्य मांगों को मान लिया है।

# बैसाखी पर्व पर मना खालसा पंथ स्थापना दिवस

### गुरुद्वारे में कीर्तन दरबार सजा, श्रद्धालुओं ने माथा टेका और लंगर चला



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पीपल चौराहा में सिखों का पवित्र त्योहार बैसाखी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को खालसा साजना दिवस के रूप में भी जाना जाता है। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारे में माथा टेकने पहुंचने लगे। हेडग्रंथी ज्ञानी विक्रम सिंह ने बताया कि जब मुगल शासक औरंगजेब ने जुल्म, अन्याय और अत्याचार की सभी सीमाएं लांघ दीं और श्री गुरु तेग बहादुर जी को दिल्ली के चांदनी चौक पर शहीद कर दिया, तब गुरु गोविंद सिंह ने अपने अनुयायियों को संगठित कर खालसा पंथ की स्थापना की। खालसा पंथ का लक्ष्य धर्म और नेकी के आदर्शों के लिए सदैव तत्पर रहना था। दशमेश पिता ने समाज द्वारा तुच्छ समझे जाने वाले लोगों को अमृत छकाकर सिंह बनाया। इस प्रकार, 13 अप्रैल, 1699 को श्री केसगढ़ साहिब आनंदपुर में दसवें गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर अत्याचार का अंत किया।उन्होंने सभी जातियों के लोगों को एक ही अमृत पात्र (बाटे) से अमृत चखाया और पांच प्यारे सजाए। ये पांच प्यारे किसी एक जाति या स्थान के नहीं थे, बल्कि अलग-अलग जाति, कुल और स्थानों से संबंधित थे, जिन्हें खंडे बाटे का अमृत चखाकर उनके नाम के साथ %सिंह% की उपाधि दी गई। कार्यक्रम के दौरान पाउंटा साहिब से आए रागी अमनप्रीत सिंह और हजूरी रागी फतेह सिंह ने अपने शब्द कीर्तन से साध-संगत को निहाल किया। हेडग्रंथी ज्ञानी विक्रम सिंह ने सरबत के भले की अरदास की, जिसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर चला। इस अवसर पर मंदीप वालिया, मनजीत सिंह शम्मी, भूपेंद्र सिंह वालिया, देवेंद्र सिंह बेदी, परमजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगजीत सिंह, संतोष सिंह तोषी, भूपेंद्र सिंह काले, जसबीर सिंह, इंदर पाल सिंह, सतिंदर पाल सिंह, परविंदर सिंह सम्मी, आत्मजीत सिंह, पवनप्रीत सिंह, जसपाल सिंह, डॉ. बलमीत कौर, दशमिन्दर सिंह, जसप्रीत कौर, हरप्रीत कौर, बलजीत कौर, गुरबख्श कौर, हरजीत कौर सहित जिले भर से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरुघर में माथा टेका।

# सर्राफा व्यापारी से 4.5 लाख की लूट

### दुकान बंद कर घर लौटते समय बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के कैसरगंज इलाके में सोमवार रात एक सर्राफा व्यापारी से लूट की वारदात हुई। अज्ञात बदमाशों ने दुकान बंद कर घर लौट रहे व्यापारी से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी छीन ली और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कैसरगंज निवासी सुरेश कुमार के 11 सौ रेती इलाके में सोने-चांदी की दुकान है। सोमवार रात वह दुकान बंद कर जेवरात लेकर घर जा रहे थे। नहर पुल के पास पहुंचते ही बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया। बदमाशों ने उनके झोले में रखे चार लाख रुपये के आभूषण, पचास हजार रुपये नकद और उनका मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित सुरेश कुमार ने दूसरे के फोन से अपने परिवार और स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कैसरगंज थाना प्रभारी राजेश शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। थाना प्रभारी राजेश शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संघ ने डॉक्टर अम्बेडकर जयंती पर किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग द्वारा जनपद बहराइच के विभिन्न खंडों एवं नगर की सेवा बस्तियों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है इस अवसर पर जनपद बहराइच में चित्तौरा के पंचायत भवन बनियाहारी, पयागपुर के बड़कागांव हसुवापारा ,विश्वेश्वरगंज के सिवसहाना (पंडितपुरवा), हुजूरपुर के प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर रैकवारी ,जरवल के तापेसिपह, (बावन बाबा कुट्टी), कैसरगंज के ग्राम नौगुनिया, फखरपुर के पट्टी कमलपुर, तेजवापुर खंड के ग्राम बेढ़ानपुर, महसी खंड के किसानगंज स्थित हनुमान मंदिर , वह बहराइच नगर के काशीराम कॉलोनी फुटहा शेखदाहीर लगभग 12 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 5600 से अधिक मरीज़ों की जाँच कर उन्हें दवा वितरण किया गया। जनपद के सभी सेवा कैंपों में प्रतिष्ठित डॉक्टरों द्वारा कई गंभीर बीमारियों को भी जाँच कर अवलोकित किया गया और उन मरीज़ों को उचित सलाह के साथ परामर्श हेतु विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में भेजा गया है इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविरों का उद्घाटन समाज के प्रतिष्ठित कार्यकर्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार ,जिला प्रचारक अजय, विभाग कार्यवाह अम्बिका, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, जिला सेवा प्रमुख रमेश सहित विभिन्न खंडों के खंड सेवा प्रमुख, समाजसेवी श्यामकरण टेकरीवाल, नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन के पदाधिकारी डॉ सारिका ,डॉ विकास मिश्रा ,डॉ ब्रजेश शुक्ला ,डॉ मनीष शुक्ला एवं सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ,महामंत्री सर्वेन्द्र विक्रम सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने विभिन्न शिविरों में जाकर सेवा कार्य किया।

## किशोरी फिर मोबाइल टावर पर चढ़ी, पुलिस-फायर ब्रिगेड ने उतारा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में सोमवार शाम एक 17 वर्षीय किशोरी मोबाइल टावर पर चढ़ गई। सूचना मिलने पर नगर कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे सकुशल नीचे उतार लिया गया।यह घटना रामगांव थाना क्षेत्र के तमाचपुर गांव की है, जहां परिवहन कार्यालय के पास लगे मोबाइल टावर पर रूमाना (17) चढ़ गई थी। परिवार के सदस्यों और पुलिस कर्मियों ने उसे नीचे उतरने के लिए समझाया। अग्निशमन अधिकारी पुलकित चौधरी भी अपनी टीम के साथ बचाव अभियान में शामिल हुए। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। गौरतलब है कि दो दिन पहले भी यही किशोरी देर रात इसी टावर पर चढ़ गई थी।

## स्वच्छता अभियान व दीपोत्सव के साथ मानाया गया डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती

### अंबेडकर जयंती पर भाजपा ने आयोजित किया विभिन्न कार्यक्रम



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ के साथ शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान व बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ विचार गोष्ठी का अयोंजन किया। उसके उपरांत बहराइच स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के साथ माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। तथा अपने विचार साझा करते हुए कहा डॉ. अम्बेडकर केवल सविधांन निर्माता ही नही बल्कि समाजिक न्याय समानता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रहरी थे उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे है। बाबा साहेब ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर समाज में फैली ऊंच-नीच और भेद?भाव के खिलाफ आवाज उठाई। जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला ने बताया भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले भर की सभी बूथों पर डॉ भीमराव अम्बेडर की जन्म जयंती , स्वच्छता अभियान व दीपोत्सव के साथ मानाया गया। इसी क्रम में जिले के छः अनु0 छात्रावास में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रिसिया में सासंद आनन्द गोड राजकीय बालक अनु0 छात्रावास महराज बहराइच विधायक अनुपमा जायसवाल राजकीय बालिका छात्रावास गेंदघर में एमएलसी प्रजा त्रिपाठी कस्तुरबा महिला छात्रावास बिछिया में विधायक सरोज सनोकर राजकीय बालिका छात्रावास पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में चेयरमैन सुधा टेकड़ीवाल राजकीय बालक छात्रावास रूपइडीहा में चेयरमैन उमा शंकर वैश्य सहित अन्य पदाधिकारी, छात्रावास पहुंच कर छात्रों से संवाद करते हुए दलितों व वंचितों के उत्थान के लिए उनके संघर्षो को याद किया।

## खबरें एक नजर में

### सांसद बहराइच ने बाबा साहब की मूर्ति का किया अनावरण



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती के अवसर पर सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रिसिया में ग्रेनाइट पत्थर से नवनिर्मित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी 08 फिट ऊंची मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर सांसद डॉ. गोंड ने बाबा साहब के कृतित्व एवं संविधान की मूल भावना से छात्राओं को परिचित कराते हुए कहा कि हम सभी को बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए शिक्षित व संगठित रहना होगा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में बाबा साहब के चित्रों पर आधारित लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रणविजय सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडे, प्रधानाचार्य अंगद कुमार, सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा सहित शिक्षक व छात्राएं मौजूद रहीं।

### सादुल्लाहनगर में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की 135वीं जयंती, निकली प्रभात फेरी

**समृद्धि न्यूज़, सादुल्लाहनगर/बलरामपुर।** भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर सादुल्लाहनगर क्षेत्र के घासी पोखरा बाजार स्थित बुद्ध मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा एवं ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने नीला झंडा दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया। प्रभात फेरी में शामिल लोगों ने बाबा साहब के विचारों का प्रचार-प्रसार करते हुए समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय का संदेश दिया। इस मौके पर सियाराम सरोज, एडवोकेट प्रेमचन्द्र सोनी, सत्रोहन वर्मा, मुन्ना लाल, राजेश कुमार भारती, राम तीरथ कनौजिया, राम लोचन, राम उग्रह, फैजान प्रधान, महमूद आलम प्रधान, मोहम्मद अहमद प्रधान, योगेंद्र एडवोकेट, चन्द्रभान मिश्र, दिलीप वर्मा, राम कुमार कनौजिया, राम फेर कनौजिया, भाई लाल, विजय कुमार, राम बेचन, महेश कुमार, मुकेश कुमार, अरुण कुमार, दिनेश चौहान, मोहनलाल, रमेश कुमार, कल्लू, राकेश कुमार, राजकुमार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता और भाईचारे के संदेश के साथ हुआ।

### सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबा साहेब को श्रद्धा-सुमन

**उतरौला (बलरामपुर)।** समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के महान प्रणेता, भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को बाबा फक्कड़ दास चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा तथा आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक राम प्रताप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की दिशा में एक नई राह दिखाई। उन्होंने संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान किए और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने की मजबूत नींव रखी। विधायक ने कहा कि आज हम सबका कर्तव्य है कि बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता और भाईचारे को बढ़ावा दें। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना हथियार बनाया और देश के लिए एक ऐसा संविधान तैयार किया, जो हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू (वर्तमान डॉ. अंबेडकर नगर) में हुआ था। वे एक प्रखर विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और महान विचारक थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की। भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी प्रमुख भूमिका रही, जिसके कारण उन्हें ÷संविधान निर्माता÷ के रूप में जाना जाता है। उन्होंने दलितों, वंचितों और महिलाओं के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और समाज में समानता की स्थापना के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए।

# सपा ने मनाई अंबेडकर जयंती

### पूर्व मंत्री ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद, गोष्ठी का हुआ आयोजन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री यासर शाह ने कार्यकर्ताओं के साथ अम्बेडकर पार्क पहुंचकर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सपा के जिला कार्यालय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका संचालन महामंत्री सुनील निषाद ने किया। गोष्ठी के दौरान पूर्व मंत्री यासर शाह और जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव ने उपस्थित लोगों से बाबा साहब के आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अपने लंबे संघर्षों के बाद जो संविधान दिया, वह शोषित, वंचित और पिछड़े समाज के लिए संजीवनी का काम रहा है। यासर शाह ने दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यक समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए प्रहरी संविधान की सुरक्षा के लिए विघटनकारी ताकतों के सामने डटकर खड़े हैं। सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट ने जोर देकर कहा कि बाबा साहब के संविधान ने करोड़ों लोगों को गुलामी से छुटकारा दिलाकर शोषित और पीड़ित समाज को स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक शब्बीर वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, राकेश सोनकर, पेसकार राव, अफशाल शानू, नंदेश्वर नंद यादव, देवीदयाल यादव, राहुल गौतम, नदीमुल हक़, अरुण यादव, शैलेश सिंह शैलू, मयंक मिश्र, सत्यम बाजपेयी, गौरव यादव, रितेश सावन, सुनील यादव, मंगन श्रीवास्तव, मोश्र जुनेद, कृपाराम यादव, विजय सेन अनूप कुमार, अभिषेक राव समीर राव, आशीष गौतम, भोला कमल, अलोक गौतम, सुमन शर्मा, अयोध्या सोनी, मुना रायनी सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर पयागपुर में भव्य परशुराम जन्मोत्सव, जुटेगा जनसैलाब



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सवर्ण आर्मी प्रमुख सर्वेश पांडेय ने पयागपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल अक्षय तृतीया के अवसर पर पयागपुर तहसील के सामने स्थित जूनियर हाई स्कूल परिसर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध विद्वान एवं राष्ट्रीय दार्शनिक डॉ. अरुण प्रकाश पांडेय उपस्थित रहकर भगवान परशुराम के जीवन एवं उनके आदर्शों पर मार्गदर्शन देंगे। सर्वेश पांडेय ने कहा कि यह आयोजन पूरी तरह से सामाजिक और सांस्कृतिक उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसका मकसद सनातन समाज में एकता स्थापित करना और सामाजिक चेतना को मजबूत करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम का राजनीति से कोई संबंध नहीं है, बल्कि यह सभी वर्गों को जोड़ने का एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि यह ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम होते हुए भी बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र भर से भारी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दलों एवं समाज के हर वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी ने किया माल्यार्पण



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन ने अम्बेडकर चौराहा पहुँचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय के लिए उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता एवं न्याय सुनिश्चित करना चाहिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने विस्तार से बाबा साहब के योगदान, भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका तथा शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का प्रयास करें। साथ ही जनपद के विभिन्न स्थानों पर भी बाबा साहब की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही विकास भवन में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के 135वीं जयंती के अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी श्रीमती रिंकी जायसवाल, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा अशोक कुमार गुप्ता, कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारी वीरेंद्र कुमार तिवारी सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित हुई संगोष्ठी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बाबा भीमराव अम्बेडकर सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक चिंतन है एक ऐसी विचारधारा जो सदा समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के विज्ञान संकाय में आयोजित अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेन्द्र सिंह ने कही वहीं मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ ओंकार पाठक ने कहा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने अपने जीवन संघर्ष के दौरान प्रत्येक चुनौती को चुनौती दी और शून्य से शिखर तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की द्य वाणिज्य संकाय के डीन प्रोफेसर बीपी सिंह ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने के लिए छात्र-छात्राओं को उत्प्रेरित किया द्य प्रो अरविंद कुमार शर्मा ने बाबा भीमराव अम्बेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला द्य कार्यक्रम में आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संजय पाठक विशिष्ट अतिथि रहे द्य डॉ रेखा शर्मा, डॉ वंदना भारतीय, डॉ पुनीत कुमार ने बाबा भीम राव अम्बेडकर के जीवन की कई महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला द्य सफल मंच संचालन कार्यक्रम के संयोजक डॉ बैज नाथ पाल ने किया द्य इस अवसर पर उन्नति पांडे ,आराधना ,हर्ष कुमार साहू एंव साक्षी पांडे ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए द्य डॉ रवि ओझा, अशोक कुमार पांडे ,डॉ करुणेश दुबे, डॉ अमित कुमार शुक्ला,डॉ मनोज कुमार मिश्रा ,डॉ अजीत कुमार मिश्रा ,कुमारी मानसी पांडे ,सुजीत सिंह, सतीश कुमार दुबे, राम भरोस,राम रूप, राम बचन, एनसीसी के कैडेट्स और विभिन्न विभाग के छात्र-छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा है।

## शिक्षा किसी भी परिवार, समाज और देश के विकास का मुख्य स्तंभ होती है और शिक्षक इसका जनक होता है




**वजीरगंज/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** शिक्षक जीवन भर अपना योगदान देकर हजारों छात्रों का भविष्य संवारता है। यह बात विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पांडेय ने बीआरसी पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सेवानिवृत्त शिक्षक सुधाकर मिश्र, कृष्ण देव पांडेय, विश्वनाथ सिंह, शंभूदत्त त्रिपाठी, गणेश दत्त त्रिपाठी व मोहम्मद नईम शारदा प्रताप सिंह व मंजू सिंह के विदाई समारोह/शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी तथा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। मुख्य अतिथि ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित कर उनके प्रशंसनीय योगदान के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र, गीता व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। विधायक ने शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में हुई चर्चा में भाग लिया तथा स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। विधायक ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता है वह जीवन प्रयत्न शिक्षक ही रहता है और हमेशा शिक्षा की अलख जागता रहता है। उन्होंने शिक्षकों के किसी भी उत्पीड़न पर हमेशा तत्पर रहने और शिक्षकों को अपना परिवार बताया।

## मामूली विवाद पर दबंगो ने ली एक की जान

**धानेपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** न्यू मेडिकेयर हॉस्पिटल बग्गीरोड मे कर्मचारियों के ड्यूटी पर विवाद को सुलझाने गये व्यकित को दबँगो ने चाकू से मार दिया! मिली जानकारी के अनुसार न्यू मेडिकेयर हॉस्पिटल बग्गीरोड मे सत्य प्रकाश, अनुपम उर्फ़ अनूप काम करते थे!दोनों मे बारह अप्रैल को ड्यूटी को लेकर झगड़ा हो!तो अनूप ने फोन करके अपने साथियो को बुला लिया!उक्त हॉस्पिटल का संचालन डॉ अनिल ओझा करते है!सत्य प्रकाश ने अपने मामा आनंद कुमार निवासी बेलहरी को फोन से बताया!वह विवाद को समझा बुझाकर शांत कराने हॉस्पिटल गये!चर्चा है कि रात मे ड्यूटी करने का विवाद था!दोनों लोग रात मे ही काम करने के लिए अड़े थे।

# डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डा. जितेन्द्र सिंह यादव ने बाबा साहब के विचारों को बताया प्रासंगिक

- अमृतपुर विधानसभा में सेक्टर स्तरीय अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा का हुआ आयोजन
- गरज उठे गगन सारा, समुंदर छोड़े किनारा, हिल जाए जहान सारा, गूंजे जय भीम का नारा





**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती पर 193 विधानसभा अमृतपुर के सेक्टर स्तरीय अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व पूर्व प्रत्याशी विधानसभा अमृतपुर डा0 जितेन्द्र सिंह यादव के तत्वाधान में किया गया। सेक्टर स्तरीय समाजवादी पार्टी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के तहत सेक्टर स्तर पर पार्टी पदाधिकारी व नेताओं ने संविधान की रक्षा करने और बाबा साहब के विचारों को फैलाने का संकल्प लिया। कस्बा अमृतपुर स्थित उनकी प्रतिमा पर डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ0 अंबेडकर ने सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना हथियार बनाकर समाज में व्याप्त भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और देश को एक मजबूत संविधान दिया। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में बाबा साहब के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। समाज में समानता, भाईचारा और अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए उनके आदर्शों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि वे शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलें और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करें। उन्होंने बताया कि डॉ0 भीम राव आंबेडकर को समानता और न्याय का प्रतीक माना जाता है। उनका कहना था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। समय आने पर भूखे रहो, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ। उन्होंने कहा है कि शिक्षा बाघिन का वह दूध है जो उसे पिएगा वह बाघ की तरह गुर्राएगा। पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके बताये गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

वहीं अमृतपुर विधानसभा सेक्टर गांधी के ग्राम उजरामऊ में धर्मेन्द्र यादव, हरवीर यादव, उमेश यादव प्रधान के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं सेक्टर भुसेरा के ग्राम दहिलिया में प्रधान मृदुल सिंह जाटव, अरविन्द यादव, देव सिंह के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर गांधी के गौटिया में अनुराग यादव अन्नू, धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर अमृतपुर के अमृतपुर में सिद्धांत सिंह, अशोक यादव फौजी, देव सिंह यादव, अनमोल यादव के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर किराचन के रम्पुरा में सचिन यादव, सुरेन्द्र सिंह पूर्व प्रधान, विपिन यादव, विनोद यादव, विनीत परमार, भूदेव यादव के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर बैरमपुर के कलुआपुर सानी में नादिर मंसूरी, बीके गंगवार, अखिलेश मिश्रा, रानू गंगवार के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर बराकेशव के सितवनपुर पिथू में बरन सिंह यादव, इतलेश यादव, रिंकू यादव, अनुज यादव, राजीव यादव, रामबरन यादव, रामजीवन यादव के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर दनियापुर के मानपुर में अनुराग यादव, डा0 सुमित दिवाकर, रामकुमार दिवाकर, सोनू दिवाकर, अमित कठेरिया, फैजान खान, साजिद खान, मोरपाल यादव, दीपू यादव, कुन्दन यादव, अनुज राजपूत के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, जिला सचिव डॉ0 सुभाष पाल, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष अनुराग यादव, बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी, जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल, अनुसूचित जाति राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कठेरिया, पूर्व प्रधान विमल यादव, पूर्व प्रधान मनोज यादव, धनीरामपाल, अभय यादव, प्रधान यूसुफपटेल, रवि यादव, सुशील दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण को लेकर बवाल

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर गांव में अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि फायरिंग और मारपीट की घटनाएं सामने आई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत बंथरा के चेयरमैन रंजीत रावत के समर्थकों और सभासद आशीष कुमार के बीच विवाद उस समय शुरू हुआ, जब अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम को लेकर मतभेद हो गया। आरोप है कि कार्यक्रम में सभासद आशीष कुमार को आमंत्रित नहीं किया गया था, बावजूद इसके वे मौके पर पहुंचे, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी दौरान चेयरमैन पक्ष के कुछ लोगों ने आशीष कुमार पर फायरिंग कर दी। गोली उनके दाहिने हाथ में लगी, जिससे वे घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। फायरिंग के बाद दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट भी हुई। इस दौरान कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें चेयरमैन की फॉर्च्यूनर गाड़ियां भी शामिल बताई जा रही हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की बात कही जा रही है। फिलहाल, घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।

### हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा इलाके में 11 हजार हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना से नाराज परिवार के लोगों ने किसान यूनियन के साथ मिलकर श्मशान घाट के पास प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग की। मौके पर पुलिस पहुंचकर हालात को संभालने में जुटी रही। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में 13 अप्रैल को दोपहर में एक टेंट मजदूर की हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना सरोजनीनगर के बेहटवा गांव में हुई, जहां सोमवार से भागवत कथा शुरू होनी थी। गुडम्बा थाना क्षेत्र के सेक्टर-के, छोटा पहाड़पुर निवासी 36 साल के श्यामू रावत भागवत कथा स्थल पर टेंट लगा रहा था। दोपहर करीब 2 बजे श्यामू लोहे की सीढ़ी पर चढ़कर टेंट का पाइप लगा रहा था। इसी दौरान तेज हवा के झोंके से लोहे का पाइप बगल से गुजर रही 11000 वोल्टेज की विद्युत लाइन से छू गया। करंट लगने से श्यामू बुरी तरह झुलस गया। गुडंबा इलाके के सेक्टर जे निवासी श्यामू की मौत 11 हजार हाइटेंशन लाइन के चपेट में आने से हो गई। जिसके बाद नाराज परिजनों ने हंगामा किया। साथ ही किसान यूनियन के साथ में मिलकर प्रदर्शन करने लगे। परिजनों को मुआवजा दिलवाने की मांग करते हुए श्मशान घाट के पास में प्रदर्शन हुआ। हंगामे को बढ़ता देख मौके पर इंस्पेक्टर गुडंबा अंजनी कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग परिजनों को शांत करते नजर आए। वहीं, पुलिस का कहना है कि व्यक्ति सरोजनीनगर स्थित एक शादी में काम कर रहा था। यहीं पर लाइट की चपेट में आने के बाद सोमवार(13 अप्रैल) को मौत हुई थी। परिजन मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इसके लिए बिजली विभाग के साथ में प्रशासन की टीम भी पहुंची है। वहीं, घटना के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा दिया है। इस बीच अभी शव का अंतिम संस्कार नहीं हुआ है। व्यक्ति की उम्र करीब 34 साल है।

### यूपी में पहली बार होगा पोल्ट्री कॉन्क्लेव

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पहली बार पोल्ट्री सेक्टर को लेकर बड़े स्तर पर कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। 15 और 16 अप्रैल को राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले इस कॉन्क्लेव का उद्घाटन प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह करेंगे। इस कॉन्क्लेव का आयोजन उदय सिंह करेंगे। उदय तेलंगाना पोल्ट्री इंडिया से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में पहली बार पोल्ट्री सेक्टर का इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस मंच के जरिए किसानों को जागरूक किया जाएगा और अलग-अलग स्टेशनों के माध्यम से उन्हें उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। देशभर के बड़े एक्सपर्ट इसमें शामिल होंगे, जिससे पोल्ट्री सेक्टर में नए अवसर पैदा होंगे। उदय सिंह ने जानकारी दी कि इसी महीने 25 से 27 अप्रैल तक तेलंगाना में एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें करीब 120 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि लखनऊ में होने वाला यह कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश में पोल्ट्री सेक्टर को नई दिशा देगा और बड़े बदलाव का आधार बनेगा।

## योगी सरकार ने मजदूरों के हित में उठाया बड़ा कदम, सभी श्रेणियों के श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाई



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में विभिन्न मांगों को लेकर श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शनों के बाद राज्य सरकार ने सभी श्रेणियों के मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ा दी है और संशोधित दरें एक अप्रैल से प्रभावी मानी जाएंगी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा, श्मजदूरी में उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने वृद्धि की है। इस फैसले को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कल देर रात मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद में अकुशल श्रमिकों को अब 11,313 रुपये प्रति माह के बजाय 13,690 रुपये प्रति माह मिलेंगे, जबकि अर्ध-कुशल श्रमिकों को 15,059 रुपये और कुशल श्रमिकों को 16,868 रुपये न्यूनतम मजदूरी दी जाएगी। अन्य नगर निगम क्षेत्रों में संशोधित मासिक वेतन अकुशल श्रमिकों के लिए 13,006 रुपये, अर्धकुशल श्रमिकों के लिए 14,306 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 16,025 रुपये तय किया गया है। शेष जिलों में अकुशल श्रमिकों को 12,356 रुपये प्रतिमाह, अर्धकुशल श्रमिकों को 13,591 रुपये और कुशल श्रमिकों को 15,224 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। यह फैसला नियोक्ता संगठनों और श्रमिक संगठनों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया। सरकार ने कहा कि श्स्संतुलित और व्यावहारिक परिणाम के लिए सुझावों और आपत्तियों पर विचार किया गया। यह कदम सोमवार को नोएडा में फैक्टरी श्रमिकों द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है। सोमवार को हजारों श्रमिकों ने अधिक वेतन और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। जिले के कुछ हिस्सों में प्रदर्शन हिंसक हो गए थे, जिसके बाद सरकार ने स्थिति से निपटने तथा श्रमिकों और नियोक्ताओं के साथ बातचीत के लिए एक समिति गठित की थी। बयान के अनुसार, समिति बातचीत और समन्वय के माध्यम से औद्योगिक असहमति को हल करने की दिशा में काम कर रही है तथा श्रमिकों की चिंताओं को दूर करने के लिए आगे उठाए जाने वाले कदमों पर भी विचार कर रही है। इसमें कहा गया कि उद्योग बढ़ती लागत एवं निर्यात में गिरावट समेत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वहीं मजदूरी, अतिरिक्त समय काम करने पर भुगतान, सुरक्षा एवं कामकाजी परिस्थितियों को लेकर श्रमिकों की मांगें भी प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हैं। सरकार ने कहा, श्ऐसी स्थिति में उद्योग और श्रमिकों के बीच संतुलित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। उसने कहा कि नयी श्रम संहिताओं के तहत प्रावधानों का उद्देश्य उचित मजदूरी सुनिश्चित करना और श्रमिकों के हितों की रक्षा करना है। बयान में कहा गया कि सरकार जल्द गठित किए जाने वाले वेतन बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर अंतिम मजदूरी निर्धारण की प्रक्रिया शुरू करेगी।

## राजधानी में लू जैसी गर्म हवा के चले थपेड़े, इस बार बारिश के कम आसार

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सुबह से तेज धूप निकली हुई है। गर्म हवा के थपेड़े चल रहे हैं। दिनभर मौसम साफ बना रहेगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया जाएगा। दोपहर में पारा अपने अधिकतम स्तर पर पहुंच जाएगा। मंगलवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.1 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। अधिकतम आर्द्रता 59 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 15 फीसदी दर्ज की गई है। लखनऊ समेत यूपी में इस साल बारिश कम होने का अनुमान है।मौसम विभाग के ताजा दीर्घकालिक पूर्वानुमान के मुताबिक, साल 2026 में उत्तर प्रदेश में मानसून सामान्य से कमजोर रह सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार कई वैश्विक मौसम कारक बारिश को प्रभावित कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी गोलार्द्ध और यूरेशिया में सर्दियों व वसंत के दौरान बर्फका फैलाव सामान्य से थोड़ा कम रहा है। हिंद महासागर में अभी तटस्थ स्थिति है, जो मानसून के अंत तक सकारात्मक रूप ले सकती है। इसके बावजूद प्रशांत महासागर में चल रही कमजोर ला-नीना स्थिति जून तक खत्म होकर तटस्थ हो जाएगी। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि इसके बाद मानसून के दौरान अल-नीनो जैसी परिस्थितियां बनने की आशंका है, जो आमतौर पर भारत में बारिश कम करती हैं।

## बाबा साहब की जयंती पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रतिमा पर चढ़ाए फूल

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर कांग्रेस ने 14 अप्रैल को राजधानी लखनऊ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पार्टी ने दिनभर कई कार्यक्रम किए। अजय राय के नेतृत्व में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले दलित वोट बैंक को साधने का संदेश भी दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सुबह हजरतगंज चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। यहां कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में उन्होंने बाबा साहब के विचारों को याद किया। इसके बाद अजय राय प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे, जहां अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संविधान और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर चर्चा हुई। दोपहर में अजय राय गोमतीनगर स्थित अंबेडकर पार्क के पास आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां भंडारे और जनसंपर्क के जरिए आम लोगों से संवाद स्थापित किया गया। अजय राय ने नोएडा में कर्मचारियों के प्रदर्शन पर कहा सरकार जहां भी अत्याचार, अन्याय कर रही है, वहां कांग्रेस एक्टिव है। विपक्ष फेल है, कांग्रेस एक्टिव है। सरकार दमन वाली है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हजरतगंज में अंबेडकर की प्रतिमा पर फूल चढ़ाए।

## अखिलेश ने नोएडा की घटना के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार

- सीएम योगी पर कसा तंज



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने नोएडा में हुई घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसे सरकार की नाकामी बताते हुए कहा कि इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल रही और प्रशासन को पहले से जानकारी होने के बावजूद घटना को होने दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर यह कोई बड़ी साजिश है तो इसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी पर आती है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाया जाएगा और उनकी पार्टी बाबा साहब के संविधान पर आधारित समाज की स्थापना करेगी। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा नेता हार के डर से भूमिगत हो गए हैं, लेकिन जनता मिलकर उन्हें हराने और सत्ता से हटाने का काम करेगी। उन्होंने भीमराव अंबेडकर के संविधान को लोहे की तलवारष् बताते हुए कहा कि यह देश के लोगों को न्याय और सम्मान दिलाने का माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दौरान बाबा साहब की प्रतिमाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया गया है और चुनाव से पहले बजट के जरिए जनता को गुमराह करने की कोशिश की जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों, पिछड़ों और पीडीए वर्ग के खिलाफ भेदभाव जारी है, हालांकि जनता अब इन साजिशों को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा 400 से अधिक सीटें जीतने और संविधान बदलने के दावे किए गए थे, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता ने मतदान के जरिए संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है।


### सूचना

मेरी पुत्री का नगर पालिका परिषद फर्रु0 द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया था, उसमें उसका नाम काव्या कटियार KAVYA KATIYAR अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम अनवी कटियार ANVI KATIYAR है। जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम अंकित किया जाये, तथा उसकी इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। रिन्की कटियार पत्नी मोहित कुमार कटियार निवासी नेकपुर कला, फर्रुखाबाद।


## फायर ब्रिगेड ने मनाया अग्निशमन सेवा दिवस, सुरक्षा और सेवा का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज फायर स्टेशन पर मंगलवार (14 अप्रैल) को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में डीजी फायर सुजीत पांडेय ने शिरकत की और स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आपात सेवा से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। समारोह में अग्निशमन कर्मियों के साहस, समर्पण और सेवा भावना को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह दिन केवल श्रद्धांजलि का नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता का भी है। कार्यक्रम में सुरक्षा जागरूकता और जनसेवा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। डीजी फायर सुजीत पांडेय ने बताया कि अग्निशमन विभाग इस दिवस को एक सप्ताह के रूप में मनाता है। इस दौरान पूरे साल किए गए कार्यों की समीक्षा की जाती है और कर्मियों को बेहतर सेवा के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि विभाग के सभी कर्मचारी लोगों की जान बचाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में अग्निशमन विभाग को आधुनिक बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। नए उपकरण, अत्याधुनिक वाहन और उन्नत प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है, जो अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। डीजी ने कहा कि सूचना मिलने के बाद विभाग का रिस्पांस टाइम महज एक मिनट का है, यानी टीम एक मिनट के भीतर मौके के लिए रवाना हो जाती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस समय को और कम करने और जनहानि को न्यूनतम करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेशभर में अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां कर्मियों को सुरक्षा, सतर्कता और सेवा के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई गई।

# ‘संभव’ जनता का सशक्त हथियार: ए.के. शर्मा

- ऑनलाइन माध्यम से सीधे संवाद, मौके पर समाधान ,पारदर्शी शासन का प्रभावी मॉडल
- लापरवाहियों पर सख्त रुख,अधिकारियों पर गिरी गाज



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ के बहुउद्देशीय भवन मंगलम में संभव ऑनलाइन शिकायत निस्तारण प्रणाली के माध्यम से जनसुनवाई कर प्रदेश में पारदर्शी, जवाबदेह, संवेदनशील शासन का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया। इस जनसुनवाई में विभिन्न जनपदों से जुड़े 100 से अधिक शिकायतकर्ताओं उपभोक्ताओं ने सीधे मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, जिनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। संभव प्रणाली के माध्यम से शिकायतकर्ता और अधिकारी आमने-सामने जुड़ते हैं, जिससे न केवल पारदर्शिता बढ़ती है बल्कि समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब भी समाप्त होता है। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों मे लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनसुनवाई के दौरान कई गंभीर मामलों में त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बाराबंकी में अत्यधिक राशि का गलत एस्टीमेट बनाए जाने पर मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित लाइनमैन को हटाने, जेई को तत्काल निलंबित करने तथा अधिशासी अभियंता के विरुद्ध नियम 10 के तहत कार्रवाई एवं स्थानांतरण के निर्देश दिए।आजमगढ़, बरेली, आगरा सहित अन्य जनपदों में भी दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।महाराजगंज में एस्टीमेट जमा करने के बावजूद विद्युत कनेक्शन न देने पर संबंधित अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए, बरेली एवं मेरठ के मामलों में भी स्पष्ट किया गया कि उपभोक्ताओं को समयबद्ध सेवाएं देना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मंत्री ने वाराणसी के पत्रकार राजेश राय के प्रकरण में विधिक राय लेकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए, जबकि उन्नाव में स्मार्ट मीटर संबंधित बिलिंग समस्या पर विशेष ध्यान देते हुए उपभोक्ताओं को सही एवं समय पर बिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।ऊर्जा मंत्री ने झांसी, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर एवं मथुरा की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने और ठोस सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मथुरा जैसे धार्मिक एवं आस्था केंद्रों पर बिजली व्यवस्था निर्बाध एवंव्यवस्थित रहनी चाहिए। श्री शर्मा ने ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करने, शाम के समय अनावश्यक कटौती पूर्णतः बंद रखने तथा स्मार्ट मीटर से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के साथ संवाद बढ़ाकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान ही विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिकायतकर्ताओं ने ÷संभव÷ पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में अत्यंत प्रभावी और भरोसेमंद मंच बताया तथा ऊर्जा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में अध्यक्ष आशीष गोयल, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, एमडी ट्रांसमिशन मयूर माहेश्वरी, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी शंभू कुमार सहित डिस्कॉम के अधिकारी एवं सभी जनपदों के अधिकारी वर्चुअल एवं भौतिक रूप से उपस्थित रहे।


## कार्यालय-नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांक:-61/नं0पा0परि0का0/ई0नि0सू0/2025-26 दिनांक-13/04/2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में **‘स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0’** के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-पी.एम.य./1041/563 (2)/2025 लखनऊ दिनांक 18 फरवरी, 2026 द्वारा 03 टी0पी0डी0 वेट वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) के सिविल निर्माण कार्य को कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पालिका परिषद् कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदारों/फर्मो/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** के माध्यम से **दिनांक 15/04/2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 05/05/2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पालिका परिषद् कायमगंज द्वारा संचालित खाता संख्या-112333380100, IFS Code-SBIN0000661 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया कायमगंज में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी.05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् कायमगंज के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर दिनांक 05.5.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा दिनांक 05.05.2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष **www.etender.up.nic.in** पर कार्यालय नगर नगर पालिका परिषद् कायमगंज में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद् कायमगंज में निहित है। विस्तृत शर्ते, विबरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पा0परि0का0/2025-26 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 15.04.2026 10:00 A.M. |
| Date Time For Submission of E-Bids | 05.05.2026 12:00 A.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 05.05.2026 04:00 A.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive officer, Nagar Palika Parishad Kaimganj, Farrukhabad |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद**

# नगर व ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर व ग्रामीण अंचल में भारत रत्न विभूषित और संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भाव पूर्ण ढंग से उन्हें याद किया गया। मंगलवार को राजनैतिक, सामाजिक संगठनों के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एसडीएम सदानंद सरोज, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार व स्टाफ ने तहसील सभागार में बाबा साहब के चित्र पर मालाएं पहनाकर स्मरण किया। नगर के बिरियागंज स्थित अंबेडकर पर पर सांसद सदस्य अरुण कुमार सागर सहित तमाम भाजपा नेताओं और भीम आर्मी व बहुजन समाज पार्टी व सपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया। इस मौके पर सांसद श्री सागर ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने सभी को समान अवसर और समानता से जीने का अधिकार देने का जो कार्य किया वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में सीओ ज्योति यादव, कोतवाल जुगुल किशोर पाल, अरुण यादव चैनू , सुशील बाबू गुप्ता, मोहित गुप्ता, दोद राम कुशवाहा समेत तमाम लोगों ने सहभागिता की। विकासखंड क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में ब्लॉक प्रमुख कविता यादव सहित भाजपा के तमाम नेताओं ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावपूर्ण ढंग से याद किया। इसी क्रम में गांव खिरियाउदैत, हरनोखा, परसैली, दूल्हा ढकिया और गुलाम खेड़ा में भी अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## शोषितों और वंचितों के लिए समर्पित रहा बाबा साहब का जीवनः नरेन्द्र पाल

**पूर्व माध्यमिक विद्यालय में याद किये गए संविधान निर्माता बाबा साहब**




**शाहजहांपुर, जलालाबाद।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय मालूपुर मे डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जन्मदिवस पर बच्चो और शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। उसके बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान बच्चो और शिक्षको ने भीमराव अम्बेडकर के जीवन से संबंधित घटनाए और जानकारियां साझा करने के साथ आज के भारत मे उनके योगदान को याद किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने अम्बेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू नामक स्थान पर 14 अप्रैल 1891 मे हुआ। ये अपने माता पिता की चौदहवीं संतान थे। अम्बेडकर ने आर्थिक तंगी के बाबजूद भी अपनी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया और उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने सदैव गरीब दलित और वंचित लोगो के लिए काम किया। इस दौरान राम शंकर सिँह, संभुदयाल, मोहनलाल, प्रेमपाल, करन, मो.आगाज, ललित भारती, सुरजीत, अंशिका सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** मुड़िया पमार गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने एकत्र होकर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उन्हें नमन किया। इस दौरान राजेश गुप्ता ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के कमजोर, दलित और वंचित वर्ग के लोगों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया और उन्हें समाज में सम्मान दिलाने का कार्य किया। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम के दौरान गांव के अनेक लोग उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर जयंती को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मौजूद रहे विश्वनाथ, महिपाल, अरविंद गौतम, नरपति, मटरु, बाबूराम, रामनरेश, रामप्रताप, रामकेशन आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**



सिंधौली क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में मंगलवार 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर मनाई गई। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने शिक्षकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहब ने अपनी पूरी जिंदगी अछूतों वंचित वर्ग एवं अल्पसंख्यकों एवं मजदूर वर्ग के लोगों के उत्थान में लगा दी।उन्होंने न सिर्फ शिक्षा की अलख जगाई बल्कि भारत में महिलाओं की शिक्षा के स्तर पर बहुत बड़ा सुधार करते हुए उन्हें सामाजिक आर्थिक राजनीतिक हक भी दिलाने का काम किया बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने ऐसे समय में शिक्षा ग्रहण की जब दलित पिछड़ों एवं आदिवासियों का शिक्षा का अधिकार नहीं था उन्होंने पानी के लिए आंदोलन किया उस समय जानवरों को तालाब से पानी पीने दिया जाता था परंतु दलित वर्ग के अछूत लोगों को तालाब से पानी नहीं लेने दिया जाता था सोती कौम को जगाने वाले मान्यवर भीमराव अंबेडकर ने अपना सब कुछ न्योछावर कर भारतीय दलित समाज के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आंवला सांसद ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में मंगलवार को आंवला लोकसभा क्षेत्र से सांसद नीरज मौर्य ने जलालाबाद मुख्य चौराहे पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पहुँचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और माल्यार्पण किया। उन्होंने प्रतिमा के समक्ष नमन करते हुए समाज के उत्थान के लिए बाबा साहब के योगदान को याद किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष संजीव गुप्ता, डॉ नरेंद्र कुमार, अमन पाण्डेय, श्यामलाल सागर, सौरभ कुशवाहा, मोहम्मद तारिक, महेश कुशवाहा, सत्यम गुप्ता, कमलेश मौर्य, रिजवान अली आदि मौजूद रहे।

# जयंती पर याद किए गए संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सामाजिक न्याय के अग्रदूत, संविधान शिल्पी 'भारत रत्न' बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर नगर मोहल्ले में माल्यार्पण कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता कवि प्रदीप वैरागी ने कहा कि उन्होने शिक्षा को परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाकर वंचितों, श्रमिकों और किसानों को अधिकार दिलाते हुए समता, न्याय और मानव गरिमा की अटूट आधारशिला रखी।

उनका संघर्षमय जीवन आज भी कर्तव्य, समर्पण और राष्ट्रसेवा का मार्ग आलोकित करता है। भाजपा नगर अध्यक्ष ने अर्पित गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि बाबासाहेब के समता, न्याय और बंधुत्व के आदर्शों को 'पंचतीर्थ' जैसे प्रेरक प्रयासों और जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाकर उन्हें व्यवहार में उतारा जा रहा है। एडवोकेट सुबोध कनैजिया ने कहा कि भाजपा का समावेशी एवं सर्वस्पर्शी विकास का दृष्टिकोण करोड़ों वंचितों के जीवन में नई आशा और अवसरों का संचार कर रहा है।



इससे पूर्व एआरपी वीरपाल के निगोही रोड स्थित आवास पर भी बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री मंजू आनंद नगर अध्यक्ष अर्पित गुप्ता गुप्ता, बिजेंद्र प्रजापति अंग्रेज सिंह, विशाल त्रिवेदी अमित श्रीवास्तव, सुबोध कनौजिया, दिनेश चंद्र रोहित सोनी, कवि प्रदीप वैरागी पुनीत शर्मा, गुड्डू, बबली सिंह, पवन भारद्वाज, दिनेश कुमार, संजीव शुक्ला, रामकिशोर त्रिपाठी, मिथिलेश आनन्द, राजेश बाबू, कार्यक्रम संयोजक और नगर महामंत्री मदनपाल आदि उपस्थित रहे।

# बाबा साहब को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया नमन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर निगम द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ नमन किया गया। कार्यक्रम में महापौर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके महान योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। इस दौरान बाबासाहेब के विचारों, समानता, न्याय और सामाजिक सशक्तिकरण को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। उनके सिद्धांत आज भी समाज को एक सशक्त, समावेशी एवं प्रगतिशील दिशा प्रदान करते हैं। नगर निगम ने इस अवसर पर यह संकल्प दोहराया कि वह शहर के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सामाजिक समानता और जनकल्याण के मार्ग पर निरंतर कार्य करता रहेगा।

# सर्वप्रथम महिलाओं को राजनीतिक अधिकार प्रदान कराने का श्रेय बाबा साहब कोः डॉ. एसके सिंह

**▸ एसएस ला कालेज में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर हुई विचार गोष्ठी**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी शुकदेवानन्द विधि महाविद्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) एस. के. सिंह विधि संकाय अध्यक्ष, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, प्रो. (डॉ.) जयशंकर ओझा, प्राचार्य, वरिष्ठ विधि प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अशोक कुमार एवं डॉ. प्रेम सागर मंचस्थ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि करके किया गया। प्रियंक कुमार वर्मा, अमित सैनी, शिवओम शर्मा विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के छात्र रिंकल गुप्ता एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित कुमार यादव ने किया। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. एस. के. सिंह ने बताया कि डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर महिला सशक्तिकरण के सच्चे अग्रदूत थे। उनका दृढ़ मानना था कि मैं किसी समुदाय की प्रगति को, उस समाज की महिलाओं की प्रगति से मापता हूँ। उनके लिए लैंगिक समानता के बिना सच्चा लोकतंत्र संभव नहीं था, और इसी दृष्टि ने उनके हर प्रयास को दिशा दी। उन्होने महिलाओं को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करते हुए, समानता की आधारशिला के रूप मे भारतीय संविधान के अनुच्छेद-14 में विधि के समक्ष समानता, अनुच्छेद 15 में धर्म,



जाति, लिंग आधार पर भेदभाव का निषेध, और अनुच्छेद 16 के अन्तर्गत रोजगार में अवसर की समानता जैसे प्रावधानों के माध्यम से उन्होंने महिलाओं को मौलिक अधिकार दिलाने की नींव रखी। साथ ही संविधान निर्माता के रूप विश्व मे सर्वप्रथम भारत की महिलाओं को राजनीतिक अधिकार के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में उदाहरण प्रस्तुत किया। प्राचार्य, प्रो. डा. जयशंकर ओझा ने कहा कि संसद के सदस्य के रूप में, उन्होंने कारखानों में काम करने वाली महिलाओं के लिए न केवल सवेतन मातृत्व अवकाश का समर्थन किया, बल्कि समान काम के लिए समान वेतन जैसे अधिकारों की भी वकालत की। अम्बेडकर जी शिक्षा को मुक्ति का सबसे प्रभावी हथियार मानते थे। उन्होंने पिछडे और वंचित वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति और छात्रावासों की सुविधा शुरू की। इसके अलावा, उन्होंने 'मूकनायक' और 'बहिष्कृत भारत' जैसे अखबारों के माध्यम से पिछडे और वंचित वर्गों में चेतना जागृत करने का काम किया। डॉ. पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रारूप समिति के अध्यक्ष और प्रथम विधि मंत्री के रूप में देश का कानूनी ढांचा भी तैयार किया। हिन्दू कोड बिल पेश कर उन्होंने महिलाओं को संपत्ति, विवाह, तलाक में समान अधिकार दिलाने की कोशिश की, जिसके विरोध के चलते उन्होंने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विशेषता यह थी कि वे केवल कानून के शब्दों तक सीमित नहीं थे, बल्कि उसके पीछे निहित सामाजिक उद्देश्य को समझने और उसे लागू करने पर विशेष बल देते थे। इसी व्यापक और मानवतावादी दृष्टिकोण के कारण आज भी अनेक विधि महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा कानूनी सहायता केंद्रों का नाम उनके सम्मान में रखा जाता है, जो उनके विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के छात्र रिंकल गुप्ता ने कहा कि सामाजिक न्याय की आधुनिक भारतीय अवधारणा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों से गहराई से प्रभावित है। उनके अनुसार, सामाजिक न्याय केवल कानूनी समानता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे समाज के निर्माण का लक्ष्य रखता है, जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, गरिमा और समान अवसर प्राप्त हो। उन्होंने आगे कहा कि भीमराव रामजी अम्बेडकर की दृष्टि के केंद्र में 'समानता, स्वतंत्रता और बंधुता' के मूल सिद्धांत थे, जिन्हें उन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना में स्थापित कर देश के लोकतांत्रिक ढांचे को एक सशक्त आधार प्रदान किया।

# बाबा साहब अंबेडकर ने देश को सामाजिक समानता का रास्ता दिखाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती जनपद बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर व माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और संविधान निर्माण के समय किए गए संकल्प पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देश को सामाजिक समानता का रास्ता दिखाया। उन्होंने विज्ञान और तकनीक के जरिये देश के विकास का सपना देखा था। हम सम्मान से उन्हें बाबा साहब कहते हैं। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एक महान भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने भारत के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। एमएलसी अमित यादव ने कहा कि बाबासाहब अंबेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाजसुधारक थे उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। इस मौके पर पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा नेता लखन प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती पर रेडक्रॉस ने बांटे वस्त्र

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जरूरतमंद लोगों को दैनिक उपयोग के वस्त्र वितरित किए गए। यह कार्यक्रम रेड क्रॉस कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों और रेडक्रॉस के सिद्धांतों के बीच गहरी समानता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता मानवाधिकार न्याय और गरिमा की स्थापना पर जोर दिया, वहीं रेडक्रॉस भी बिना भेदभाव के मानव सेवा करुणा और सहायता के सिद्धांतों पर कार्य करता है। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरित किए गए, रेड क्रॉस के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी



निरंतर जारी रहेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जोहरी ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और संस्था इसी भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से समाज सेवा के कार्यों में सहयोगी भूमिका में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में बालकृष्ण पांडे, ब्रजेश गुप्ता, मीनू मिश्रा, रामकुमार वर्मा, नेत्र दिव्यांग विनोद कल्लू और रेशमा, राजकुमार, सुनीत और अजीता सहित समस्त विकास खंडों से सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# हॉकी और फुटबॉल के रोमांचक मुकाबले खेले गए

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अंबेडकर जयंती एवं बैसाखी के अवसर पर सेंट पॉल्स कैंपस और जी.एफ कॉलेज ग्राउंड में दो खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हॉकी और फुटबॉल के रोमांचक मुकाबले खेले गए। हॉकी मैच सेंट पॉल्स इंटर कॉलेज और स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बराबरी पर रहीं।

दूसरा मुकाबला फुटबॉल का रहा, जिसमें सेंट पॉल्स स्कूल और एकता क्लब कैंट की जूनियर एवं सीनियर टीमों ने भाग लिया। इन मुकाबलों में सेंट पॉल्स की जूनियर टीम ने एक मैच में जीत हासिल की, जबकि दूसरे मैच में दोनों टीमें 2-2 गोल की बराबरी पर रहीं। इन प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में सेंट पॉल्स स्कूल के खेल शिक्षक मोहम्मद रहमानी खान, एकता क्लब के प्रबंधक गजेंद्र गंगवार तथा खेलो इंडिया अकादमी के कोच शकील का विशेष योगदान रहा।

## शराब के पैसे नहीं दिए तो कर दी पिटाई

**तिलहर-शाहजहाँपुर।** शराब के लिए पैसे की मांग पूरी न होने पर तीन युवकों ने एक युवक को लाठी व रॉड से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के मोहल्ला नीतगंजा निवासी इरफान पुत्र उसमान ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 10 अप्रैल रात करीब साढ़े नौ बजे वह यूपी 27 ढाबे पर काम करके घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते मे चीकू वाले बाग के निकट जैनुल पुत्र अफजाल, फरमान पुत्र खुन्डा, शाहरूख पुत्र नामालूम ने उसे रोककर गाली देते हुए शराब के लिये पैसे मांगे। मना किया तो उन लोगो ने लाठी एवम लोहे की राड से मार पीट शिरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। जाते हुए हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल कराया है।

# पेंशन घोटालाः आरोपी की 15.50 लाख की संपत्ति कुर्क

**▸ शाहजहांपुर व लखनऊ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दो वाहन किए सीज**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

वृद्धावस्था पेंशन घोटाले में फरार आरोपी के खिलाफ शाहजहांपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी अवैध संपत्ति को कुर्क कर लिया है। शाहजहांपुर और कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी से अर्जित करीब 15 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के दो वाहनों को सीज कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व समाज कल्याण अधिकारी शाहजहांपुर राजेश कुमार पुत्र केदारराम निवासी ग्राम तुलसीपुर कुडवा, थाना मोहम्मदाबाद गोहना, जनपद मऊ ने संगठित गिरोह बनाकर वृद्धावस्था पेंशन योजना में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया था। जांच में सामने आया कि आरोपी ने करीब 2 करोड़ 52 लाख 39 हजार रुपये की सरकारी धनराशि में हेराफेरी कर अवैध संपत्ति अर्जित की। मामले में जिलाधिकारी शाहजहांपुर के आदेश 4 फरवरी 2026 के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्ति की पहचान करते हुए महिंद्रा एक्सयूवी 500 और महिंद्रा बोलेरो को कुर्क कर थाना परिसर में दाखिल करा दिया है। गौरतलब है कि आरोपी के खिलाफ थाना सदर बाजार में गैंगस्टर एक्ट सहित धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश की धाराओं में पहले से ही मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी जांच जारी है और आरोपी की अन्य अवैध संपत्तियों को भी चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।



## खबरें एक नजर में

### चाट ठेले पर ग्राहक बुलाने को लेकर चले लाठी डंडे, पिता पुत्र समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** चाट के ठेले से ग्राहक बुलाने का विरोध करने पर पिता पुत्रों ने दूसरे ठेले वाले का सिर फोड़ा , हाथ तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी सोमपाल पुत्र बनवारी लाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह भक्सी तिराहे पर चाट का ठेला लगा कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उसके पास ही राजेश रठौर भी चाट का ढेला लगाता है। जिससे राजेश उससे पहले से रंजिश मानता है। आरोप है कि 11 अप्रैल की शाम करीब साढ़े छह बजे राजेश राठौर ने उसके ढेले से ग्राहक बुला लिये। कहने पर राजेश गाली गिलौच करने लगा विरोध करने पर उसे व उसके बेटे वीरेश को राजेश राठौर, कमल, अभय राठौर ने लाठी डण्डा से हमला कर घायल कर दिया। जिससे उसका सिर फूट गया गया और हाथ टूट गया। लेकर मारने पीटने करने लगे प्रार्थी के सिर में चोट आई प्रार्थी के पुत्र वीरेश कश्यप के सिर व हाथ टूट गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है।

### बालिग, नाबालिग बेटियों की जबरदस्ती शादी के विरोध में मौसी ने दी तहरीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** वहन की मौत के बाद उसकी बालिग, नाबालिग दो बेटियों की उनकी बिना मर्जी के जबरदस्ती किए जाने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने बहनोई व उसके भाई व भाभी के खिलाफ तहरीर दी है। पश्चिम बंगाल के जिला नदिया के थाना कुल्लानी के आनंद नगर निवासी अर्चना ने पुलिस को बताया कि उसकी वाहन की वर्ष 2003 में तिलहर क्षेत्र के गांव बथुई अक्का निवासी कुंदन पुत्र नोखे के साथ हुई थी। जिसके दो बेटियां 21 व 17 की है। उसकी वहन की मौत हो चुकी है। आरोप है कि बहनोई कुंदन उसका भाई व भाभी दो बेटियों की जबरदस्ती उनकी मर्जी के बिना शादी करना चाहते हैं। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि बालिग बेटी की शादी को नहीं रोक जा सकता , जबकि नाबालिग बेटी की शादी उसके बालिग होने तक नहीं की जा सकती। उन्हें कहा कि जांच कराए जाने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

### मिर्जापुर में ब्राह्मण समाज ने मनाई महान गणितज्ञ पंडित आर्यभट्ट की जयंती



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** कस्बे में पत्रकार शिवशंकर दीक्षित के प्रतिष्ठान पर ब्राह्मण समाज के युवाओं ने महान गणितज्ञ आचार्य पंडित आर्यभट्ट की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर दीक्षित ने आर्यभट्ट को विश्व का सबसे बड़ा गणितज्ञ बताते हुए कहा कि आज राजनैतिक दलों ने ब्राह्मणों के महापुरुषों को एक तरह से भुला ही दिया है। लेकिन अब ब्राह्मण जागरूक हो रहे हैं। अब ब्राह्मण समाज अपने महापुरुषों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेगा। पत्रकार शैलेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि आज हम उस महान विभूति आचार्य पंडित आर्यभट्ट को याद कर रहे हैं, जिन्होंने सदियों पहले दुनिया को बताया कि पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है। यही नहीं पंडित आर्यभट्ट ने ही दुनिया को शून्य की शक्ति और पाई का सटीक मूल्य का ज्ञान दिया। उन्होंने मात्र 23 वर्ष की आयु में महान आर्यभटीय ग्रंथ की रचना करके विश्व को अंकगणित,बीज गणित और त्रिकोणमिति के सिद्धांतों से अवगत करवाया। फिर भी हमारे देश के राजनेताओं ने विश्व के इस महान गणितज्ञ को पूरी तरह उपेक्षित कर दिया है। जिसे ब्राह्मण समाज अब बर्दाश्त नहीं करेगा। इस अवसर पर सौरभ पांडेय, गौरव पालीवाल, मनोज पांडेय, राकेश पालीवाल, राजीव कुमार, अतुल गुप्ता, विनोद कुमार दीक्षित उर्फ लाला, अंशुल शुक्ला, शिवम पाण्डेय, त्रिलोकीनाथ पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, विशाल पाण्डेय, अवनीश दीक्षित, मुकेश दीक्षित, नित्यप्रकाश पाण्डेय, विमलेशचंद्र पाठक, शिवप्रसाद पाण्डेय, गणेश मिश्रा, नारायण देव मिश्र,राजीव दीक्षित व प्रेमशंकर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### बैलगाड़ी हटाने को लेकर हुई मारपीट

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मामूली विवाद को लेकर युवक ने कुछ लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवदासपुर निवासी धर्मेंद्र सिंह यादव ने पिस को बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैलगाड़ी से गेहूं उतार रहा था। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर आया और उसने पांच मिनट में बैलगाड़ी हटाने की हिदायत दी। इसी बात पर विवाद हो गया। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक ने और साथियों को बुला लिया और उसके साथ व बैलगाड़ी मालिक विष्णु के साथ मारपीट कर गर्दन दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### लोनिवि का कारनामाः लाखों की लागत से बनी सड़क एक महीने में ही उखड़ने लगी

**पूरनपुर, पीलीभीत।** जगतपुर जमुनिया गांव में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) द्वारा कराए गए सड़क निर्माण में घोर लापरवाही और घटिया गुणवत्ता का मामला सामने आया है। मात्र एक महीने पहले लाखों रुपये की लागत से बनाई गई



सड़क अब उखड़ने लगी है, जिससे ग्रामीणों में गुस्सा फैल गया है। ग्रामीणों के अनुसार, सुखचेन सिंह के फार्म के पास स्थित सड़क का निर्माण लगभग एक माह पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। निर्माण के दौरान गुणवत्तापूर्ण सामग्री का इस्तेमाल नहीं किए जाने के कारण सड़क इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क पर पड़ी गड्ढों और उखड़ी हुई सतह को देखकर यह साफ झलकता है कि ठेकेदार ने घटिया मटेरियल का उपयोग किया है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हुए सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता की ठेकेदार से मिलीभगत के कारण ही सड़क का निर्माण गुणवत्ताविहीन तरीके से कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इसी मिलीभगत के चलते लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद सड़क एक महीने में ही बेकार हो गई। अब हम उच्च अधिकारियों से मांग करते हैं कि जेई और ठेकेदार दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी गुणवत्ताविहीन निर्माण न करा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो वे उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने को मजबूर होंगे। यह मामला लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। उच्च अधिकारियों को इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

# सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद भड़के परिजन

- गुस्साए परिजनों ने हाईवे पर शव रखकर लगाया जाम

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**





जलालाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार रात हुए एक दर्दनाक हादसे ने मंगलवार को उग्र प्रदर्शन का रूप ले लिया। गंगा एक्सप्रेसवे के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से 32 वर्षीय युवक संजय प्रजापति की मौत के बाद, मंगलवार दोपहर परिजनों ने पुलिस पर गंभीर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों का सीधा आरोप है कि पुलिस ने घटना में शामिल ट्रैक्टर को पकड़ने के बाद उसे छोड़ दिया। पुरैना गांव निवासी संजय प्रजापति (32) मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह जलालाबाद के बारहपत्थर चौराहे पर एक मौरंग-बजरी की दुकान पर ट्रैक्टर चलाते थे। सोमवार रात करीब 7:30 बजे वह अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी ककरहा गांव के पास एक अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें रौंद दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान संजय ने दम तोड़ दिया। संजय अपने दो भाइयों में बड़े थे और उनकी मौत से घर का चिराग बुझ गया है।

> मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ट्रैक्टर का पता लगाया जा रहा है। परिजनों के आरोपों की जांच होगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> -अजय कुमार राय, सीओ जलालाबाद

### हाईवे पर घंटों लगा रहा जाम, राहगीर हुए परेशान

मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, कोहराम मच गया। पुलिस की कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने शव को हाईवे पर रख दिया। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक आरोपी चालक की गिरफ्तारी नहीं होती और छोड़े गए ट्रैक्टर को वापस कब्जे में नहीं लिया जाता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं होगा। सूचना मिलते ही थाना जलालाबाद थाना कांट थाना अल्लाहगंज की पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं हुए। जिसके चलते घंटो रहागीर जाम में फंसे रहे। फिलहाल सुचना पर क्षेत्राधिकार जलालाबाद अजय कुमार राय भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर जाम को खुलवाया।

### पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

मृतक के भाई अनुज कुमार ने मीडिया के सामने पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े किए। अनुज का दावा है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर की पहचान हो गई थी, लेकिन पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेने के बजाय रफा-दफा कर दिया। इसी बात को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

## जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार



**मदनापुर, शाहजहांपुर।** मदनापुर पुलिस टीम द्वारा जानलेवा हमले के अभियोग में वांछित 2 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। छह मार्च को वादी द्वारा थाना मदनापुर में दी गई लिखित तहरीर के आधार पर उपेन्द्र सिंह पुत्र रोहन सिंह आदि 8 नफर द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर वादी व वादी के पिता के साथ गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से हमला करना, जिससे वादी व वादी को गम्भीर चोट आना तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था। 14 अप्रैल को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त रामसरन पुत्र रोहन सिंह, अशोकपाल सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी नयागांव नरायनपुर थाना मदनापुर को मुखबिर की सूचना पर गुलेला खेडा चौराहा कांट रोड मदनापुर से समय 12.39 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## नहर से युवक का सड़ा-गला शव बरामद

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना सिधौली क्षेत्र में सोमवार 13 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे नहर से एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के गांवों के लोगों को बुलाया गया। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए और फिंगरप्रिंट लिए। जानकारी के अनुसार गरगैया और रखिया गांव के बीच स्थित घाटबोझ रजवाहा नहर में एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक ने लाल रंग की टी-शर्ट और हरा लोअर पहन रखा था। बताया जा रहा है कि पास में ही कुछ लोग रैपर से भूसा बना रहे थे। काम के दौरान कुछ लोग थोड़ी दूर पर बैठकर आराम करने लगे, तभी उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई। आसपास देखने पर नहर में शव दिखाई दिया, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और शव की पहचान के प्रयास किए। इसी दौरान थाना निगोही क्षेत्र के गुलरिया चकझाऊ गांव निवासी रामसुदार मौके पर पहुंचे और शव की पहचान अपने 19 वर्षीय बेटे आकाश के रूप में की। परिजनों के अनुसार आकाश 8 अप्रैल से लापता था। वह सिधौली क्षेत्र के कटिया बुजुर्ग गांव के पास स्थित पारस ब्रिक फील्ड भट्टे पर अपने परिवार के साथ काम करता था और बिना बताए कहीं चला गया था। इस संबंध में पिता द्वारा निगोही थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी।

कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नगर कीर्तन में गतका पार्टी ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

- शुभारंभ मकसूदापुर गुरुद्वारे से हुआ

**बंडा, शाहजहांपुर।**



क्षेत्र में बैसाखी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मकसूदापुर स्थित गुरुद्वारे से बाबा प्रेम सिंह की अध्यक्षता में खालसा साजना दिवस के अवसर पर एक विशाल नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में सिख संगत ने शिरकत की। नगर कीर्तन का शुभारंभ मकसूदापुर गुरुद्वारे से हुआ। यह भव्य यात्रा क्षेत्र के विभिन्न गाँवों जैसे अजमतपुर, बंडा, मोहिउद्दीनपुर, काला बोझ, नवदिया बंकी, गहलुइया, बरीबरा, खपटा झाला, शीतलपुर और मरौरी खास से होते हुए बिलसंडा पहुँची। बिलसंडा में संगत के स्वागत के बाद यात्रा पुनः मकसूदापुर गुरुद्वारे पर पहुँचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान बंडा के मुख्य चौराहे पर माहौल बेहद भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहा। यहाँ विशेष रूप से आए बाबा विधिचंद गतका अखाड़ा सुर सिंह पंजाब की गतका पार्टी के कलाकारों ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाए, जिसे देखकर लोग दंग रह गए। कलाकारों के प्रदर्शन को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ जमा रही। गुरुद्वारा प्रबंधन टीम ने बताया कि नगर कीर्तन की समाप्ति के बाद रात में विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें पंजाब से आए रागी और जत्थे गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। इस दौरान गुरचरण सिंह, जगजीत सिंह, दविंदर सिंह, लखविंदर सिंह, बूटा सिंह, सतनाम सिंह, अजायब सिंह, मेजर सिंह, रसाल सिंह, जसविंदर सिंह, जसपाल सिंह, सुरजीत सिंह, निंदर सिंह आदि का सहयोग रहा।

## कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहेः ललिता

**शाहजहांपुर।** लायंस क्लब शक्ति शाहजहांपुर की ओर से आज डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती पर लोगों को बस्तियो में जाकर जागरूक किया गया। लायंस क्लब अध्यक्ष शिक्षिका लायन ललिता यादव ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सूक्ष्म जलपान कराकर उनके सिद्धांतों को बताकर लोगों को जागरूक किया। लायन ललिता यादव ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया। क्योंकि सरकार की तरफ से भी कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं की सभी बच्चे विद्यालय जाएं, इसी के तहत उन्होंने वहां पर रहने वाले सभी लोगों से अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए कहा, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।



उन्होंने न पढ़ने वाले कई बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी और खर्चा उठाने का आश्वासन दिया। वहां पर रहने वाले कई अभिभावकों ने अपने बच्चों का एडमिशन कराने के लिए तैयार हो गए। कार्यक्रम में लायन ललिता यादव, लायन खुशी, लायन गौरी आदि मौजूद रही।

### कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली में भीषण टक्कर, कई घायल, मची अफरा-तफरी

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। रौतापुर कला गांव के मोड़ के पास नेशनल मार्ग पर तेज रफ्तार कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार लोग बुरी तरह घायल हो गए, वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गेहूं से भरे बोरे लदे थे, जिन पर बैठे मजदूर भी हादसे की चपेट में आ गए। टक्कर के बाद कई मजदूर बोरों के नीचे दब गए, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का



माहौल बन गया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष श्याम वीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। कुछ घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हादसे के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती



**मदनापुर, शाहजहांपुरख समृद्धि न्यूज़।** मंडल के नवादा रुद्रपुर और नरायनपुर पट्टी करमू में बाबा साहब की जन्म जयंती के अवसर पर ददरौल भाजपा विधायक अरविंद कुमार सिंह ने पहुंचकर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण कर नमन किया।साथ में मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ब्लॉक प्रमुख महेशपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय चौहान मंडल महामंत्री सचिन चौहान दीपू, सरोज कुमार शुक्ला प्रदीप मिश्रा राहुल सिंह प्रधान नवादा रुद्रपुर पवन पाल सनी सिंह अनूप सिंह दीपक गुप्ता ललित कश्यप पुरुषोत्तम मौर्य संजीव सागर बालक राम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त गिरफ्तार

**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, वाछित व वारण्टी अभिक्तगणो की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में थाना कलान पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई है। 6 मार्च 2026 को थाना कलान पर वादिनी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष को अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम लालपुर ढका थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया।प्रकरण के संबंध में थाना कलान पर मुअसं-63/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता/अपहृता के बयान अंतर्गत धारा 180 व 183 बीएनएसएस तथा शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर मुकदमे में धारा 87/64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र श्याम सिंह की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त धर्मेन्द्र को आँधीदेई तिराहे से आँधीदेई जाने वाली सड़क पर समय करीब 11:46 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम ने उपनिरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय, कांस्टेबल गौरव तोमर, जितेन्द्र आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## बहादुरगंज के न्यू यू शोरूम में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- अभी कुछ माह पूर्व ही शोरूम का वित्त मंत्री ने किया था उद्घाटन



थाना सदर बाजार क्षेत्र के बहादुरगंज स्थित न्यू यू शोरूम में सोमवार को शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक भीषण आग लग गई।जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें उठते ही आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर बामुश्किल काबू पाया गया। आग की चपेट में आने से शोरूम में रखा सामान जलकर राख हो गया। जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना के दौरान शोरूम के स्टाफ का रो-रोकर बुरा हाल रहा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वही आग लगने के कारण जानने के लिए भी लोग मौके पर जमा हो गये, जिस कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को वहां से जाने के लिए कहा। सीओ फायर ने भी मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट ली। उन्होंने आग लगने से हुए नुकसान का आकलन किया है। प्रथम दृष्टया आग लगने के पीछे का कारण शार्टसर्किट बताया जा रहा है।

### नाजायज तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुलिस ने एक अभियुक्त को नाजायज तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसकेबाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सोमवार की शाम लगभग 6 बजे पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव पुरैना के शमशान को जाने वाली रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम संदीप शुक्ला पुत्र सत्य प्रकाश शुक्ला निवासी गांव कटका बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज तमंचा तथा दो कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस उसे कोतवाली ले आई। जिसके बाद मंगलवार को अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## आईआईटी इंजीनियर बेटा घर से हुआ लापता

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- घर पर ऑनलाइन कर रहा था सिविल सर्विस की तैयारी
- ग्राम पंचायत अधिकारी पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी, पुलिस टीम गठित, सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी

बॉम्बे आईआईटी से इंजीनियरिंग पास आउट और सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा अभिनव वर्मा अचानक घर से लापता हो गया। उसके ग्राम पंचायत अधिकारी पिता राकेश वर्मा ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बेटे का लिखा हुआ एक पत्र भी पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। लेकिन दूसरे दिन भी अभिनव का कोई सुराग नहीं लग सका है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव तालबीपुर दयूरिया निवासी राकेश वर्मा पुत्र श्यामलाल वर्मा नगर के मोहल्ला सैयदबाडा में मकान बनाकर रह रहे हैं। उनकी कलान ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनाती है। जबकि उनकी पत्नी मीनाक्षी वर्मा शेरगढ़ जूनियर हाई स्कूल में शिक्षिका हैं। उनके दो बेटे हैं बड़ा बेटा अनुभव वर्मा है जिसने आई आई टी बॉम्बे से वर्ष 2024 में इंजीनियरिंग पास आउट की थी। वर्तमान में वह घर रहकर ऑनलाइन कोचिंग लेकर सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा था। जबकि छोटा बेटा अंशुमान वर्मा कोटा राजस्थान में रहकर



नीट की तैयारी कर रहा है। अनुभव सोमवार को अचानक घर से लापता हो गया। इसकी जानकारी तब हुई जब मीनाक्षी अपरान्ह ड्यूटी से घर पहुंचीं । तो छोटा गेट खुला था और घर से अनुभव लापता था। पत्नी की सूचना मिलते ही राकेश वर्मा कलान से तिलहर पहुंचे। राकेश वर्मा ने बताया कि रिश्तेदारियों में जानकारी की। अनुभव की कोई जानकारी न मिलने पर उन्होंने कोतवाली में बेटे की गुमशुदगी की तहरीर दी। पीड़ित पिता ने बताया कि अनुभव के लौटा होने की खबर मिलने पर छोटा बेटा अंशुमान भी कोटा से मंगलवार को दिल्ली आ गया। राकेश वर्मा ने बताया कि अनुभव अक्सर कुछ लिखता रहता था। जिसमें उसने अपनी पढ़ी में प्रेशर होने और छोटे भाई को अपनी आजादी से कुछ भी करने की नसीहत लिखी थी। वह पत्र भी पुलिस को सौंप दिया है। पीड़ित पिता के मुताबिक अनुभव मोबाइल, आधार कार्ड भी साथ नहीं ले गया है। जिससे अनिष्ट की आशंका से पूरा परिवार व्यथित है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि पुलिस की एक टीम गठित कर युवक की तलाश में लगाई गई है। फिलहाल पुलिस घर से हाइवे आदि जाने भले रास्तों के सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है।

## रील, व्लॉग और बकवास

आज के समय में अगर कोई सबसे तेजी से फैलने वाली चीज है तो वह है–बकवास। फर्क बस इतना है कि अब यह बकवास चाय की दुकानों या चौपालों तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन पर सजकर रील और व्लॉग के नाम से पूरे समाज में ब्रॉडकास्ट हो रही है। एक समय था जब युवा अपने सपनों के लिए जागते थे। आज वे नोटिफिकेशन के लिए जागते हैं। पहले लक्ष्य तय होते थे, अब ट्रेंड तय होते हैं। पहले मेहनत पर ताली बजती थी, अब बकवास पर लाइक और शेयर मिलते हैं। यही वह बदलाव है, जिसने युवा पीढ़ी को धीरे-धीरे एक ऐसी दिशा में धकेल दिया है, जहां शोर तो बहुत है, लेकिन सार बिल्कुल नहीं। रील और व्लॉग जो मूल रूप से रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के माध्यम हो सकते थे, आज एक ऐसी दौड़ का हिस्सा बन चुके हैं, जहां गुणवत्ता नहीं, बल्कि वायरल होना सबसे बड़ा लक्ष्य है। इस दौड़ में कंटेंट नहीं, कंटेंट का शोर मायने रखता है। जितना ज्यादा विचित्र, जितना ज्यादा सनसनीखेज, उतनी ही ज्यादा लोकप्रियता। ऐसे में गंभीरता, संवेदनशीलता और ज्ञान जैसे शब्द धीरे-धीरे हाशिये पर चले जाते हैं। युवा पीढ़ी का एक बड़ा हिस्सा आज कंटेंट क्रिएटर बनने की होड़ में है, लेकिन यह कोई नहीं सोच रहा कि वे क्या बना रहे हैं और क्यों बना रहे हैं। कैमरा ऑन होते ही अभिनय शुरू हो जाता है और कैमरा ऑफ होते ही वास्तविकता का खालीपन सामने आ जाता है। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां दिखावा ही असली पहचान बन चुका है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस बकवास को अब सामान्य और स्वीकार्य मान लिया गया है। जो जितना अधिक समय स्क्रीन पर बिताता है, उसे उतना ही अपडेटेड माना जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि यह अपडेट नहीं, बल्कि एक प्रकार की मानसिक थकान और दिशाहीनता है। आज का युवा घंटों यह सोचने में लगा रहता है कि अगली रील में क्या दिखाना है, लेकिन यह सोचने का समय नहीं निकालता कि जीवन में क्या करना है। यह विडंबना ही है कि जिस पीढ़ी के पास सबसे अधिक संसाधन हैं, वही सबसे अधिक भ्रमित और बिखरी हुई दिखाई देती है। यह समस्या केवल समय की बरबादी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोचने की क्षमता को भी प्रभावित कर रही है। लगातार छोटे-छोटे वीडियो देखने की आदत ने ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कमजोर कर दिया है। गहराई से सोचने, पढ़ने और समझने की प्रवृत्ति कम होती जा रही है। व्लॉग और रील्स के इस दौर में एक और खतरनाक प्रवृत्ति उभरकर सामने आई है–दूसरों की नकल। मौलिकता की जगह कॉपी-पेस्ट ने ले ली है। कोई ट्रेंड चल पड़ा, तो हर कोई उसी को दोहराने लगता है। इस प्रक्रिया में न तो कुछ नया पैदा होता है और न ही कोई सार्थक संदेश जाता है। बस एक जैसी बकवास का अंबार लग जाता है। समाज पर इसका प्रभाव भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। संवाद की जगह प्रदर्शन ने ले ली है। लोग अब जीने से ज्यादा दिखाने में विश्वास करने लगे हैं। हर छोटी-बड़ी घटना को कैमरे में कैद करना जरूरी हो गया है. चाहे वह निजी हो या संवेदनशील। यह प्रवृत्ति न केवल निजता को खत्म कर रही है, बल्कि संवेदनाओं को भी कमजोर बना रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जहां बकवास एक उद्योग बन चुका है। इसमें समय भी लग रहा है, पैसा भी लग रहा है और सबसे बड़ी बात युवा पीढ़ी की ऊर्जा भी लग रही है। लेकिन इसके बदले में क्या मिल रहा है? कुछ लाइक्स, कुछ फॉलोअर्स और एक झूठी संतुष्टि, जो कुछ ही पलों में खत्म हो जाती है।

# क्या चंबल से कुछ सीखेगी दुनिया?

आज जब दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष की आग भड़कती दिखाई दे रही है चाहे वह देशों के बीच चल रहे सैन्य टकराव हों या समाजों के भीतर गहराते वैचारिक विभाजन ऐसे समय में शांति की बातें अक्सर आदर्शवादी लगती हैं, लेकिन इतिहास के कुछ उदाहरण हमें यह भरोसा देते हैं कि सबसे कठिन परिस्थितियों में भी संवाद और करुणा का रास्ता संभव है। चंबल घाटी का अनुभव ऐसा ही एक जीवंत उदाहरण है, जहां कभी बीहड़ों में बंदूकें कानून तय करती थीं, और बागी शब्द भय का पर्याय था, वहीं 1972 में एक ऐसा परिवर्तन हुआ जिसने हिंसा की उस भूमि को शांति के प्रयोग में बदल दिया। चंबल का नाम सुनते ही कभी धूल, घोड़ों की टाप और गोलियों की आवाजों से भरी एक दुनिया की छवि उभरती थी, जहां दशकों तक प्रतिशोध और भय का चक्र चलता रहा। लेकिन अप्रैल 1972 में जौरा (मुरैना) के गांधी सेवा आश्रम में जो हुआ, उसने इस छवि को हमेशा के लिए बदल दिया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में माधो सिंह और मोहर सिंह जैसे खूंखार बागियों ने जब अपने हथियार उनके चरणों में रखे, तो वह केवल कानून के सामने आत्मसमर्पण नहीं था, बल्कि एक विचारधारा का परिवर्तन था। गांधीवादी सिद्धांत कृ श्अपराध से घृणा करो, अपराधी से नहींश्कृ यहां व्यवहार में उतरा। यह घटना विश्व इतिहास के उन दुर्लभ क्षणों में से एक थी, जहां बिना किसी सैन्य दबाव के, केवल नैतिक प्रभाव और संवाद के माध्यम से सैकड़ों लोगों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के पीछे केवल एक नेतृत्व नहीं था, बल्कि कई समर्पित व्यक्तित्वों का सामूहिक प्रयास था, जिन्होंने वर्षों तक विश्वास का माहौल तैयार किया। डॉ. एस.एन. सुब्बा राव ने युवाओं और समाज के बीच शांति और संवाद की संस्कृति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे बागियों के लिए आत्मसमर्पण केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक पुर्नस्थापन का मार्ग बन सका। इसी तरह राजगोपाल पी.वी. ने इस पूरे अनुभव को एक व्यापक सामाजिक दृष्टि से जोड़ा और इसे एक मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में काम किया, ताकि यह प्रयोग अन्य संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भी प्रेरणा बन सके। वहीं डॉ. रन सिंह परमार जैसे स्थानीय कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर बागियों और समाज के बीच विश्वास कायम करने में सेतु की भूमिका निभाई, जो इस प्रक्रिया की सफलता के लिए बहुत ही जरूरी था। आत्मसमर्पण के बाद असली परीक्षा शुरू हुई। वर्षों तक हिंसा के रास्ते पर चले लोगों को समाज में वापस स्वीकार करना आसान नहीं था। जिन परिवारों ने इन बागियों के कारण अपनों को खोया था, उनके मन में प्रतिशोध की भावना होना स्वाभाविक था। लेकिन चंबल ने यहां भी एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। पीड़ितों ने बदले के बजाय क्षमा को चुना। यह केवल व्यक्तिगत उदारता नहीं थी,



बल्कि एक सामाजिक परिपक्वता का संकेत था, जिसने यह दिखाया कि न्याय और करुणा एक साथ चल सकते हैं। यही वह क्षण था, जब चंबल ने दुनिया को यह सिखाया कि शांति केवल समझौते से नहीं, बल्कि मन के परिवर्तन से आती है। चंबल का यह अनुभव समय और भूगोल की सीमाओं से परे जाकर आज भी प्रासंगिक है। केरल के कन्नूर जैसे क्षेत्रों में, जहां लंबे समय तक राजनीतिक हिंसा का दौर चला, वहां भी संवाद आधारित पहल के माध्यम से हिंसा में कमी लाई गई। यह इस बात का प्रमाण है कि चंबल का मॉडल केवल एक क्षेत्रीय घटना नहीं, बल्कि एक सार्वभौमिक सिद्धांत को दर्शाता हैकृकि संवाद, विश्वास और मानवीय संवेदना किसी भी संघर्ष को सुलझाने की कुंजी हो सकते हैं। आज आवश्यकता है कि चंबल की इस विरासत को केवल इतिहास की एक घटना के रूप में न देखा जाए, बल्कि इसे वर्तमान और भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में अपनाया जाए। जौरा का महात्मा गांधी सेवा आश्रम केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि शांति और संघर्ष समाधान की एक जीवंत प्रयोगशाला बन सकता है, जहां युवाओं को यह सिखाया जा सके कि साहस का अर्थ केवल लड़ना नहीं, बल्कि सही समय पर संवाद का रास्ता चुनना भी है। बागी आत्मसमर्पण की 54वीं वर्षगांठ पर जौरा की पावन धरा से श्शांति और महिलाश् अभियान का शंखनाद किया जा रहा है। शांति स्थापना में महिलाओं की भूमिका सदैव निर्णायक रही है। इस अभियान के माध्यम से दुनिया भर की महिलाएं एकजुट होकर यह संदेश देंगी कि एक शांतिपूर्ण समाज का निर्माण घर की दहलीज से शुरू होता है। इतना ही नहीं, चंबल का यह अहिंसक प्रयोग अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी गूंज रहा है। अफ्रीका के देश बेनिन में आयोजित होने वाले श्विश्व शांति मंचश् में चंबल के इस सफल प्रयोग पर चर्चा की जाएगी। यह गर्व का विषय है कि एक समय में पिछड़ा माना जाने वाला क्षेत्र आज विश्व शांति के लिए रोल मॉडल बन रहा है। शांति और महिला जैसे अभियान इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। चंबल में बागी आत्मसमर्पण की कहानी हमें यह सिखाती है कि संवेदनशीलता और संवाद के साथ किसी भी संघर्ष को रोका जा सकता है।

आज जब दुनिया एक बार फिर संघर्षों के दौर से गुजर रही है, तब चंबल का यह अनुभव हमें यह याद दिलाता है कि शांति कोई दूर का सपना नहीं, बल्कि एक सच हैकृजिसे पाने के लिए हमें केवल संवाद, विश्वास और करुणा के रास्ते पर चलने का साहस करना होगा, और यही बात आज के वैश्विक नेताओं को समझनी होगी।

## श्रमिक अशांति

कोरोना संकट के बाद पटरी पर लौटती वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को दुनिया के कई भागों में जारी युद्ध व संघर्ष ने फिर पटरी से उतार दिया है। महाशक्तियों की महत्वाकांक्षा मानवता और आम आदमी के जीवन पर भारी पड़ी है। यूक्रेन युद्ध ने दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं और यूरोप की ऊर्जा आपूर्ति को बाधित जरूर किया, लेकिन उसका असर उतना व्यापक नहीं था, जितना खाड़ी युद्ध का रहा है। जाहिरा तौर पर वैश्विक आपूर्ति शृंखला बाधित होने से आम आदमी के जीवन पर बहुत नकारात्मक असर पड़ा है। बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की जीवन शैली व थाली पर गहरा प्रभाव डाला है। अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों और इस्राइल की आक्रामकता से उपजे खाड़ी संकट ने एशिया ही नहीं, बल्कि यूरोप, अफ्रीका व अमेरिका की ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को संकट में डाल दिया है। संयुक्त राष्ट्र की विफलता के चलते आज दुनिया में 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' वाली कहावत चरितार्थ हुई है। जिसका सीधा असर महंगाई वृद्धि के रूप में सामने आया है। एक ओर ईंधन संकट और उससे बुरी तरह प्रभावित जनजीवन आक्रोश का कारक बना है। विडंबना यह है कि इस महंगाई के बीच कामगारों के वेतन सिकुड़ने लगे हैं। जीवनयापन कठिन होते और कोई समाधान न निकलते देख श्रमिकों का आक्रोश सड़क तक पहुंचने लगा है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के नोएडा में फैक्ट्रियों के श्रमिकों द्वारा किया गया हिंसक प्रदर्शन इस संकट की परिणति ही है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा की औद्योगिक नगरी मानेसर में भी पुलिस व श्रमिकों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें आई हैं। ये टकराव भारतीय औद्योगिक तंत्र की विसंगतियों की ही याद दिलाते हैं। इस तरह के हिंसक संघर्ष हमारी कानून-व्यवस्था की विफलता को भी उजागर करते हैं। वहीं बताते हैं कि श्रमिक वर्ग, उद्योग और राज्य सरकार के बीच कहीं न कहीं संवाद की कमी है। यही वजह है कि वेतन बढ़ाने की मांग के समर्थन में शुरू हुआ मार्च कालांतर आगजनी, तोड़फोड़ व यातायात बाधित करने में तब्दील हो गया। निश्चित तौर पर समय रहते इस श्रमिक असंतोष को भांपते हुए बेहतर ढंग से संवाद किया जाता तो शायद टकराव की स्थिति पैदा न होती। दरअसल, सरकारों की तरफ से तो कहा जा रहा है कि देश में ईंधन व गैस आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं है, लेकिन जमाखोरी व प्रशासन की उदासीनता से इसकी कालाबाजारी जारी है। श्रमिक वर्ग जो छोटे गैस सिलेंडरों से जीवन-यापन करता था, उसमें व्यवधान पैदा हो गया। नियंत्रित गैस आपूर्ति से छोटे गैस सिलेंडर भरने का धंधा ठप हो गया। शायद सरकारों को भी इस बात का अहसास नहीं था कि कितना बड़ा श्रमिक वर्ग छोटे गैस सिलेंडरों को भरने के काले धंधे पर निर्भर है। यही वजह है कि हिमाचल समेत कई राज्यों में खाना पकाने के संकट के चलते श्रमिकों के घर लौटने के मामले प्रकाश में आए हैं। लेकिन इस संकट को शासन-प्रशासन के स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया गया। निर्विवाद रूप से बढ़ती महंगाई और स्थिर वेतन के बीच बढ़ती खाई से अशांति की जड़ें गहरी होती जा रही हैं। औद्योगिक केंद्रों में कामगार पश्चिम एशिया युद्ध के चलते बढ़ी महंगाई के कारण दबाव में अपना गुजारा करने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। निस्संदेह, हरियाणा द्वारा न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का निर्णय इस गंभीर वास्तविकता की स्वीकृति को ही दर्शाता है। लेकिन यह भी हकीकत है कि तात्कालिक उपाय के रूप में बातचीत और शिकायतों का फौरी निवारण कारगर विकल्प नहीं हो सकते। हालांकि, अधिकारी अशांति फैलाने में निहित स्वार्थी तत्वों की भूमिका की जांच कर रहे हैं, लेकिन ये घटनाएं व्यवस्थागत अविश्वास को भी दर्शाती हैं। दरअसल, श्रमिकों का उपेक्षित महसूस करना वातावरण को अस्थिर बनाता है। लेकिन यह एक हकीकत है कि दीर्घकालिक आर्थिक परिवर्तन के लिये विनिर्माण की महत्वाकांक्षाएं स्थिर-प्रेरित कार्यबल के बिना संभव नहीं हैं।

विचार

# हिन्दू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म अंगीकार कर मैं बहुत प्रसन्न हूं: डॉ. अम्बेडकर

मैं आज बहुत ही प्रफुल्लित हूं। मैं जरूरत से ज्यादा प्रसन्न हूं। मैंने जिस क्षण हिन्दू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म स्वीकार किया है मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैंने नर्क से मुक्ति पा ली है। ये शब्द डॉ. अम्बेडकर के उस भाषण के हैं जो उन्होंने हिन्दू धर्म को त्यागकर बौद्ध धर्म को स्वीकार करते हुए दिया था। उन्होंने अपने भाषण में याद दिलाया कि सन् 1935 में हमने हिन्दू धर्म त्यागने का आंदोलन प्रारंभ किया था। उसी दरम्यान मैंने यह फैसला किया था कि मैं हिन्दू पैदा हुआ था परंतु मैं हिन्दू के रूप में मरूंगा नहीं। मैंने कल यह सही साबित कर दिया। आज मैं अत्यंत प्रसन्न हूं। मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैंने हिन्दू रूपी नर्क से मुक्ति पा ली है। नागपुर में सन् 1956 के 15 अक्टूबर को अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ अम्बेडकर ने कहा श्मुझे यह जानकर आश्चर्य है कि हर जगह यह बातचीत चल रही है कि मैं धर्म परिवर्तन कर रहा हूं। पर कोई यह नहीं पूछ रहा कि मैं हिन्दू धर्म छोड़कर कौनसा धर्म स्वीकार कर रहा हूं। मेरा उत्तर है कि मैं बौद्ध धर्म अंगीकार कर रहा हूं। मैं क्यों बौद्ध धर्म को स्वीकार कर रहा हूं? मैंने बहुत पहले हिन्दू धर्म त्यागने का निर्णय ले लिया था क्योंकि मैंने हिन्दू समाज में अत्यधिक अपमान का जीवन जिया था। मेरे पिता बहुत गरीब थे। शायद किसी और व्यक्ति ने इतना कठिन जीवन जिया हो जितना मैंने जिया। मैंने यह महसूस किया कि भैंस, बैल और इंसान में अंतर है। भैंस और बैल को प्रतिदिन भूसा चाहिए। खाना तो इंसान को भी चाहिए। परंतु एक अंतर है। वह यह कि इंसान के पास मस्तिष्क है। मस्तिष्क के विकास के लिए सांस्कृतिक वातावरण चाहिए। समाज में पूछा जाता है अरे यह महार है। यह नीच महार प्रथम दर्जा चाहता है। इसे तीसरे दर्जे में रहना चाहिए। प्रथम दर्जे में रहने का अधिकार तो ब्राह्मण को है। ऐसी स्थिति में महार का विकास कैसे हो सकता है। ऐसा वातावरण बना दिया गया जिसमें



महार के दिमाग का विकास संभव नहीं। मेरा ही उदाहरण लें। मुझे स्कूल में बिना पानी के रहना पड़ता था। मैं एक ही कपड़े में स्कूल जाता था। हिन्दू समाज को चार वर्णों में बांटा गया था। मनुस्मृति में ऐसा विभाजन किया गया है। हिन्दू समाज में जो हमें नीचे दर्जे में रखते हैं वे स्वयं भी एक दिन नष्ट हो जाते हैं। हिन्दू धर्म में रहकर कोई भी विकास नहीं कर सकता। वह धर्म ही ऐसा है जिसमें सभी के लिए विकास के दरवाजे बंद रहते हैं। हिन्दू धर्म विध्वंस का धर्म है। जब ब्राह्मण मां बच्चे को जन्म देती है तो सोचती है उसका बेटा जज बनेगा। परंतु जब महार मां बच्चे को जन्म देती है तो वह सोचती है कि उसका बच्चा सड़क झाड़ने वाला मेहतर बनेगा। वह सोच ही नहीं सकती कि उसका बच्चा जज बनेगा। ईसाई धर्म बुनियादी रूप से गरीबों का धर्म है। इसी तरह बौद्ध धर्म महारों का धर्म है। ब्राह्मण लोग गौतम बुद्ध को श्वो गौतम्य कहकर पुकारते थे। हमने बौद्ध धर्म अंगीकार करके एक नया रास्ता, एक नई मंजिल पाई है। यह उच्चता प्राप्त करने और प्रगति का धर्म है। यह रास्ता बाहर से नहीं आया है। यह हमारे देश का है। यह पूर्ण रूप से भारतीय है। मैं कभी-कभी सोचता हूं कि हम बौद्ध क्यों नहीं। क्या कारण था कि बौद्ध धर्म के अनुयायी भारत से आगे चले गए। कुछ तिब्बत चले गए, कुछ चीन चले गए। बौद्ध धर्म अंगीकार करते हुए हमें याद रखना चाहिए कि सारी दुनिया बौद्ध धर्म का सम्मान करती है। अमेरिका में बौद्ध धर्म की 2000 संस्थाएं हैं। इसी तरह इंग्लैंड और जर्मनी में भी बौद्ध धर्म की हजारों संस्थाएं हैं। बौद्ध धर्म की मौलिक नींव क्या है। बौद्ध धर्म और अन्य धर्मों में क्या अंतर है? अन्य धर्मों के अनुसार सब कुछ ईश्वर ने बनाया है, आकाश, चन्द्रमा, सूर्य सब कुछ ईश्वर ने बनाया है। हमने इंसान के लिए कुछ नहीं छोड़ा है। बौद्ध धर्म में ईश्वर और आत्मा का कोई स्थान नहीं है। बुद्ध के अनुसार सारी दुनिया में दुरूख है। बौद्ध धर्म का काम सारी मानवता को दुरूख से उबारना है। कार्ल मार्क्स भी यही कहते हैं। उन्होंने जो कहा वह बुद्ध ने जो कहा उससे भिन्न नहीं है। हिन्दू धर्म की रचना ऐसी है जिसके चलते पिछले हजार वर्षों में हमारी जाति में एक भी ग्रेजुएट पैदा नहीं हुआ। यहां तक कि मेरी जाति के लोगों को पानी पीने को भी नहीं मिलता था। पानी पीने के लिए हमें स्कूल के चपरासी का सहारा लेना पड़ता था। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप बौद्ध धर्म का पालन ऐसे करें जिससे सब आपका सम्मान करें। आप लोग ऐसा कुछ न करें जिससे बौद्ध धर्म पर कोई आंच आए। उच्च जाति के लोग कहते हैं कि हम यदि एक भैंस की लाश को ठिकाने लगाते हैं तो हमें 500 रूपए मिलते हैं। मेरा आपसे कहना है कि आपही भैंस और गायों की लाशों को ठिकाने लगाएं और 500 रूपए कमाएं। एक ब्राह्मण युवक मेरे पास आया और कहने लगा कि आपको अब क्या करना चाहिए। आपके लिए संसद में सीटें आरक्षित हो गई हैं। मैंने उससे कहा कि श्तुम मेहतर बन जाओ और इन सीटों को भर लो।श् आरक्षण अकेले से काम नहीं चलता है। बात सम्मान की भी है। पैसा तो वेश्या भी कमाती है। सुबह उठते हुई वह नाश्ते में खीमा और डबल रोटी खाती है। परंतु मेरे समाज के लोगों को चने फुटेने भी नाश्ते में नहीं मिलते हैं पर वे इज्जत से रहते हैं। ये अखबार वाले मुझसे पूछते हैं कि क्या बौद्ध धर्म स्वीकार करने से हमारे समाज के लोगों को सम्मान मिलेगा? मैं किसी को बौद्ध धर्म स्वीकार करने को मजबूर नहीं करूंगा। जो बौद्ध बनना चाहते हैं वे मन से बनें। मेरी मान्यता है कि मनुष्य के विकास के लिए धर्म आवश्यक है। परंतु वह धर्म हिन्दू नहीं हो सकता। हिन्दू समाज में पैदा होकर मैंने बहुत ही अपमान की जिंदगी बिताई। इसलिए वर्षो पहले मैंने फैसला कर लिया था कि भले ही मैंने जन्म हिन्दू समाज में लिया हो मैं हिन्दू के रूप में कदापि नहीं मरूंगा। आज मेरा यह सपना पूरा हो रहा है। इसलिए मैं बहुत प्रसन्न हूं। आखिर हिन्दू समाज मनुस्मृति से संचालित होता है। मनुस्मृति में चतुर्वर्ण की व्यवस्था है। मनुस्मृति में यह व्यवस्था है कि शूद्र सिर्फ काम करेगा। चतुर्वर्ण व्यवस्था मानवता के विकास के लिए खतरनाक है। मनुस्मृति के अनुसार शूद्रों को शिक्षा कतई जरूरी नहीं है। शिक्षा का अधिकार सिर्फ ब्राह्मणों को है। क्षत्रियों का काम हथियारों से लैस रहना है और वेश्यों को व्यापार करने का अधिकार है। चतुर्वर्ण सिर्फ सामाजिक व्यवस्था नहीं है। वह धर्म है। ऐसे धर्म में हम क्यों रहें? इसलिए बहुत सोच-समझकर मैं आप लोगों के साथ बौद्ध धर्म स्वीकार कर रहा हूं। कई लोगों ने यह सवाल पूछा कि धर्म परिवर्तन का कार्यक्रम नागपुर में क्यों संपन्न हो रहा है। कुछ लोगों ने यह शंका प्रकट की कि चूंकि नागपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय है इसलिए उन्हें बदनाम करने के लिए नागपुर को चुना गया। ऐसी कोई बात नहीं है। एक समय था जब नागपुर नागाओं का कार्यस्थल था।

साहित्य



## भारत की औषधि रणनीति पैमाने से नवाचार की ओर बढ़ रही है

**जगत प्रकाश नड्डा**

वैश्विक स्तर पर, कुल औषधि राजस्व में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। लंबे समय से जेनरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण विश्व की फ़ार्मेसी के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है।



## राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभः-**भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुनः-**भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्कः-**महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंहः-**किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-**किसी नए कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केन्द्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिकः-**किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-**सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-**पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# होर्मुज से कांडला तक संकट के बीच भारत की ऊर्जा आपूर्ति

यह हम सभी देख रहे हैं कि आज अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर गहरा प्रभाव डाला है। ऐसे संवेदनशील समय में भारतीय ध्वज वाला एलपीजी जहाज 'जग विक्रम' एवं अन्य जहाजों का सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार करते हुए उनके तय स्थान (बंदरगाह) तक पहुंचना निश्चित ही भारत की संतुलित और प्रभावी कूटनीति का प्रतीक बनकर दुनिया के सामने आया है। इससे पहले हमने एमटी नंदा देवी, शिवालिक को एलपीजी टैंकर लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करते हुए देखा, दोनों जहाजों को ईरान ने सुरक्षित मार्ग दिया। ये एक साथ भारत की ओर बढ़े और देश की ऊर्जा आपूर्ति शृंखलाा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। कहना होगा कि युद्ध जैसे हालात में इस मार्ग से किसी भी जहाज का सुरक्षित निकलना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में आज 'जग विक्रम' का सुरक्षित पारगमन यह संकेत देता है कि भारत ने समुद्री सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संवाद और सामरिक संतुलन का प्रभावी उपयोग किया है। अतः भारत ने जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में भी अपने समुद्री हितों की रक्षा की है। इसके साथ ही यह भी ध्यान में आया है कि भारत अब तक अपने 2,177 नाविकों को सुरक्षित स्वदेश लेकर आ चुका है। यह आंकड़ा आज हर उस परिवार को राहत दे रहा है, जोकि अपने प्रियजनों की वापसी का इंतजार कर रहा था। साथ ही विदेश मंत्रालय और भारतीय मिशनों ने चौबीसों घंटे हेल्पलाइन और



जमीनी प्रयासों के जरिए यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी भारतीय नागरिक संकट में अकेला नहीं रहेगा।

वस्तुतः डीजी शिपिंग कंट्रोल रूम द्वारा 6,073 कॉल्स और 12,867 ईमेल्स को संभालना इस बात का प्रमाण भी है कि कैसे संकट के समय प्रभावी संचार कितना महत्वपूर्ण होता है। इस दिशा में भारत सरकार के प्रयास अत्यधिक सराहनीय कहे जा सकते हैं। यह दर्शाता है कि भारत ने सक्रिय रूप से स्थिति को नियंत्रित किया हुआ है, इसलिए आज यह तंत्र संकट प्रबंधन में एक मजबूत मॉडल के रूप में उभर सका। वहीं, देश के सभी बंदरगाहों पर कामकाज सामान्य रूप से जारी रहना भारत की आर्थिक और प्रशासनिक स्थिरता को दर्शाता है। पश्चिमी तट पर वेस्ट एशिया से जुड़े 3,383 कंटेनरों में से 3,228 की वापसी सुनिश्चित कर दी गई है। शेष 155 कंटेनर तकनीकी कारणों से लंबित हैं, किंतु कहीं भी जाम या देरी नहीं है। इसका मतलब साफ है कि वर्तमान वैश्विक संकट के समय में भी भारत ने अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत बनाए रखा है।

**अंतर-मंत्रालयीय सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन**

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय का विदेश मंत्रालय और खाड़ी क्षेत्र में भारतीय मिशनों के साथ में मिलकर काम करना आज इस बात का उदाहरण है कि कैसे समन्वित प्रयास बड़े संकटों को नियंत्रित कर सकते हैं। देखने में आया कि यह सहयोग- प्रशासनिक, योजना निर्माण, क्रिया के स्तर पर एक साथ पूरे समन्वित रूप में कार्य कर रहा है। इस युद्ध के बीच एक अच्छी बात यह भी दिखाई दे रही है कि भारत घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, वह सक्रिय रूप से कूटनीतिक समाधान तलाश रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत ने इस पूरे संकट में किसी एक पक्ष का समर्थन करने के बजाय संतुलित और तटस्थ रुख अपनाया हुआ है। यही उसकी सबसे बड़ी कूटनीतिक ताकत बनकर आज उभरा है। अमेरिका, ईरान और इजराइल तीनों के साथ संवाद बनाए रखना और अपने हितों की रक्षा करना भारत की मल्टी-अलाइनमेंट नीति का एक सफलतम उदाहरण है। साथ में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, मदद और भलाई सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन और नियमित सलाह जारी करना यह दर्शाता है कि भारत की कूटनीति मानवीय भी है।

**संकट में अवसर की पहचान**

होर्मुज जलडमरूमध्य के तनावपूर्ण माहौल में 'जग विक्रम' की सुरक्षित यात्रा, हजारों भारतीय नाविकों की वापसी और बंदरगाहों का सुचारू संचालन, हम कह सकते हैं कि ये सभी घटनाएं मिलकर एक बड़ी स्वरूप हमारे सामने खड़ा कर रहे हैं और वो यह है कि भारत की कूटनीतिक परिपक्वता, रणनीतिक संतुलन और मानवीय दृष्टिकोण यह बताता है कि केंद्र सरकार की नीति एवं योजनाएं सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### देवाई कार्यक्रम से लौट रहे युवक की कार की टक्कर से मृत्यु

**कछौना, हरदोई।** लखनऊ-हरदोई नेशनल हाईवे (एनएच-731) पर सोमवार की रात एक भीषण सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की जान चली गई। हादसा कछौना कोतवाली क्षेत्र के चिरहकाटी मोड़ के पास हुआ, जहाँ एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा साला गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नैरा (लोन्हारा) निवासी राजेश का पुत्र रिंकू (21 वर्ष) अपने चचेरे साले रामबली पुत्र रामस्वरूप निवासी पुर्वी बाजार कछौना के साथ बघौली थाना क्षेत्र के ग्राम जालिमपुर स्थित गये थे। वहाँ वे अरविंद के घर आयोजित एक देवाई कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सोमवार रात जब दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी चिरहकाटी मोड़ के पास वैगनआर कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में रिंकू की मृत्यु हो गई। मृतक रिंकू पेशे से मजदूर था और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रिंकू की मौत की खबर सुनते ही घर में चीख-पुकार मच गई। पत्नी लक्ष्मी का रो-रोकर बुरा हाल है और वह बदहवास है। रिंकू अपने पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है, जिनके भविष्य पर अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हादसे में घायल रामबली को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और टक्कर मारने वाली कार क्षतिग्रस्त होने के कारण मौके पर ही मिल गई, चालक फरार हो गया। इस घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और हर कोई इस हृदयविदारक घटना से मर्माहत (अत्यंत दुखी) है।

### आवाज उठाना पड़ा भारी, पत्रकार पर पुलिस का शिकंजा पत्रकार पर दर्ज हुआ मुकदमा



**लोनार हरदोई।** लोनार थाना क्षेत्र में एक पत्रकार को थाना प्रभारी के खिलाफ आवाज उठाना महंगा पड़ गया। पत्रकार राम जी शर्मा ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी राकेश यादव ने उनके खिलाफ एक वर्ष पुरानी घटना को आधार बनाकर मुकदमा दर्ज कराया है राम जी शर्मा के अनुसार, उन्होंने कुछ समय पूर्व थाना प्रभारी की कार्यशैली को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके बाद से ही उनके खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला शुरू हो गया। उनका आरोप है कि थाना प्रभारी ने उनके विरोधियों से मिलकर उनके ऊपर दो मुकदमे दर्ज कराए हैं, जिससे उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।पत्रकार का यह भी कहना है कि थाना प्रभारी राकेश यादव पहले भी पत्रकारों से अभद्रता के मामलों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र के पत्रकारों में रोष व्याप्त है और निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।हालांकि, इस पूरे मामले में पुलिस विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, वीडियो वायरल



**पाली, हरदोई।** थाना क्षेत्र के ग्राम रमापुर में जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के परिवार आमने-सामने आ गए, जिनमें जमकर लाठी-डंडे चले। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर हमलावर नजर आ रहे हैं।मामले में राकेश पुत्र मिट्ठू निवासी ग्राम रमापुर ने पाली थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके खेत में खड़ी गेहूं की फसल को उसके सगे भाई रामप्रसाद ने काट लिया और खेत पर कब्जा कर लिया। जब उसने इसका विरोध किया तो रामप्रसाद और उसके पुत्रों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष पहले भी कई बार विवाद और झगड़ा कर चुका है। वहीं वायरल वीडियो में दर्जनभर से अधिक लोग लाठी-डंडे लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है और जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अग्निशमन सुरक्षा सप्ताहः एसपी ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**उरई (जालौन)।** जालौन में अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने अपने आवास से अग्निशमन विभाग की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलाया जाएगा जिसका उद्देश्य आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर अग्निशमन अधिकारी अरविंद सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज दृ आग की रोकथाम के लिए एक साथ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें जागरूकता रैलियां, स्कूलों और अस्पतालों में मॉक ड्रिल, अग्नि सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण और लोगों को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले जरूरी उपायों की जानकारी दी जाएगी। विशेष रूप से विद्यालयों और अस्पतालों जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आग की घटनाएं अक्सर लापरवाही और जानकारी के अभाव में होती हैं। यदि समय रहते सावधानी बरती जाए और सुरक्षा उपायों का पालन किया जाए तो बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे गैस सिलेंडर, विद्युत उपकरणों और ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें और आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का प्रयास करें। अग्निशमन विभाग की टीम हर समय सहायता के लिए तैयार रहती है। इस अभियान के माध्यम से प्रशासन का लक्ष्य है कि समाज के हर वर्ग तक अग्नि सुरक्षा का संदेश पहुंचे और लोग अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा के प्रति सजग बनें।

### 14 अप्रैल 1944 को जहाज में लगी आग बुझाने में 66 कर्मियों ने दी थी प्राणों की आहुति

**उरई।** अग्निशमन सेवा उत्तर प्रदेश के अंतर्गत 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे डॉकयार्ड में रूई की बड़ी-बड़ी गांठों एवं तेल के ड्रमों से भरा फोर्ट स्टाइकाइन नामक जहाज खड़ा था, जिसमें अचानक भीषण अग्निकांड हो गया और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दुर्घटना में अग्निशमन कर्मियों ने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं वीरता का परिचय देते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया, किन्तु इसी दौरान हुए भीषण विस्फोट में 66 अग्निशमन कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस हृदयविदारक घटना की गूंज पूरे देश में सुनाई दी, तभी से इन वीर शहीद अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस卐 के रूप में मनाया जाता है तथा 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह आयोजित किया जाता है, जिससे जनमानस को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

### सरस्वती बाल मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षाफल वितरित



**फतेहपुर।** सरस्वती बाल मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल गंगानगर में मेधा अलंकरण एवं अभिभावक सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा मंदिर के संत ने की मुख्य अतिथि के रूप में जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव और नवनिर्वाचित महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि श्रृंखला में वरिष्ठ साहित्यकार मधुसूदन दीक्षित तथा भाजपा के जिला महामंत्री नीरज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 90 मेधावियों को सम्मानित किया गया 125 ऐसे अभिभावको को भी पुरस्कृत किया गया जिनके बच्चे पूरे वर्ष भर में एक भी दिन विद्यालय से अनुपस्थित नहीं हुए।परिणाम की दृष्टि से सीनियर वर्ग में निकुंज(7बी)ने 99.79प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉप किया।जबकि 99 प्रतिशत अंक पाकर विराट(8ए) द्वितीय स्थान पर रहे और 98.5 प्रतिशत अंक पाकर पिहू (9ए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार प्राथमिक वर्ग में अरूफ(केजी) ने 98.5ः अंक पाकर आल ओवर टॉप किया, जबकि रक्षा (1बी) 98ः अंक पाकर द्वितीय स्थान में रही और आलोक 97ः प्रकार तृतीय स्थान में रहे। उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय के पठन-पाठन व अनुशासन व दिए जा रहे हैं। सुसंस्कारों की भूरि भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि इस विद्यालय से निकले हुए अनेक विद्यार्थी बहुत अच्छे-अच्छे पदों में सेवाएं दे रहे हैं।इससे यह प्रमाणित है कि हमारा विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षा देते हुए अच्छे संस्कार देने में अव्वल दर्जे पर है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित, शिवपुरम शाखा के प्रधानाचार्य क्रमशः धीरेंद्र व सक्षम सहित पूरा स्टाफकार्यक्रम में मौजूद रहा।

# 'बाबा साहब का जीवन संघर्ष, ज्ञान और सकल्प का अद्वितीय उदाहरण'

▸ **जाति, धर्म, आदि भेदभाव को भूलकर सभी के साथ समान व्यवहार करें: डीएम**

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुनय झा ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर अम्बेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्पजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियका सिंह, न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट व विकास भवन के अधिकारियों / कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को डॉ. अम्बेडकर साहब की जयती पर बधाई दी तथा कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है तथा उनके विचार हमे एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते है. जहां हर नागरिक को शिक्षा, समाज अधिकार सम्मान और अक्सर प्राप्त हो, हम उनके आदशों को अपनाकर सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण के उनके सपने को साकार करने का सकल्प ले तथा जाति, धर्म आदि भेदभाव को भूलकर सभी के साथ समान व्यवहार करें और शिक्षा के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.स. एवं न्यायिक ने भी अम्बेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक



**हरदोई।** सोमवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में कर-करेत्तर राजस्व वसूली व सीएम डैश बोर्ड के सम्बन्ध मे बिन्दुवार समीक्षा बैठक की। उन्होंने आबकारी, खनन, को निर्देश दिये कि सभी संबंधित विभाग के अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रतिमाह राजस्व वसूली करायें। जिलाधिकारी ने उपस्थित उप जिलाधिकारियों, को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली पर ध्यान दिया जाये। उन्होने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली न करने वाले अधिकारियों के विरुद्व कार्यवाही की जायेगी। राजस्व कार्यो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने उपस्थित उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एव नायब तहलदारों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से न्यायालय में बैठकर लम्बित वादो का निस्तारण त्वरित गति से करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## इनायतपुर बाघाडांडा में बहुजन अधिकार मोर्चा ने हर्षोल्लास से मनाई अंबेडकर जयंती

**सण्डीला/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत इनायतपुर बाघाडांडा में बहुजन अधिकार मोर्चा की टीम द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी सरोज गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आकाश आजाद, जिला अध्यक्ष कृष्णपाल, तहसील अध्यक्ष संडीला प्रमोद कुमार, प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार, मीडिया प्रभारी विमल, महाजिलामंत्री अखिलेश, जिलामंत्री लाला वर्मा सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार,रंजीत वर्मा (समोधा) शिवप्रताप मौर्य (पूतू), रामप्रताप, लालता प्रसाद, उत्तम वर्मा, मास्टर सरजू प्रसाद, रामचंद्र, रंजीत, मोहनलाल, दीपू गौतम, अंशू गौतम, आकाश, जितेंद्र, टीटू, श्यामू, रामू और सुधीर सहित गांव की टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार ने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गीत प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। अंत में सभी ने एकजुट होकर बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# अंबेडकर जयंती पर निकाली गई रैली, सैकड़ों लोग हुए शामिल

▸ **सांसद ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केक काटा**

**हरदोई/बेनीगंज, समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को हरदोई के गांधी मैदान सहित पूरे जनपद में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बहुत हर्षोल्लास, भव्य रैलियों और समारोहों के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए, संविधान के प्रति सम्मान प्रकट किया और समानता व सामाजिक न्याय के उनके संदेशों को याद किया। हरदोई के गांधी मैदान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत का प्रताप नगर चौराहे पर अमित शुक्ला उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में जोरदार फूल मालाओं से स्वागत किया गया क्षेत्रीय सांसद ने प्रताप नगर चौराहा पर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केक काटकर शुभकामनाएं प्रेषित की। मृतक के घर पहुंचे सांसद पिछले दिनों डंपर ट्रक के द्वारा प्रताप नगर निवासी 27 वर्षीय कौशिक शुक्ला उर्फ सन्नू की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी क्षेत्रीय सांसद मृतक के घर पहुंच कर परिजनों से भेंट की उनके पिता देश दीपक शुक्ला को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और शोक संवत परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया। अंबेडकर जयंती पर बेनीगंज क्षेत्र के महादेव पुरवा, सिकंदरपुर, मझिगवां चिंताखेड़ा, झरोइया, सुखईपुरवा, शाहपुर, पिपरी, प्रताप नगर चौराहा, बरगदिया, शादीपुर, कुर्सी, बसेन, खेरवा कमालपुर, नयागांव देवरिया सहित आसपास दर्जनों गांव के लोगों ने बाबा साहब की जयंती पर रैली निकाल कर उनको याद किया। इस रैली में भीम आर्मी, बहुजन अधिकार मोर्चा, बहुजन समाज पार्टी सहित कई संगठन के पदाधिकारी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। रैली की शुरुआत चिंता खेड़ा झरोईया से होते हुए ओड़ाझार शाहपुर गांव पहुंची यहां पर सैकड़ो लोगों ने संत रविदास व डॉक्टर भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। उसके बाद सुखईपुरवा प्रताप नगर चौराहा पहुंचकर बाबा साहब अंबेडकर और संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जय भीम जय भीम के जोरदार नारे लगाए और उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। रैली में बच्चें, नौजवान, बुजुर्ग महिला, पुरुष भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# डॉ. अंबेडकर ने समाज को समानता, न्याय, अधिकारों का मार्ग दिखाया

▸ **संविधान निर्माता को नमन कर कलेक्ट्रेट सभागार में मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार वरिष्ठ कोषाधिकारी अवनीश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आज भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई, डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके विचारों को नमन किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर ही हम एक सशक्त और समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने अपने विचारों और संघर्षो से एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहां हर नागरिक को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि संविधान के मूल्योंकृन्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता को अपने आचरण में उतारें। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गो को मुख्यधारा में लाने के लिए जो कार्य किए, वे सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और न्याय की भावना को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचन्द्र मौर्य ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार हमें निरंतर आगे बढ़ने और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) विनय मौर्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा ने सभी मंडलों में बूथ स्तर पर मनायी डॉ. अंबेडकर जयंती



**उरई (जालौन)।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को जनपद के 19 मंडलों के सभी बूथों पर हर्ष उल्लास के साथ मनाया व अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर साफसफाई कर माल्यार्पण किया एवं शाम को दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने भाजपा कार्यालय उरई पर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को मनाया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के पुरोधा, 'भारत रत्न' श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करती हूँ। बाबा साहब ने शिक्षा और समानता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को गति दी। समता,न्याय और अधिकारों पर आधारित सशक्त भारत की जो नींव आपने रखी, वह आज भी राष्ट्र निर्माण का पथ प्रशस्त कर रही है। बाबा साहब वंचितों, शोषितों और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए आपका संघर्ष और विचार हम सभी के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत हैं। इस दौरान मुख्य रूप से जिला महामंत्री पुष्पेंद्र सेंगर, विवेक कुशवाहा, प्रशांत द्विवेदी, अशोक राठौर, रेखा वर्मा, राम अनुग्रह राजावत, नीरज दुबे, विजय चौधरी पूर्व पालिकाध्यक्ष, मनोज यादव, रिसाल सिंह, मीनू मिश्रा, आकाश गहोई, बंधन द्विवेदी, सुनील सक्सेना, अनुज नाग सभासद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंबेडकर जयंती पर उदनपुरा में स्वास्थ्य शिविर, 55 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार



**कालपी (जालौन)।** नगर के मुहल्ला उदनपुरा वार्ड में मंगलवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा भारती के तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कालपी के डॉक्टर शेख शहरयार ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श के साथ उपचार प्रदान किया। इस दौरान मरीजों को मुफ्त दवाइयों का भी वितरण किया गया। शिविर में सामान्य बुखार, खांसी-जुकाम, ब्लड प्रेशर सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह प्रदीप मेहरोत्रा, नगर संघ चालक शिव सिंह राठौर एवं नगर संयोजक हर्ष विश्नोई सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग किया और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। शिविर में कुल 55 मरीजों का उपचार किया गया, जिससे स्थानीय लोगों में संतोष और उत्साह देखने को मिला।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से मनाई गई जयंती

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**





डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर विकास समिति के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों से आई हुए झांकियों की शोभायात्रा निकाली गई एवं विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में सकठूराम मयंक, शत्रुघ्न लाल, मायाराम, लाल देवेंद्र पटेल, संदीप यादव, विजेंद्र, गया प्रसाद, कामिनी, मिथिलेश गौतम, अखिलेश चंद्र, मनोज प्रकाश, रमेश बौद्ध, शिव प्रकाश गौतम, केपी कोरी, राजेंद्र प्रसाद गौतम, रजनीश सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस दौरान विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति आईओएफएस आरडी चंद्रहास रहे। तो गोष्ठी की अध्यक्षता जियालाल ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन बृज किशोर ने किया। इस दौरान डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर विकास समिति के अध्यक्ष गया प्रसाद ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद नरेश उत्तम पटेल, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, पूर्व सपा के जिला अध्यक्ष विपिन यादव, दीपक कुमार डबल्यू, सभासद अरूण यादव ने मंच की शोभा बढ़ाई तो वहीं भाजपा की विधायक कृष्णा पासवान भी अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके साथ उनके पुत्र हंसवा ब्लाक प्रमुख विकास पासवान भी मौजूद रहे तो वही सीओ सिटी कार्यालय के बगल में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर सिद्धार्थ प्रकाश, अतुल कुमार, मायाराम, सोनू वालिया, आर्यन राजवंशी, बीनू, मनीष, गुड़िया देवी, मनोरमा गौतम, नरेंद्र, पंकज सहित तमाम लोग मौजूद रहे तो वही चिल्ड्रेन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भानु प्रकाश, उदित नारायण, हरिश्चंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं पूरे शहर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा घूमी जिनका जगह-जगह पर लोगों ने स्वागत किया।

### गेहूं खरीद केंद्रों के निरीक्षण में एसडीएम ने किसानों से किया संवाद

**कालपी (जालौन)।** उप जिलाधिकारी ने कालपी तथा कदौरा में स्थापित राजकीय सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण कर किसानों से संवाद स्थापित करके केंद्र प्रभारियों को जरूरी निर्देश दिये। एसडीएम मनोज कुमार सिंह कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के विपणन शाखा के सरकारी गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारी रुचिका ओमर ने अवगत कराया कि बारदाना तीन गांठ (1500 बोरी) उपलब्ध है। आज 85 कुंतल गेहूं की खरीद केंद्र में हुई है। अब तक केंद्र में 2858 कुंतल गेहूं क्रय हो चुका है। उप जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि मशीन सही तरीके से संचालित है। किसानों का पेमेंट सही तरीके से हो रहा है। उप जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना।

# किसना डायमंड व गोल्ड ज्वेलरी शोरूम का हुआ शुभारंभ

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आईटीआई रोड खादी भंडार के बगल में किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ किया गया। यह उत्तर प्रदेश का 25वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। इस शुभ अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, घनश्याम ढोलकिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिससे क्षेत्र में किसना की उपस्थिति और मजबूत हुई। इस भव्य उद्घाटन के उपलक्ष्य में किसना ने विशेष उद्घाटन ऑफर की घोषणा की है। शोरूम लॉन्च के दिन डायमंड ज्वेलरी पर अतिरिक्त 5ः की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही, आगामी अक्षय तृतीया के उत्सव को ध्यान में रखते हुए अक्षय हैप्पीनेस कैंपेन के तहत द बिगेस्ट फेस्टिव ऑफर भी पेश किया गया है, जिसमें डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी पर कई आकर्षक ऑफर्स शामिल हैं। ग्राहकों के लिए डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 40ः की छूट और गोल्ड ज्वेलरी पर फ्लैट 30ः की छूट उपलब्ध है। इसके अलावा, चयनित खरीद पर 10 ग्राम और 20 ग्राम के चांदी के सिक्के मुफ्त दिए जा रहे हैं, साथ ही पुराने सोने पर 100ः एक्सचेंज वैल्यू का लाभ भी मिल रहा है। खरीदारी के अनुभव को और बेहतर बनाते हुए, आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 5ः इंस्टेंट डिस्काउंट, 25ः डाउन पेमेंट पर गोल्ड रेट लॉक करने की सुविधा (डबल रेट प्रोटेक्शन) तथा डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर एक्सक्लूसिव गिफ्ट वाउचर्स भी दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, घनश्याम ढोलकिया ने कहा, उत्तर प्रदेश में अपने 25वें एक्सक्लूसिव शोरूम का फतेहपुर में शुभारंभ करते हुए हमें अत्यंत खुशी हो रही है, खासकर जब अक्षय तृतीया का पावन पर्व निकट है। अक्षय हैप्पीनेस कैंपेन के माध्यम से हम अपने ग्राहकों के लिए सबसे बड़े फेस्टिव ऑफर्स लेकर आए हैं। हमारा उद्देश्य है कि बेहतरीन वैल्यू के साथ डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए, जो हमारे 'हर घर किसना' के विजन के अनुरूप है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ, पराग शाह ने कहा, फतेहपुर हमारे रिटेल विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है और अक्षय तृतीया के दौरान इसका लॉन्च इसे और खास बनाता है। हमें विश्वास है कि किसना की गुणवत्ता, विश्वास और उत्कृष्ट कारीगरी को यहां के ग्राहक सराहेंगे। समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए, किसना ने इस अवसर पर जरूरतमंदों के लिए फूड डिस्ट्रीब्यूशन ड्राइव का आयोजन किया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के समर्थन में स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह, पप्पन रस्तोगी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास संग मनी बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती

## जगह-जगह लगे भंडारे, संविधान की सुरक्षा, लोकतंत्र मजबूत करने की दी गई दुहाई



बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।

जिले में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से ही डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमाओं, पार्कों में दीपांजलि पुष्पांजलि और बुद्ध वंदना एवं भण्डारे के आयोजन शुरू हुये जो दिन भर चलते रहे। अम्बेडकर चौक नाका सतरिख में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों का तांता लगा रहा। सांसद तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री सपा राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, अवनीश पटेल, एससीएसटी आयोग के चेयरमैन बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा उर्फ भुल्लन वर्मा, बसंत सिंह गौतम, डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति /पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार सहित समिति के सभी पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि कर डॉ अम्बेडकर को नमन किया समिति द्वारा आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पटेल तिराहा पर जिला पंचायत कार्यालय के सामने यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन द्वारा आयोजित डॉ आंबेडकर की जयंती में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। यहां भी जिले के सभी दलों के नेता और जनप्रतिधियों सांसद तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री सपा राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, अवनीश पटेल, एससीएसटी आयोग के चेयरमैन बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, शिक्षक नेता आसुतोष वर्मा, सत्येंद्र भास्कर रामपाल सहित तमाम शिक्षकों ने भाग लिया।

### चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में मनाई गई डॉ अंबेडकर की जयंती



बनीकोडर क्षेत्र के ग्राम छन्दवल में स्थित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने छात्रों, शिक्षकों अभिभावकों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। खुशहालपुर डिग्री कालेज के प्रवक्ता डॉ विनोद गौतम एवं स्कूल प्रबंधक ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम का फल सुखदाई होता है, यह बाबा साहब ने अपने जीवन संघर्षो से बता दिया है। उनका यह सन्देश शिक्षित बनो,संगठित रहो और अपनी उन्नति के लिए संघर्ष करो, हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ अम्बेडकर जयंती समारोह को किया सम्बोधित



सिद्धार्थ नगर पैसार स्थित डॉ आंबेडकर छात्रावास में समाज सेवा संस्थान द्वारा आयोजित डॉ आंबेडकर जयन्ती में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में संविधान खतरे में है, देश का लोकतंत्र अब राजतंत्र में बदलने का कुत्सित प्रयास भाजपा सरकार कर रही है, इसे हम सभी बचाने में और देश की एकता बनाये रखने में जुटे हुए हैं। विशिष्ट अतिथि सांसद तनुज पुनिया ने भी सम्बोधित किया।

# तहसील परिसर में लगी भीषण आग, दुकानें राख

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

तहसील परिसर के पास मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। इस घटना में सब्जी और पान मसाला बेचने वाली लकड़ी की कई गुमटियां व दुकानें जलकर खाक हो गईं। लगभग सात दुकानें पूरी तरह और कुछ आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुईं, जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ।ये दुकानें तहसील की बाउंड्री के पास सिरौली-उधौली मार्ग पर स्थित थीं। धुसेडिया गांव के निवासी इन अस्थायी दुकानों से अपना जीवन यापन करते थे। ये दुकानें मुख्य रूप से लकड़ी की गुमटियों, तिरपाल और लकड़ी के टट्टर का उपयोग करके बनाई गई थीं।आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि, ग्राम प्रधान श्रवण वर्मा ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक इसने विकराल रूप ले लिया था।इस अग्निकांड में धुसेडिया निवासी विक्रमादित्य पुत्र इंद्रपाल, पिंटू पुत्र दुखहरन, रामसमुझ पुत्र रामसजीवन, गुड्डू पुत्र लल्लू और शिवशंकर पुत्र लल्लू सहित कई दुकानदारों को भारी क्षति हुई है।फायर ब्रिगेड टीम के प्रभारी रामसनेही ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना मिली थी। टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाई।

# राज्यमंत्री ने किया पक्के पुल का शिलान्यास



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र के बाबा टीकाराम धाम स्थित आदि गंगा मां गोमती के बाजपुर घाट पर मांग पक्के पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं विधायक दिनेश रावत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकास के प्रति प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरुप क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण कार्य सरकार हो रहा है यह पुल न केवल आवा गमन को सुगम बनाएगा बल्कि क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगा। इसके अलावा विधायक दिनेश रावत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख आरती रावत जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल जिला मंत्री कृष्ण कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा रणवीर सिंह मोनू सचिन वर्मा राम तीरथ वर्मा वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू पूर्व प्रधान शेखर सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह आनंद सिंह मोनी पूर्व अध्यक्ष पंकज दीक्षित प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह प्रधान अरुण शुक्ला बबलू सिंह प्रधान रामानंद सिंह पत्रकार संदीप सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान कुंवर रामानंद सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि टीकाराम बाबा संघर्ष समिति के पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 84 कोसी परिक्रमा में पहुंचे साधु संत, भक्ति में डूबा रामसनेहीघाट



रामसनेहीघाट बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।

84 कोसी परिक्रमा के क्रम में मंगलवार को अयोध्या के मखौड़ा धाम से निकला साधु-संतों और श्रद्धालुओं का जत्था क्षेत्र में पहुंचा, जहां पूरा वातावरण भक्ति और आस्था से सराबोर हो उठा। करीब साढ़े तीन सौ साधु-संतों का दल भगवान का गुणगान करते हुए रानीमऊ स्थित हनुमान जी मंदिर पहुंचा, जहां उनके स्वागत और ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई। इससे पूर्व सोमवार की शाम करीब सात सौ साधु-संत बेलखरा स्थित कुटी पर पहुंचे थे, जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। रात्रि में भजन-कीर्तन और प्रभु स्मरण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

मंगलवार की सुबह प्रशासन की देखरेख में इन साधु-संतों को स्टीमर के माध्यम से सरयू नदी पार कराकर गोंडा जनपद के लिए रवाना किया गया।

# सिपाही संरक्षण में हो रहा मिट्टी खनन का कारोबार

- एसपी की साख पर बट्टा लगा रहा सिपाही शिव कुमार




रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत हैं साथ ही लगातार थानों का निरीक्षण कर जिम्मेदारों को उनके काम के प्रति सचेत करने के साथ जवाब देही तय करवाने के लिए सक्रिय है काम के प्रति लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी कर रहे हैं परंतु लगभग हर थाने में तैनात कुछ पुलिस कर्मी एसपी की साख पर बट्टा लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक रायबरेली जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में बीती सोमवार की रात को पूरी रात मिट्टी खनन का काम हुआ जिसमें हैरानी की बात यह रही कि थाने से लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर पर रात के अंधेरे में मिट्टी खनन का काम होता रहा लेकिन शिवगढ़ पुलिस को भनक तक नहीं लगी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिवगढ़ थाने में तैनात के हल्का नंबर तीन में तैनात सिपाही शिवकुमार के द्वारा मिट्टी खनन के काम का पैसा बीते दो सप्ताह पूर्व जमा कराया गया था लेकिन मौसम साफ न होने की वजह से काम नहीं हो पाया जिसके बाद वही काम सोमवार की रात में कराया गया है साथ ही सूत्रों का कहना है कि मिट्टी खनन के काम का पैसा थाना प्रभारी शिवगढ़ की जानकारी में जमा हुआ है। वहीं जानकार यह भी बताते हैं कि रात के समय हल्का नंबर एक में तैनात एक दरोगा जी मिट्टी खनन करवाने वाले युवक के पास गए भी थे लेकिन उनको बैरंग वापस लौटना पड़ा क्योंकि युवक ने तो उनको बताया कि पूरा पैसा जमा हुआ है फिर अब किस बात की दिक्कत है।आपको बताते चलें कि दरोगा जी से युवक ने यहां तक कहा कि जब हल्का नंबर एक वालों को पैसा क्यों दिया जाए जबकि मैंने हल्का नंबर तीन में तैनात सिपाही शिवकुमार को मिट्टी खनन के काम के लिए पैसा दिया था क्योंकि उन्हें के हल्के से मिट्टी खनन होना था और करोड़ों रुपए की मशीनरी को लेकर कोई बिना पैसा दिए ही कैसे इतना बड़ा काम करेगा।

## खबरें एक नजर में

### भीषण आग में 10 बीघा गेहूं की फसल राख



अमेठी समृद्धि न्यूज़। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में गेहूं के खेत में भीषण आग लगने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। मुसाफ़िर खाना कस्बे में गनी टॉकीज के पीछे गेहूं के खेतों में लगी आग की लपटों ने देखते ही देखते खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली और व्यापक क्षेत्र में फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और उपलब्ध वैकल्पिक साधनों से आग बुझाने में जुट गए। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची, जिसके सहयोग से आग पर बड़ी मशक्कत से काबू पाया जा सका और उसे अन्य खेतों तक फैलने से रोका गया। ग्रामीणों के अनुसार आग में करीब 10 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हालांकि, पुलिस के अनुसार आग से तीन किसानों की लगभग पांच बीघा फसल प्रभावित हुई है। आग की चपेट में महेंद्र तिवारी, पवन तिवारी, मेराज, जिलालाल वर्मा और जावेद अहमद की फसलें आई हैं। जिले में तेज गर्मी, चल रही तेज हवाएं और कई स्थानों पर ढीले लटकते बिजली के तार ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। किसान तैयार फसल को बचाने के लिए लगातार चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहब की जयंती

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती मंगलवार को जिले में बड़े हर्षोल्लास, उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। सभी सरकारी, अर्धसरकारी कार्यालयों में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान, अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में कई वक्ताओं द्वारा भी बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी लोगों को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की बधाई दी एवं बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। बाबा साहब ने जीवन भर शोषण, भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी, बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा व शस्त्र है जिससे कोई भी व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है। इसके अतिरिक्त न केवल जिला मुख्यालय बल्कि जनपद की सभी तहसीलों और ब्लाकों पर भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### किसान दिवस का आयोजन आज

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में माह अप्रैल के तृतीय बुधवार 15 अप्रैल को किसान दिवस का आयोजन तहसील सभागार गौरीगंज में अपरान्ह 12:00 बजे से 2:00 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने जनपद के विभागीय अधिकारियों को सूचित किया कि किसान दिवस से सम्बन्धित संचालित कार्यक्रमों की सूचना सहित बैठक में समय से स्वयं प्रतिभाग करें।

# भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

- डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित
- डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत: डीएम



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाज में समानता, न्याय एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ0 अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान संविधान के प्रति निष्ठा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रामेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उप जिलाधिकारी सदर (न्यायिक) अहमद फरीद खान, वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी/आशीष श्रीवास्तव, सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रद्धा के साथ तहसील परिसर में मनाई गया डॉ. अंबेडकर की जयंती

रामसनेहीघाट बाराबंकी। मंगलवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर स्थानीय तहसील सभागार एवं नगर पंचायत सभागार में श्रद्धा और गरिमा के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने की। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से संविधान का निर्माण किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता और न्याय की दिशा में प्रेरित करते हैं, जिनका पालन करना हम सभी का दायित्व है। अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी ने कहा कि बाबा साहब ने विश्व के अनेक देशों के संविधानों का गहन अध्ययन कर भारतीय संविधान को मजबूत आधार प्रदान किया।

# संचार व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए जिओ ब्लू स्टोर का हुआ उद्घाटन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

संचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिओ टेलीकॉम के उच्च अधिकारियों द्वारा जिओ ब्लू स्टोर का उद्घाटन किया गया।

जिसमे जिओ सेल्स हेड महेंद्र अग्रवाल द्वारा एवं आदित्य श्रीवास्तव ,हर्षित गुप्ता ,राजीव बजाज , सतेंद्र सिंह एरिया मैनेजर के साथ समस्त जिओ टीम एवं जिओ ब्लू स्टोर के संस्थापक एवं डिस्ट्रीब्यूटर आशीष शुक्ल की उपस्थिति में किया गया। जिओ ब्लू स्टोर में जिओ की सभी ग्राहक संबंधी समस्या का समाधान एवं आवश्यकता की पूर्ति की जाएगी। इसके माध्यम से अब रायबरेली जनपद में जिओ की सभी सुविधाएं आसानी से मिल पायेंगी यह स्टोर डिग्री कॉलेज चौराहा ,निकट विशाल मेगा मार्ट रायबरेली में उपस्थित है।



- जिओ की सभी ग्राहक संबंधी समस्याओं का होगा समाधान

# पच्चीस हजार का इनामिया अन्तर्जनपदीय शातिर गिरफ्तार



अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में दिनांक मंगलवार को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त अरमान पुत्र गोरखू उर्फ मुस्तकीम निवासी ग्राम नारा अनपुर थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक को गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से एक तमंचा व जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर व अमेठी में चोरी, जालसाजी व धोखाधड़ी आदि विभिन्न धाराओं में कुल 10 अभियोग पंजीकृत हैं। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000/-रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से एक जोड़ा पुनः साथ रहने को हुआ राजी



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु मंगलवार को कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें एक विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उन्हें आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# खराब गुणवत्ता पर भड़के चेयरमैन प्रतिनिधि

## हम जनता के हैं खराब कार्य बर्दाशत नहीं किया जाएगा, रोक दिया जाएगा भुगतान: प्रभात साहू

महाराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।



नायक फिल्म के अनिल कपूर की तरह नजर आए चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू। गांधीनगर में सीसी रोड का निर्माण हो रहा था ठेकेदार द्वारा किए जा रहे निर्माण में मोहल्ले वासियों ने गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे वही चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने काम बंद करवा दिया था। और आज धरातल पर उतरकर मौका मुआयना किया चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू का पारा सीसी रोड की खराब गुणवत्ता देखकर चढ़ गया उन्होंने मीडिया और मोहल्ले वासियों के सामने ही ठेकेदार को खरी खोटी सुनाना शुरू कर दिया ठेकेदार को फटकारते हुए कहा कि जो भी मानक विहीन कार्य किया गया है उसका भुगतान नहीं किया जाएगा अतः आपको फिर दोबारा से निर्माण करना है और जिस तरह महराजगंज नगर में अन्य सड़क बनी है उसी तरह इसको भी बनाना है लापरवाही कतई बर्दाशत नहीं की जाएगी वही मोहल्ले वासियों ने कहां की हमारे जनप्रिय नेता प्रभात साहू जब भी कहीं पर कोई कार्य मे लापरवाही बरतता है और उनके संज्ञान में बात आती है तो तुरंत उस पर कार्य करते हैं आज ठेकेदार को फटकारते हुए कहा कि यह जनता हमारी है और हम जनता के हैं। वही ठेकेदार ने बताया कि लेबरों को ठेका दे दिया गया था उनके द्वारा कार्य खराब किया गया है जिसे सही करवाया जाएगा।

# सचिव संतराम पटेल भुगतान प्रक्रिया में बरत रहे है अनियमितता

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।




रेउसा विकासखंड की ग्राम पंचायत मल्लापुर में इन दिनों ग्राम पंचायत के वित्तीय कार्यों को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में दो अलग-अलग नामों से मानदेय और भुगतान किए जा रहे हैं, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में लिखित अभिलेखों में ग्राम प्रधान के रूप में कमल कांत का नाम दर्ज है और ऑनलाइन पोर्टल पर भी उन्हीं का डोंगल शो कर रहा है। लेकिन आरोप है कि सचिव संतराम पटेल द्वारा भुगतान प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही है। बताया जा रहा है कि भुगतान कमल कांत के डोंगल से किया जा रहा है, जबकि मानदेय पिछले लगभग पाँच वर्षों से लगातार बृजेश कुमार के खाते में डाला जा रहा है। फर्जी भुगतान और बिना बिल-वाउचर अपलोड के आरोप

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पंचायत आईडी 111613300 पर प्रशासनिक मद में भुगतान लगाया गया, लेकिन संबंधित बिल-वाउचर अपलोड नहीं किए गए और उनकी जगह कथित रूप से फर्जी फोटो अपलोड कर दी गईं। इसी प्रकार आईडी 48771372 पर स्ट्रीट लाइट के नाम पर भी बिना बिल-वाउचर के भुगतान दर्शाया गया है, जिसमें फर्जी फोटो अपलोड करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विकासखंड स्तर के अधिकारी निष्पक्ष जांच करें तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। आरोप है कि सचिव की मनमानी इस हद तक बढ़ गई है कि वह प्रशासन और शासन की पारदर्शिता व्यवस्था को खुली चुनौती दे रहे हैं।

### निष्पक्ष जांच की मांग

मल्लापुर के ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित सचिव और जिम्मेदार प्रधान के खिलाफ कड़ी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि केवल औपचारिक नोटिस देकर मामले को ठंडे बस्ते में डालना भ्रष्टाचार को संरक्षण देने जैसा होगा। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विकासखंड एवं जिला प्रशासन इस मामले में कितनी पारदर्शिता और गंभीरता दिखाता है। अब सवाल यही है-क्या जांच में हकीकत सामने आएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी, या फिर मामला कागजों तक ही सीमित रह जाएगा?

**क्या बोले जिम्मेदार :** अधिकारी इस संदर्भ में जब खण्ड विकास अधिकारी रेउसा प्रवीण जीत से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच करवा कर सचिव और प्रधान पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी

# अम्बेडकर जयन्ती पर कलेक्ट्रेट में हुए कार्यक्रम

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर., अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह द्वारा चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सभी को इस अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना गरीबों के विकास का था। उन्होंने स्वयं गरीब परिवार से होने के बावजूद अपनी शिक्षा एवं दृढ़ संकल्प के बल पर उच्चतम पदों को प्राप्त किया। बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से गरीबों और सभी के विकास के लिये प्राविधान बनाये, जिनसे सभी लाभान्वित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमें उन्हें हमेशा याद रखना चाहियें और उनके विचारों को हमेशा अपनाना चाहिये। बाबा साहब हम लोगों की सोच में ही सीमित न रहकर सबके दिलों में रहने चाहिये। ऐसे महापुरूष जिन्होंने इतनी बड़ी चीज हम लोगों को संविधान के रूप में दी हैं, उसमें हर वर्ग के लोगों को उसका पालन करना होगा और अपने कर्तव्य को हमेशा ध्यान रखना चाहिये। उहोंने कहा कि जिन कार्यों की शुरूआत होती है, वह राजस्व विभाग से ही होती है, उसका सही ढंग से इस्तेमाल हर अधिकारी/कर्मचारी को करना चाहिये। सभी कार्यों को ससमय करना चाहिये और लोगों को न्याय भी समय से मिलना चाहिये, ऐसी सोच के साथ ही हम सभी कार्य करें। सभी लोग कार्यों में रूचि लेकर दिये गये कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर उसका निस्तारण ससमय सुनिश्चित करें। किसी भी कार्यों को अगले दिन के लिये लम्बित न रखें।

### 22 अप्रैल को होगा चुनाव नामावली का अंतिम प्रकाशन

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की समय-सारणी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के कंप्यूटरीकरण के उपरांत मतदान केंद्रों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची डाउनलोडिंग एवं फोटो प्रतियां तैयार करने सहित अन्य आवश्यक कार्य 17 मार्च 26 से 21 अप्रैल 26 तक संपन्न कराए जाएंगे। निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल 26 को जनसामान्य के लिए किया जाएगा। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में संशोधन एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

# जयंती पर याद किए गए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। जलालाबाद और तरपुरवा में स्थापित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेक पाठक ने माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर नमन किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता विनय अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मंगलम पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष रजनी पाल, डॉ केशव, अन्नू राजपूत आदि ने बाबा साहब को माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर नमन किया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विवेक पाठक ने कहा कि जीवन चरित्र एवं राष्ट्र निर्माण के योगदान में अतुलनीय



जलालाबाद में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

सहयोग एवं उपेक्षित वर्ग को शिक्षित एवं समाज में अपनी पहचान दिलाने के लिए बाबा साहब सदैव संघर्ष करते रहे। आज संपूर्ण भारत देश गर्व के साथ ऐसे कर्म योद्धा की जयंती मना रहा है। इसीक्रम में क्षेत्र के पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विष्णुकांत गुप्ता और विद्यालय परिवार ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके जीवन, संघर्ष और विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों व कर्मचारियों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**▸ सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प**

## सपाइयों ने धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती

जलालाबाद। सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम मायानगर, तरपुरवा, करनजौली, तेरारागी, सगरा, आमपुरवा, नेकपुर कायस्थ और जलालाबाद में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमाओं पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इसके बाद मिष्ठान वितरण कर लोगों को जयंती की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डीयम यादव, पूर्व प्रधान कमलकांत कटियार, अशोक यादव, संजेश यादव और नीरज यादव सहित आदि लोग रहे। इस दौरान कमलकांत कटियार ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समतामूलक समाज की स्थापना संभव है।

## अंबेडकर जयंती पर आकाश एजुकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुए कार्यक्रम

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आकाश एजुकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरसहायगंज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर आकाश कटियार एवं जॉइंट डायरेक्टर ऋद्धि नेगी ने डॉ. अंबेडकर के योगदानों को याद करते हुए उनके विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने तथा शिक्षा और समानता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए और डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।आयोजन विद्यालय में अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## शोभा यात्रा का कई जगह हुआ स्वागत



**छिबरामऊ समृद्धि न्यूज।** नगर में कई जगह पुष्प वर्षा करके बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकली शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

पुरानी गुड़ मंडी के गेट पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, प्रभाकर गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, नसीम विनीत किराना, कल्लू, शिवम, रामू गुप्ता व अमोघ गुप्ता राम आदि ने पुष्प वर्षा करने के साथ शोभा यात्रा में शामिल लोगों में पानी के पाउच और बीटल वितरित की। राहुल एजेंसीज रिटेल मेडिकल स्टोर पर पवन गुप्ता और उनके सहयोगियों ने पुष्प वर्षा की। तालग्राम चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की।

# ई-रिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर, चार घायल

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

गुरसहायगंज फर्रूखाबाद मुख्य मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए यह घटना समधन पेट्रोल पंप के पास दोपहर करीब 2:30 बजें हुई सभी घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मलिकपुर से गुरसहायगंज की ओर जा रहे एक ट्रक ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया और गुरसहायगंज की ओर जा रहा ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी बताया जा रहा है कि ट्रक चालक नशे की हालत में था टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलट गया और ट्रक सड़क किनारे झाड़ियों में एक पेड़ से जा टकराया। हादसे में घायल हुए लोगों में कस्बा समधन नगर के मोहल्ला दारा सराय निवासी



समीर अली 35 वर्ष पुत्र पीर अली,आरिफ अली 30 वर्ष पुत्र आसिफ अली और शहबाज अली 28 वर्ष पुत्र आसिफ अली इनके अलावा नगर के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी जीशान 28 वर्ष पुत्र इरशाद उर्फ भुल्लू भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटनास्थल पर समधन चौकी इंचार्ज दीपक सिंह पहुंचे उन्होंने घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया सभी का उपचार चल रहा है।

## सपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक किए कार्यक्रम

**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर प्रसाद वितरण किया। सपा प्रवक्ता विजय द्विवेदी,जय कुमार तिवारी और हसीब हसन ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलती रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों को आमजन तक पहुंचाएं। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जगह भंडारे का भी आयोजन किया।

# बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की निकली शोभा यात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 135 में जयंती के अवसर पर निकली शोभा यात्रा पूर्वी बाईपास ब्लॉक मुख्यालय से मुख्य बाजार होते हुए पश्चिमी बाईपास बंबा रोड से नगला जोर होकर गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार डॉ अंबेडकर पार्क बड़ेपुर पहुंच कर समापन हुआ।

इस प्रमुख शोभायात्रा में कुंवरपुर बनवार, निगोह खास, चमन नगरिया, कसावा, नगला लीटा, खुबरियापुर आदि गांव से नीली शोभायात्राएं भी शामिल हुई। इसमें बाबा साहब, सम्राट अशोक, महात्मा ज्योतिबा राव फुले, संविधान, सावित्रीबाई फुले, भगत सिंह सहित विभिन्न जीवित झांकियां शामिल हुई एवं संविधान की झांकी सजाई गई। बाजार में विधायक एवं



पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। बड़ेपुर में तीर्थराज बौद्ध प्रबंधक/सचिव गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट एवं डॉ अंबेडकर पार्क बुद्ध विहार डेवलपमेंट ट्रस्ट के तत्वाधान में सभी शोभा यात्राओं का फूलमालाओं एवं पंचशील पगड़ी पट्टिका तथा धम्मपद पुस्तके भेंट कर भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। इसके पश्चात शोभायात्रा में शामिल कमेटी के लोगों, एसडीएम ज्ञानेंद्र त्रिवेदी ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समापन कार्यक्रम में एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी, समिति के अध्यक्ष डॉ एस चंद्रा, प्रभात गौतम, वीरू खरे, महेश कुमार, शंभू दयाल, दीपक प्रकाश आदि ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संजीव कुमार टिंकल, महासचिव अशोक तमारे, रजनीश कुमार, ऋषि प्रधान, महेश कुमार जगबीर सिंह बृजेश कुमार, कमलकांत, मनोज कुमार एडवोकेट, सत्येंद्र कुमार, अजीत कुमार एडवोकेट, डॉ मनोज कुमार, दीपक प्रकाश, चेतन स्वरूप, नेहा सिंह, राजकुमार निगम, मुकेश, सतीश चंद्र, संतोष प्रिया बौद्ध, रवि कुमार, राघवेंद्र, कन्हैया लाल, सुरेश चंद, धर्मपाल, शैलेंद्र कुमार, मिथुन कुमार, प्रियांशु, विवेक सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### समाज सुधारक के साथ महान अर्थशास्त्री भी थे बाबा साहब



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू कॉलेज में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने अंबेडकर जी के जीवन मूल्यों एवं विचारों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपनाकर सामाजिक भेदभाव मिटाने का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. धर्मवीर सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर एक राजनीतिक तथा समाज सुधारक होने के साथ-साथ एक महान अर्थशास्त्री भी थे जिनका भारतीय रिजर्व बैंक के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। असिस्टेंट प्रोफेसर देवेंद्र मिश्र ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण के दौरान बाबा साहेब ने महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों की वकालत की तथा संविधान में उनके अधिकारों को सुनिश्चित किया। डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने बाबा साहब के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों के चलते ही करोड़ों व्यक्तियों को गरिमामय जीवन जीने का अधिकार मिला। इस अवसर पर प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर साथी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिले के सौरिख क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक अपने छोटे भाई की शादी के निमंत्रण पत्र बांटकर घर लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान जय सिंह के रूप में हुई है, जो मैनपुरी जनपद के थाना छाछा क्षेत्र के गांव अहिरवा का रहने वाला था। बताया गया कि जय सिंह 10 अप्रैल को अपने छोटे भाई संजू की शादी के कार्ड बांटने निकले थे। मंगलवार को वह अपने चचेरे भाई की ससुराल पिपरौली (थाना ठठिया) से लौट रहे थे। नादेमऊ मार्ग पर भानपुर गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी सौरिख भिजवाया, जहां से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी शिवानी और दो बच्चे प्रतीक व प्रतिज्ञा को छोड़ गया है। परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

### नीले झंडों के साथ थिरकी भीड़, निकली अंबेडकर शोभायात्रा

**तिर्वा,कन्नौज।** तिर्वा नगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नीले झंडे, अबीर-गुलाल और ढोल-नगाड़ों के बीच सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष नाचते-गाते नजर आए। पूरे नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा और जलपान कराकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। डा. भीमराव आंबेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में निकली यह यात्रा गांधी नगर स्थित प्रतिमा स्थल से पूजन-अर्चन के बाद शुरू हुई। यात्रा ककरहिया, खैरनगर मार्ग, महात्मा गांधी चौक, तिर्वा-ठठिया चौराहा, बाबा दौलेश्वर धाम होते हुए आंबेडकर नगर और जवाहर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरकर पुनः अपने प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बाबा साहेब, रमाबाई और गौतम बुद्ध की आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। समापन पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा में युवाओं के साथ महिला-पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी। नीले झंडों के साथ लोगों ने बाबा साहेब के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। विभिन्न स्थानों पर आयोजकों व प्रमुख लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

# अद्भुत प्रतिभा के धनी थे बाबा साहब : प्रदेश सचिव



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सराय प्रयाग में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्र ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अफसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब अद्भुत प्रतिभा के धनी थे उन्होंने समाज के शोषित वंचित लोगों के लिए बहुत कार्य किया छुआछूत भेदभाव की प्रथा को खत्म करने में बाबा साहब का बड़ा योगदान है उनका जन्म मध्य प्रदेश के महू में हुआ था देश की आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू के मंत्रिमंडल में देश के प्रथम कानून मंत्री बाबा साहब भीमराव अंबेडकर बने । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री डॉ एमके भारती ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार महिलाओं के मुक्तिदाता सभी जाति धर्म के लोगों को समानता का पाठ पढ़ने वाले सिंबल ऑफ द नॉलेज भारत रत्न डॉक्टर बाबा भीमराव अंबेडकर कुशल अर्थ शास्त्री सफल राजनेता और समाज सुधारक जिन्होंने आजीवन दलित आंदोलन को प्रेरित किया और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध कई आंदोलन किया स्वतंत्र भारत के पहले कानून व न्याय मंत्री भारत संविधान के शिल्पी भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर को इस अवसर पर सदर प्रमाण करते हैं इस अवसर पर डॉक्टर फिदा हुसैन मंसूरी दिनेश चन्द्र रमेश सविता कलीम खान एम के भारती रवि कुमार रामनिवास श्रवण कुमार राजपूत विनय कुमार दिलीप शुक्ला आदि बड़ी संख्या क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## विधायक अर्चना पाण्डेय ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**समधन, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत समधन कार्यालय में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक अर्चना पाण्डेय ने एक बैठक की अध्यक्षता की इस बैठक में नगर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। और सभी सदस्यों से अध्यक्ष आसमा बेगम के साथ मिलकर विकास कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया गया। शासन के निर्देश पर आयोजित एक बैठक में विधायक अर्चना पाण्डेय ने अध्यक्ष आसमा बेगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का बिंदुबार जायजा लिया उन्होंने नगर के चेयरमैन को हर संभव संयोग का आश्वासन दिया और सभासदों से भी अधिक से अधिक विकास कार्य सुनिश्चित करने में सहयोग मांगा। अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बैठक में बताया कि नगर में पानी की टंकियों का निर्माण कार्य प्रगति पर है इसके अतिरिक्त गलियों और नालियों का निर्माण कार्य भी जारी है गर्मी के मौसम को देखते हुए खराब वाटर कूलर की मरम्मत कराई जा रही है और आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर नए वाटर कूलर भी लगाए जाएंगे।

## सवर्णों के लिए हुई सवर्ण आयोग की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुराना सौरिख बस स्टैंड स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के बाद सवर्ण मुखिया विनोद कुमार दुबे ने अल्पसंख्यक होते जा रहे सवर्णों के लिए सवर्ण आयोग के गठन की मांग की। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई ने सवर्णों की स्थिति को दयनीय बना दिया है। हिंदू जातियों में सवर्ण अब अल्पसंख्यक हो चुके हैं, इसलिए उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य जातियों और धर्मों के लिए आयोग बने हैं, तो सवर्ण आयोग क्यों नहीं?दुबे ने कहा कि भाजपा को सवर्णों की पार्टी कहा जाता है, लेकिन वह सवर्णों को गुमराह कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से जातिगत जनगणना के साथ-साथ आर्थिक गणना की भी मांग की। उन्होंने बताया कि पहले सवर्णों के पास सौ-डेढ़ सौ बीघा जमीन होती थी, लेकिन पारिवारिक बंटवारे के कारण कई लोग भूमिहीन हो गए या उनके पास बहुत कम जमीन बची है। इससे भरण-पोषण की समस्या बढ़ गई है। आर्थिक गणना से सवर्णों को न्याय मिल सकता है।

इस अवसर पर अजय दुबे, आसाराम, संजीव दीक्षित, प्रिया श्रीवास्तव, सुरेश सिंह तोमर, राजीव अग्निहोत्री, दिनेश पांडेय, भैया लाल दुबे, राजेश, देवकीनंदन दुबे आदि मौजूद रहे।

## क्विज प्रतियोगिता में हर्ष ने मारी बाजी



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर विकास खंड कार्यालय में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में हर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ओम जी तिवारी द्वितीय एवं उजमा तृतीय स्थान पर रहीं। कंपोजिट विद्यालय छिबरामऊ के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दीपांकर आर्य (बीडीओ) एवं ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल ने क्विज प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता राजेश गौतम ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला और छात्रों को प्रेरित किया। क्विज प्रतियोगिता का संचालन अच्युत त्रिपाठी एवं योगेश यादव (एआरपी) द्वारा किया गया।कार्यक्रम में राजेश पाठक, अनिल कुमार, आर.डी. सहित विकास खंड के समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

# बिजली समस्या से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड क्षेत्र के सराय गोपाल गांव में पिछले डेढ़ महीने से बिजली की गंभीर समस्या बनी हुई है। गांव में लगे तीन ट्रांसफार्मरों में से एक अक्सर खराब रहता है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

मसरूफ खां, इमामुद्दीन और कासिम खान सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो रही है। भीषण गर्मी के बीच घरों में पानी भरने की भी विकट समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार ऑनलाइन शिकायतें



दर्ज कराई हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने विभाग की लापरवाही उजागर करते हुए बताया कि खराब ट्रांसफार्मर में अब तक दो बार आग लग चुकी है।

विभाग ने इसमें दो-तीन बार तेल भी डाला, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीण कमलेश कुमार और विजय कुमार ने कहा, जैसे ही लाइनमैन को सूचना दी जाती है, वह मौके पर आकर लाइन चालू कर देते हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर इतना जर्जर हो चुका है कि एक-दो घंटे चलने के बाद फिर से जवाब दे जाता है। लाइनमैन अरुण के अनुसार, ट्रांसफार्मर में तकनीकी दिक्कत है, जिसके कारण वह लोड नहीं ले पा रहा है और कुछ देर चलने के बाद ठप हो जाता है। इस दौरान अब्दुल कलाम, शाहनवाज, अरविंद दिवाकर, शरीफ खां, किशोर, कमलेश कुमार, अब्दुल, कासिम, अरविंद, दिवाकर, नसीम खां, मोबिन खां, इसरार खां, तालिब खां, किशोर, विजय कुमार, इलियास खां और जीतू सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंबेडकर जयंती पर हुए कार्यक्रम, मंत्री असीम अरुण ने किया माल्यार्पण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर किया। इस दौरान 'जय भीम' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

अपने संबोधन में मंत्री असीम अरुण ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन और उनके विचार समाज के



लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 'अंत्योदय' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। इस अवसर पर मंत्री ने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर लाभार्थियों से संवाद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन मौजूद रहे। वहीं, नोएडा में मजदूरों के प्रदर्शन पर मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार श्रमिकों और उद्योगों दोनों के हित में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि नए श्रम प्रावधानों में न्यूनतम मजदूरी, साप्ताहिक अवकाश और ओवरटाइम से जुड़े नियमों को व्यवस्थित किया गया है, जिससे श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर मनाई गई अंबेडकर जयंती

**तिर्वा,कन्नौज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा और कोषाध्यक्ष ध्रुव प्रताप सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर की।

इस अवसर पर शिक्षकों ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन को संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को समानता और न्याय की राह दिखाते हैं। विद्यालय प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांत एक समावेशी समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान मिले।

# बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**▸ अध्यक्ष रमेश बाबू शाक्य ने भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित भेंट की पुस्तकें**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शाक्य मुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा शाक्य मुनि बुद्ध विहार एवं अम्बेडकर पार्क बड़ेपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम मैं बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। भारत रत्न संविधान शिल्पी बोधिसत्व परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के 135 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने बाबा साहब के मूल सिद्धांत शिक्षित



बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का अभिन्न पहलू है। शिक्षा के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। उप जिलाधिकारी व तहसीलदार ने भी बाबा साहब के जीवन संघर्ष के बारे में जानकारी दी। शाक्य मुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश बाबू शाक्य ने भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित पुस्तकें भेंट की। इस अवसर पर धर्मपाल शाक्य, शिव प्रताप सिंह शाक्य एडवोकेट, अशोक शाक्य, अतुल शाक्य, कृष्ण मुरारी, रमेश चंद्र फौजी, राहुल शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चोरों ने एक घर से लाखों का माल किया पार, दो घरों में चोरी का प्रयास

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

रात के सन्नाटे में चोरों ने एक के बाद एक तीन मकानों को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बंद घर से लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए गए, जबकि दो अन्य घरों में ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

क्षेत्र के गांव त्यौर खास निवासी अनिल कठेरिया परिवार सहित पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं। उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए चोर जीने (सीढ़ी) के सहारे घर में घुस गए। कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे चार बक्सों के ताले तोड़ दिए। जेवरात से भरा एक बक्सा घर से करीब 100 मीटर दूर लालू यादव के घेर में मिला,

**पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल**

लेकिन उसमें रखे दो जोड़ी झुमके, दो अंगूठियां, एक मंगलसूत्र और दो जोड़ी चांदी की पाजेब सहित अन्य कीमती सामान गायब था।

घटना की जानकारी तब हुई जब अनिल के भाई राजेश कठेरिया, जो पड़ोस में चारपाई पर सो रहे थे। सुबह उठे और घर का टूटा ताला देखा। इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। चोरों ने इसके बाद महिपाल शाक्य के मकान को निशाना बनाया। जो परिवार सहित गुजरात में ईंट-भट्ठे पर काम करते हैं। यहां मुख्य गेट का ताला तोड़ा गया, लेकिन ग्रामीणों के जागने से चोर कोई सामान नहीं ले जा सके। इसी क्रम में श्यामवीर कश्यप के घर में घुसकर अलमारी तोड़ने का प्रयास किया गया, परंतु शोर होने पर चोर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामले की जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



जांच पड़ताल करती पुलिस

# श्रद्धा, प्रेम और उत्साह से मनाया गया बैसाखी पर्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पंच प्यारों के साथ कमांडर ब्रिगेडियर मनीष जैन आदि

सिखलाइट रेजीमेंटल सेंटर में स्थित गुरुद्वारे में 2 दिवस पूर्व रखे गये श्री अखण्ड साहिब की समाप्ति हो गयी। इस अवसर पर दीवान सजाकर कीर्तन दरबार लगाया गया। सुंदर-सुंदर भजन और सबद गाये गये। देहि शिवा मोहे इहै शुभ करमन ते कबहू न टरूं जैसे भजन सुन संगत बहुत ही आनंदित हुई। सेंटर कमांडेंट ब्रिगेडियर मनीष जैन व उनकी पत्नी अंबिका जैन ने सभी को पर्व की बधाईयां दी। ब्रिगेडियर जैन बताया कि बैसाखी का पर्व को धूमधाम से मनाते है, क्योंकि सिखलाइट रेजीमेंटल में ज्यादातर जवान सिक्ख धर्म को मानने वाले है। अतः प्रमुखता से दो पर्वों का गुरु नानक जयंती और बैशाखी को हर्षोल्लास के साथ मनाते है। इसमें हमारे सिविल डिफेंस के लोग रेजीमेंट के परिजन और जितनी भी इकाईयां यहां है जैसे एमईएस आर्मी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय आदि के लोग यहां आकर हमारी खुशियों में शामिल होते है और लंगर का आनंद लेते है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने गुरुद्वारे में माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। फतेहगढ़ और फर्रुखाबाद की सिक्ख संगत ने भी दीवान दरबार साहिब में अपनी हाजिरी दी। ज्ञानी सर्वजीत ने सिक्ख खालसा पंथ की विचारधारा का उल्लेख करते हुए बताया कि पांच कंकार है वहीं पंथ की विचारधारा है। कछ आपको पावन जीवन जीने की नसीहत करता है। केश प्रकृति का दिया उपहार है उसको सवारने के लिए कंघे का प्रयोग आवश्यक है। कड़ा हाथ में पहनने के लिए है, जो याद दिलाता है आपको अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा लोहे के समान होना है और कृपाण शक्ति का प्रतीक है।

# डीएम-एसपी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**विचार गोष्ठी में उनके अतुलनीय योगदान को किया स्मरण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा जे.एन.वी. तिराहे पर उनकी प्रतिमा एवं कलेक्ट्रेट सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्षों तथा भारतीय संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। डीएम ने कहा कि डॉ0 आंबेडकर ने समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आधुनिक भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सभी को उनके साहित्य को पढ़ना चाहिये। उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय एवं बंधुत्व की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज में समरसता एवं सामाजिक न्याय को सुदृढ़ करना चाहिए। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वत्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला आबकारी अधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



माल्यार्पण के दौरान डीएम एसपी

## खस्ताहाल सड़क का विधायक ने किया निरीक्षण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर में लंबे समय से खराब पड़ी सड़क को लेकर उठ रही जनसमस्याओं के बीच क्षेत्रीय विधायक सुशील कुमार शाक्य ने ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी के साथ मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सड़क की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई, जहां जगह-जगह जलभराव और कीचड़ के कारण मार्ग लगभग समाप्त होता नजर आया। करीब 700 मीटर लंबा यह मार्ग अमृतपुर-बदायूं रोड से एक आवासीय क्षेत्र तक जाता है, जहां घनी आबादी निवास करती है। सड़क पर बह रहे गंदे पानी और गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और विशेष रूप से स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में भी इस मार्ग पर जलभराव के चलते वाहन फंसने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस दौरान राम कृपाल शर्मा, प्रशांत अवस्थी, विकास पटवा, तानु सक्सेना, गौरव आदि मौजूद रहे।



सड़क का निरीक्षण करते विधायक

# विकास खण्ड कार्यालय में मनाई बाबा साहब की जयंती

**शिक्षकों ने भी माल्यार्पण कर डॉ. अम्बेडकर को किया याद**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत क्षेत्र में जगह-जगह संविधान के रचयिता पिछड़ों दलितों मजलूमों के मसीहा डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी। नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कस्बा नवाबगंज में भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी।

वहीं क्षेत्र विकास खंड कार्यालय पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जन्मदिन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, आलोक दीक्षित, राज भारती, मनोज कुमार, लवलेश कुमार, विंदा प्रसाद सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं कस्बे के प्राथमिक विद्यालय थानाध्यापक संजीव रंजन ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर, जमील खान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

## खबरें एक नजर में

### अंबेडकर जयंती पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**विधवाओं को साड़ी, दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, छात्रो को दी गई आर्थिक सहायता**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड में स्थित ग्राम बहोरना गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद राजपूत ने डॉ0 अंबेडकर को भारत रत्न दिए जाने की सराहना करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। 101 विधवा महिलाओ को साड़िया वितरित की गई। तीन दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई और एक गरीब छात्र को 10,000 का चेक देकर आर्थिक सहायता दी गई। कार्यक्रम में जहानगंज थाना अध्यक्ष पूनम अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, राजपाल सुमन, अनिल कुमार, मोतीलाल, राकेश सुमन, नीलम सुमन सहित उपस्थित थे।

### अम्बेडकर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्बा मोहम्मदाबाद में डा अम्बेडकर जयंती की शोभायात्रा अशोका कोल्ड से प्रारम्भ हुई। जो संकिसा रोड होते हुए कस्वा चौराहे पर पहुंची। कस्वा चौराहे से बेबर रोड पर तकीपुर तक गई। वहां से वापस लौटकर ब्लाक गेट के पास अम्बेडकर मूर्ति पर पहुंच कर अम्बेडकर अनुयायियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रैली में एक डीजे गाड़ी, उसके पीछे महिलाओं और बच्चे बाबा साहेब के नारे लगाते चल रहे थे। अम्बेडकर मूर्ति पर सीओ अजय वर्मा व एसडीएम रजनीकांत ने भी माल्यार्पण किया। अम्बेडकर वादी रामदास सागर का लोगों ने पगड़ी पहनाकर उनकी हौसला अफजाई की। रामदास सागर ने कहा कि अम्बेडकर मूर्ति स्थानांतरण की लड़ाई में हमें भाजपा की शह से प्रशासन ने मेरे साथ न्याय नहीं किया है। कितनी बड़ी विडम्बना है कि कस्वा में बाबा साहेब की प्रतिमा के लिए प्रशासन हमें थोड़ी जगह नहीं दे पाया है। शोभायात्रा में मनोज गौतम, घनश्याम गौतम, अभिनव जाटव, गौरव गौतम, गोविंद गौतम, अंकित गौतम, सौरभ भारती, सुमित गौतम आदि मौजूद रहे।

### भाकियू लोक शक्ति ने मनाई अम्बेडकर जयंती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष अली क़ायम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। उसके बाद सभी किसानों ने दुर्गा टॉकीज के पास डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पहुंचकर माल्यार्पण किया। इस मौके पर डॉ. आंबेडकर अमर रहे के नारे लगते रहे। इस दौरान रागिब हुसैन खान, डॉ. अतुल सिंह गंगवार, मोहम्मद खालिद, डॉ0 मुरारी लाल यादव, मुनेश श्रीवास्तव, नजमुद्दीन, राहुल कुमार शाक्य, हाशिम अली, शिवराज अजीमुद्दीन, वीरेंद्र, किशनपाल राजपूत, वारिस खान, बाहर मियां, सोहन खान, ज़ाहिर खान, राजन, सुनील कुमार, अरविन्द कुमार, नागेन्द्र, अजेश कुमार, उदयवीर आदि मौजूद रहे।

# युवक का शव संदिग्ध अवस्था में घर में मिलने से हड़कंप

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

कभी कभी कोई घटना अपने पीछे इतने सवाल छोड़ जाती है कि जवाब तलाशना ही सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। बाहर से सब कुछ सामान्य दिखता है, लेकिन हकीकत चौंका देती है।

थाना क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब 40 वर्षीय आफताब उर्फ गूंगा का शव उसके रहने वाले घर में संदिग्ध हालात में मिला। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

आफताब गांव के ही मुशाहिद के खाली पड़े मकान में अकेला रहता था। ग्रामीणों के अनुसार वह बेहद सरल स्वभाव का था और अक्सर घर का दरवाजा खुला ही छोड़ देता था या केवल किवाड़ बंद कर सो जाता था। ऐसे में घटना वाले दिन किवाड़ पर अंदर से ताला लगा मिलना अपने आप में एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि आफताब रोजाना फजर की नमाज पढ़ने जाता था और लौटकर गली व सड़क की सफाई करता था, लेकिन मंगलवार को वह नमाज के लिए नहीं पहुंचा। सुबह करीब 8 बजे तक जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो लोगों ने अंदर झांककर देखा, जहां आफताब जमीन पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन और पुलिस ने घर के पिछले हिस्से से प्रवेश किया। जहां पहले से एक सीढ़ी लगी हुई थी। ग्रामीणों के मुताबिक यह सीढ़ी पिछले दो दिनों से वहीं लगी हुई थी। अब यह भी चर्चा का विषय बन गया है कि आखिर यह सीढ़ी किसने लगाई और क्यों लगाई गई। घर का मुख्य गेट बंद था, जबकि जीने का दरवाजा खुला मिला। बरामदे में पड़े शव की स्थिति ने मामले को और उलझा दिया। आफताब की गर्दन जंगले के फ्रेम की लकड़ी से तहमद के सहारे इस कदर कसकर बंधी हुई थी कि पुलिस को उसे खोलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और अंत में ब्लेड से काटना पड़ा। बताया गया कि सोमवार रात करीब 11 बजे वह कंपिल में एक वलीमा कार्यक्रम में शामिल होकर लौटा था। इसके बाद सुबह तक वह बाहर नहीं निकला। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोग इसे आत्महत्या मानने से इनकार कर रहे हैं और हत्या की आशंका जता रहे हैं। खासतौर पर बंद किवाड़ पर लगा ताला, पीछे लगी सीढ़ी और आफताब के गले से गायब चाबी ने पूरे घटनाक्रम को और रहस्यमय बना दिया है। हालांकि, परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है और पुलिस भी अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



जांच पड़ताल करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को कस्बे में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भारतीय बौद्ध महासभा एवं भीम आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कस्बा पुलिस भी पूरे मार्ग में तैनात रही और शोभायात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराया। इस अवसर पर इजहार आलम खां की पुत्री मारिया आलम भी शोभायात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करती नजर आई।

### विनोद कुमार शुक्ला ने कायमगंज कोतवाली का लिया चार्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए निरीक्षक स्तर के मोहम्मदाबाद. मे तैनात प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला को कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का चार्ज सौपा है। यहाँ के प्रभारी निरीक्षक रहे मदन मोहन चतुर्वेदी को मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी बनाया है। नवान्तुग प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने कोतवाली कायमगंज में पहुँचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# अंबेडकर जयंती पर विधायक ने पार्क का किया उद्घाटन



पार्क का उद्‌घाटन करते विधायक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने ग्राम पंचायत खुदागंज में नवनिर्मित पार्क का उद्घाटन किया। उन्होंने अंबेडकर पार्क में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला मंत्री शिवमोहन सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, राजेश प्रताप सिंह, शैलेश मिश्रा, नवल पाल, राजीव मिश्रा, अश्विनी दुबे ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने जोर दिया कि उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में समरसता और विकास संभव है।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान की रचना कर देश को एकता में पिरोने का कार्य किया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर दलितों के ही नहीं बल्कि पिछड़ों और महिलाओं के मसीहा थे। उन्होंने भारतीय संविधान की रचना करके देश को एकता में पिरोने का कार्य किया। राजनैतिक दलों के लिये सचेडकर जरूरी नहीं बल्कि मजबूरी बन गये है। आज कोई भी राजनैतिक दल डॉ. भीमराव अन्वेशकर की विचारधारा और उनके सिद्धान्तों से अलग हटकर नहीं चल सकता है। भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस.पी. आर्थ (पूर्व प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री) के.के. कठेरिया, विनोद कुमार मुख्य विकास अधिकारी, प्रो0 सुरेशचन्द्र अम्बेडकर, उपजिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, डॉ. पंकज कुमार सिंह अपर आयुक्त डी.एस.पी., अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, परियोजना निदेशक कपिल कुमार एवं मुख्य वक्ता प्रो. राजपाल सिंह सुमन ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुये कहा कि अम्बेडकर वास्तव में दलितों के मसीहा ही नहीं बल्कि मसीहा थे। आज दलित समाज, महिलाओं, पिछड़ों को जो मान-सम्मान और पहचान देश में मिली है, उसका सारा श्रेय डॉ. भीमराव अम्बेडकर को जाता है। दलितों के उत्थान के लिये उन्होंने अपना सारा जीवन लगा दिया। ऐसे महापुरुष संसार में कम ही पैदा होते हैं। कार्यक्रम में बुजुर्गों व बच्चों एवं महिलाओं को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभूदयाल ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर न केवल पूरे भारतीय समाज और भारतवर्ष की शान है। बाबा साहब ने भारत के प्रत्येक नागरिक, दलित, वंचित और भारत की नारी के हित में ऐतिहासिक कार्य किया है। महामंत्री वीरेन्द्र सिंह कठेरिया ने कहा कि बाबा साहब ने भारत को एक नई सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक दृष्टि दी है। संयोजक रामनरेश गौतम ने कहा कि दलीय सीमाओं को तोड़कर बाबा साहब अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती पर हम सब एकजुट हुये हैं। संघमित्रा भाष्कर ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, मताधिकार, सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान किया गया है। इस अवसर पर मौर्यश्री, सचिव कुलदीप सिंह कठेरिया, रामनिवास कठेरिया, राधेश्याम बाल्मीकि, नानकचन्द्र, रमेश चन्द्र कठेरिया, गिरिजा शंकर, धर्मेन्द्र कनौजिया, संतोष कुमार, वसीमुजमा खां, रिजवान अहमद ताज, अश्नील दिवाकर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हत्यारोपी महिला समेत तीन गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उलियापुर में रविवार को भैंसा चोरी के विवाद में हुई बांकेलाल की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों को दबोच लिया है। साथ ही, उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किए गए लाठी-डंडे भी बरामद कर लिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार को उलियापुर गांव में दो पक्षों के बीच भैंसा चोरी को लेकर हिंसक झड़प हुई थी। इस दौरान बांकेलाल की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर 18 गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जिसमें लिवर का फटना, सिर में गंभीर चोट और दाहिने पैर की हड्डी टूटना शामिल है। मृतक के भाई विपिन ने कई महिलाओं सहित कुल 13 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। नवान्तुग कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला के निर्देश पर तत्काल पुलिस ने हत्या में नामजद आरोपी पुष्पेंद्र, करन और पूनम पत्नी सनी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों को पहले शमशाबाद थाने में रखा गया। जिसके बाद पुलिस उन्हें लखनपुर गांव के पास स्थित एक आम के बाग में ले गई। वहां आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त किए गए लाठी और डंडे बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद उन्हें जेल भेज दिया है। अभियुक्तगण ने बताया कि हमारे परिवार और बांकेलाल के परिवार में काफी समय से रंजिश चली आ रही है। वर्ष 2025 में हमारी भैंस जलाकर मार दी थी तो मेरे हमारे वालों ने न्यायालय से बांकेलाल के परिवार वालों पर परिवाद दर्ज करा दिया था। जिसमें बांकेलाल पक्ष के कई लोग जेल में है तथा मुकदमेंबाजी भी चल रही है। बांकेलाल के परिवार वालों ने मेरे परिवार के लोगों पर भैंसा चोरी करने का अरोप लगाया था, जिसको लेकर गोदाम पर वाद विवाद हो गया था। इसके पश्चात हम लोगों में लाठी-डण्डा चलने लगे। जिसमें दोनों पक्ष के लोगों को चोटें आयी थी तथा बाद में बांकेलाल की लोहिया अस्पताल जाते समय मृत्यु हो गयी थी।

इस सनसनीखेज वारदात के अन्य नामजद आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। फार आरोपियों में जितेंद्र, सनी, जॉनी, सुनील, सूरज, अर्जुन, शकुंतला देवी, ममता और जितेंद्र की पत्नी। गोदाम स्वामी संजय अग्रवाल फरार है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी सलाखों के पीछे होंगे।



मेडिकल परीक्षण के दौरान आरोपीगण

# भगवान परशुराम ने मानव जीवन को व्यवस्थित ढांचे में ढाला



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के छठवें रूप्प में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भगवान परशुराम और शस्त्र और शास्त्र के समन्वयक का नाम है। उन्हें शस्त्र और शास्त्र में महारथ हासिल थी। उन्होंने हमेशा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शस्त्र उठाकर पृथ्वी से 21 बार आतताइयों का संहार किया था।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**



डॉ. वीरेन्द्र त्रिवेदी

**डॉ0 वीरेंद्र त्रिवेदी** जिला महामंत्री उ0प्र0जू0हा0 पू0मा0 शिक्षक संघ ने बताया कि भगवान परशुराम को प्रकृति से प्रेम था। वह हमेशा नदियों का संचार एवं पकृति प्रेमी भी थे। अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाने वाले विश्व के प्रथम ऋषि थे। उन्होंने धरती पर अत्याचार करने वाले दुष्ट प्रवृत्ति के आताताइयों का संहार कर 21 बार पृथ्वी को गलत प्रवृत्ति के लोगों से मुक्त कराया। परशुराम ने मानव जीवन को व्यवस्थित ढांचे में ढाला था।



प्रशांत मिश्रा, प्रवक्ता

**प्रशांत मिश्रा, प्रवक्ता संस्कृत** ने बताया कि सृष्टि के पालन हार भगवान विष्णु का छठा अवतार परशुराम जी को माना गया है। उनका में जन्म अक्षय तृतीय के प्रदोष काल हुआ था। ब्राह्मण ऋषि जमदग्नि व रेणुका के पुत्र थे। इन्हें भगवान शंकर के परशु नाम का शस्त्र प्राप्त हुआ था। जिससे इनका नाम परशुराम पड़ा। परशुराम सम्पूर्ण हिन्दू समाज के गौरव है। परशुराम को शक्ति, न्याय और ब्राह्मण वीरता का प्रतीक माना जाता है।



आलोक द्विवेदी

**आलोक द्विवेदी, सहायक अध्यापक, बेला सराय गजा व शिक्षक नेता** ने बताया कि भगवान परशुराम ने त्रेता व द्वापर युग में रामायण व महाभारत अपनी आंखों से देखा और भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। भगवान शिव ने प्रसन्न होकर अपना फरसह प्रदान किया था। भगवान परशुराम न्यायप्रिय थे। महाभारत में उनके शिष्यों द्रोणाचार्य व भीष्म व कर्ण ने अभूत पूर्ण कौशल का प्रदर्शन किया था।

# नवाबगंज क्षेत्र में निकाली गई बाबा साहब की जयंती पर शोभायात्रा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नगर पंचायत क्षेत्र के गांव से शोभायात्रा निकाली गई। लोगों ने भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाये।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के तथा नगर पंचायत क्षेत्र नवाबगंज के वार्ड नंबर 16 के गांव नगला जोधा में भारतीय संविधान के रचयिता पिछड़ी शोषित वंचित मजलूमों के मसीहा डॉ0 बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने किया।

**जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने डॉ0 अंबेडकर की प्रतिमा, महात्मा बुद्ध, संत रविदास, माता रमाबाई, पोरियल रामास्वामी, ज्योतिबा राव फुले, सावित्रीबाई फुले, फतिमा शेख, ललई सिंह यादव, संत गाडगे महाराज, भारतीय संविधान पर माला पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोभा यात्रा की शुभारंभ कर बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लोगों को दिलाया। शोभा यात्रा नगला जोधा से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई निकल गई।

यात्रा में महिलाओं व बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और नीले झंडे हाथ में लेकर बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाये। डीजे की धुन पर युवा उत्साहित दिखे और यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

यशवीर आर्य, शिवराम सिंह आर्य आदि ने यात्रा का स्वागत कर जलपान कराया। यात्रा का नगर पंचायत अध्यक्ष ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर यात्रा में डॉ0 नवल किशोर शाक्य, विधायक डा0 सुरभि, यशवीर सिंह आर्य, डॉ0 नवरंग सिंह यादव, अवधेश सिंह यादव, अरविंद कुमार, छविनाथ शाक्य, बचन सिंह, पुष्पेंद्र सागर, सत्यपाल सिंह जाटव, बबलू खान, साजिद अली खान, जागेश्वर दयाल जाटव, रामेश्वर दयाल, मदनलाल, कुंवर पाल, अमरदीप प्रसाद, अजय पाल, सतनाम सिंह, अरविंद कुमार गौतम, अनुराग गौतम, सुभाष गौतम, विश्व प्रकाश दिवाकर, सत्यपाल सिंह जाटव, सुखराम सिंह गौतम, अतेंद्र गौतम, महिपाल सिंह, सर्वेश कुमार जाटव आदि मौजूद रहे।

वहीं सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा राम सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


अनिल राजपूत को सम्मानित करते लोग

# आर्मी पब्लिक स्कूल में मनाई गयी डॉ. अम्बेडकर जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में भारतीय संविधान के निर्माता, सामाजिक समानता, दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिये संघर्ष करने वाले तथा महिला अधिकारों के समर्थक डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती बड़े धूमधाम से मनाई गई। वरिष्ठ अध्यापक वीरेन्द्र कुमार मिश्र व अनीता सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया। विद्यालय की कक्षा बारह की छात्रा प्रिया यादव ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जीवन परिचय और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक उत्थान के लिए किये गये उनके संघर्षों का वर्णन अपने अंग्रेजी भाषण में किया। अध्यापिका नेहा राठौर ने वैशाखी के पर्व पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए भारत की सांस्कृतिक परम्परा पर प्रकाश डाला। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, ज्ञान और समाज सेवा का प्रतीक है। उन्होंने न केवल भारतीय संविधान का निर्माण किया, बल्कि समाज में समानता और न्याय की नींव भी रखी। उनका योगदान भारत के इतिहास में सदैव अमर रहेगा। संचालन डॉ0 शिवाली वर्मा और पूर्णिमा अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी, चञ्चल शर्मा, मो0 आसिम, महेश चन्द्र उपाध्याय, एकता साध, वीरेन्द्र कुमार अग्निहोत्री, अनूपा अग्निहोत्री, राधा मोहन तिवारी, अपर्णा चौधरी आदि उपस्थित रहीं।


अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

# सपाईयों ने संविधान शिल्पी बाबा साहब की मनाई जयंती

## शिक्षा और संगठन ही संघर्ष की मंजिल तय करते हैं: चन्द्र पाल सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पर संविधान शिल्पी, भारत के प्रथम कानून मंत्री, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती पर गोष्ठी का आयोजन हुआ।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व सभी समाजवादी नेतागणों ने जेएनवी तिराहे पर स्थित बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के जीवन एवं उनके विचार एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने विचार व्यक्त किये। पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव व उर्मिला राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव, सर्वेश अम्बेडकर ने विचार व्यक्त किये। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय यादव ने कहा कि बाबा साहब ने पिछड़े, दलितों को शिक्षा के सूत्र में जोड़ा वह अतुलनीय है। हमें उनकी बातों का अनुश्रण करना

इस मौके पर जेपी वर्मा, जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता, अफजाल अहमद फारुकी, रमेश चंद्र कठेरिया, विकास गुप्ता, अशोक अंबेडकर ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर शशांक सक्सेना, सुभाष चंद्र शाक्य, रामू गुप्ता, केके यादव, सुलक्षणा सिंह, राजन यादव, चंद्रेश राजपूत, रोमित सक्सेना, विनीत परमार, निजाम अंसारी, मुख्तार आलम, कै0 रामाधार सिंह, विकाश गुप्ता, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा, बंटी यादव, नौशाद अहमद आदि मौजूद रहे।


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपाई

# अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना की बैठक में प्रामाणिक साक्ष्यों पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना की कानपुर प्रान्त की जनपद इकाई बैठक मंगलवार को ऑफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में सम्पन्न हुई।

मुख्य वक्ता सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष ने बताया कि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना भारतवर्ष के इतिहास की अनेक घटनाओं के प्रामाणिक साक्ष्यों को जुटा रही है। जिससे भारत की गौरवशाली एतिहासिक घटनाओं, पात्रों और स्थानों को जनसाधारण के सामने लाया जा सके। ऐतिहासिक लेखन का कार्य ईमानदारी से नहीं हुआ। हमें विदेशी इतिहासकारों को ही भारत भाग्य निर्माता मानने के भ्रम से निकलना होगा। यहाँ के गांव-गांव नगर नगर में देवी देवताओं के मंदिर, लोक गीत, मेले, भजन, चित्रकारी पूजा पद्दति, प्रकृति पूजन, पुस्तकें, शिलालेख, पांडुलिपियों के समृद्द खजाने हैं जो हमे गौरवशाली अतीत से जोड़ती हैं। अनेक विस्मृत चरित्र जैसे आदि शंकराचार्य, राजराजेश्वरी देवी जयराज कुंवरि आदि हमारी संस्कृति के महान मानबिंदु हैं। जनपद के प्राचीन काम्पिल्य, सँकाश्य खोरगढ़ आदि नगर में प्रचुर मात्रा में ऐतिहासिक और पौराणिक कालखंड के प्रमाण है। जिन्हें आगे लाने की आवश्यकता है। काम्पिल्य इकाई के संयोजक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया के इतिहास के शोध, कार्यशालाओं, स्थलीय भ्रमण और बैठकों के माध्यम से निरंतर जनपद इकाई कार्यरत है। विद्यालयों और महाविद्यालयों के गुरुजनों और छात्रों के साथ संवाद एवम कार्यशालाओं के द्वारा गांव-गांव में आत्मसम्मान का बोध कराने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। इस अवसर पर राजेन्द्र त्रिपाठी, अनिल प्रताप सिंह, विजय अवस्थी, सुधेश दुबे, प्रदीप नारायण शुक्ल, अनिल सिंह, शरद चन्देल, आदित्य सिंह, अनिल सिंह, तोषित प्रीत सिंह, प्रभात अवस्थी, प्रदीप कुमार सिंह, चरनप्रीन सिंह, राजीव बाजपेयी, रमेश भदौरिया, धीरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते भूपेन्द्र प्रताप सिंह

# प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल, जयवीर सिंह, आशा, सत्यवती, कोमल, मोहिनी ने बच्चों के साथ मिलकर संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। बच्चों ने भी बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने उनके जीवन परिचय को बताते हुए कहा कि वह बहुत ही गरीब परिवार से जुड़े थे। उन्होंने जीवन पर्यन्त गरीबों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें जया, जीविका, पल्लवी, नंदिनी, रीतिका, जानवी, अंशी, सुरभि, फिजा, रीमा, जानवी राजपूत, हरिओम, बीतू, आदित्य आदि बच्चों को पेंसिल बाक्स एवं हिन्दी, अंग्रेजी, गणित नोट बुक देकर सम्मानित किया। रसोइया आशा एवं मोहिनी ने बच्चों को मेवायुक हलवा और चाय पिलाई।


कार्यक्रम में मौजूद लोग

## बाबा साहब की जयंती पर निकाली गई प्रभातफेरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत रत्न भारत के शिल्पकार बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती पर क्रिश्चियन इंटर कालेज मैदान बढ़पुर में अबेडकर प्रतिमा पर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही प्रभातफेरी निकाल कर मिष्ठान वितरण किया गया। सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया। प्रबुद्धजनों ने कहा कि शिक्षित बनो और बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाये और उनके पद चिन्हों पर चलने का आवाह्न किया। इस मौके पर दयाराम जाटव, रमाकांत मराल, सभासद धर्मेंद्र कनौजिया, प्रभुदयाल कठेरिया, रजत कठेरिया, सुमित गंगवार, आदित्य कटियार, राजेश जाटव, अमित वर्मा, अमित सिंह, राजेश सैनी, रामसेवक गुप्ता, सनी कनौजिया, नंदकिशोर सहित भारी संख्या में मौजूद रहे।

# परशुराम शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए वितरित किये गये आमंत्रण कार्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भगवान परशुराम शोभायात्रा को लेकर नगर में कार्ड वितरित किये जा रहे है। यात्रा को सफल बनाने के लिए यात्रा प्रभारी आदित्य दीक्षित व यात्रा संयोजक सौरभ मिश्रा, सह संयोजक अंकित तिवारी ने शहर के विभिन्न मोहल्लों में जन सम्पर्क कर कार्ड वितरित किये। शहर के गंगानगर, कादरीगेट आदि मोहल्लों में भगवान परशुराम यात्रा के कार्ड वितरित किये। ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा रेलवे रोड पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से यात्रा शुरु होकर चौक, घुमना, नितगंजा होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचेगी, जहां समापन होगा। अध्यक्ष रमेश चन्द्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. हरिदत्त द्विवेदी व श्याम बाबू दीक्षित, महामंत्री लालराम दुबे, मंत्री गिरीश के अलावा यात्रा संयोजक सौरभ मिश्रा, प्रभारी आदित्य दीक्षित आदि लोग सफल बनाने के लिए कार्ड वितरित कर रहे है। व्यवस्था सुरेन्द्र पाण्डेय, अशोक दीक्षित, विमलेश मिश्रा आदि लोगों ने कार्ड वितरित किये है। 19 अप्रैल को नगर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस मौके पर यात्रा संयोजक सौरभ मिश्रा, यात्रा संचालन समिति के विमलेश मिश्रा, प्रशासनिक व्यवस्थापक अधिवक्ता आशीष मिश्रा, यात्रा सहप्रभारी अजय दुबे अज्जू, यात्रा संचालक संजय मिश्रा संजू, ननकी शुक्ला, रवि बाजपेई, संजय दुबे, शिवम् मिश्रा, रमन दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।


कार्ड वितरण के दौरान मौजूद पदाधिकार

# बाबा साहब की जयंती पर विधायक ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अंबेडकर जयंती पर कस्बा अमृतपुर स्थित अंबेडकर पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि डा0 अंबेडकर की जयंती पूरे देश में उत्साह के साथ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जीवनभर छुआछूत, भेदभाव और सामाजिक विषमताओं के खिलाफ संघर्ष किया तथा समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीब, वंचित और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने स्वरोजगार एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर गठन समिति अमृतपुर के संरक्षक सचिन देव तिवारी, सुशील सजग, सियाराम जाटव, नरेश पाल सुमन, दिनेश कठेरिया, राजेश कुमार, राजेंद्र कुमार, जितेंद्र व मुकेश कुमार, राजीव कुमार, अनुराग सिंह, नीरज अवस्थी, विश्व प्रताप सिंह चीनू, आलोक बाजपेई, जितेंद्र प्रताप सिंह, रक्षपाल मौजूद रहे।


जयंती कार्यक्रम में मौजूद विधायक व अन्य

# भाजपा ने सभी मण्डलों में मनाई अम्बेडकर जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद में जयंती पर सभी मंडलों के अंतर्गत विभिन्न बूथों शक्ति केंद्रो एवं विधानसभा स्तर पर मनाकर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने भोजपुर विधानसभा के जहानगंज मंडल में ग्राम पंचायत महरूपुर बीजल में अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। फतेहचंद वर्मा ने कहा डॉक्टर अंबेडकर ने सामाजिक समरसता का संदेश देकर भारत को नई दिशा देने का कार्य किया था उनके द्वारा किए गए कार्यों से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान पूर्व जिला मंत्री गुरु चरण आजाद, अरविंद कटियार, ग्राम प्रधान महेश कटियार, ग्राम प्रधान वीरपाल राजपूत मौजूद रहे। वहीं जिलाध्यक्ष ने ग्राम पंचायत नगरीया देवधारापुर में बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया। ग्राम अजमतपुर में अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। अमृतपुर में स्थित अंबेडकर पार्क में विधायक सुशील शाक्य ने आयोजित गोष्ठी को संबोधित किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नीरज अवस्थी ने की। कायमगंज विधानसभा में ग्राम चिलौली में डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान देवेंद्र दुबे, अखिलेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। शिव मोहन सिंह ने कमालगंज ब्लाक के अंतर्गत ग्राम खुदागंज में अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आवास विकास स्थित कार्यालय पर अंबेडकर के चित्र पर अमरदीप दीक्षित, शिवांग रस्तोगी, प्रबल त्रिपाठी, अभिषेक बाथम, कृष्ण मुरारी राजपूत, रवि बाजपेई, पंकज पाल ने पुष्पांजलि अर्पित की।


माल्यार्पण के दौरान जिलाध्यक्ष व गुरुचरन आजाद आदि

## राष्ट्रवादी नव निर्माण दल ने किया विस्तार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** रानद के जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी ने पार्टी विस्तार के क्रम में फतेहगढ़ निवासी नरेन्द्र नाथ तिवारी के आवास पर रानद की बैठक आयोजित की गई। आजोयित बैठक में सर्व सम्मति से मीनू तिवारी को रानद महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। आयोजित बैठक में भारी संख्या में पुरुष और महिलाएं एकत्र हुए और सभी ने एक मत होकर मीनू तिवारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। नव नियुक्त महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने सवर्ण समाज को धोखा दिया है, अब हम सब सवर्ण भाजपा को छोड़कर रानद में शामिल हुए है। जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी ने कहा कि रानद मुखिया श्रीकांत त्यागी ने भाजपा की नीतियों का खुले मंच से विरोध किया है। बैठक में फरजान खान आदि मौजूद रहे।

# संविधान रचयिता बाबा साहब को जयंती पर किया याद


बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते शुभम यादव हनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत रत्न व गरीबों के मसीहा कानून के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गई। जिला पंचायत क्षेत्र ग्राम टिलिया पट्टी में संविधान रचयिता, शोषित, वंचितों के नायक डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शुभम यादव हनी ने पुष्प अर्पित कर जयंती मनायी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचारों का अनुश्रण करें। बाबा साहब ने प्रतिकूल परिस्थितियों को अपनी मेहनत से मात दी। उन्होंने न केवल दुनिया की सर्वश्रेष्ठ डिग्रियां हासिल की, बल्कि अपने ज्ञान उपयोग देश के सबसे वंचित तबके को मुख्य धारा में लाने को किया। उन्होंने संदेश दिया था कि जीवन लम्बा होने की बजाय महान होना चाहिए। राष्ट्र को दी संवैधानिक सुरक्षा, एक कुशल अर्थ शास्त्री और न्यायविद् के रुप में उन्होंने भारत को विश्व का सबसे मजबूत संविधान दिया। सभी वर्गों को समानता का हक दिया। भेदभाव मुक्त समाज और राष्ट्र की एकता के लिए स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलकर सबको एक दागे में पुरोया। हम सब उनकी जयंती पर उनके विचारों का अनुश्रण करें। इस मौके पर क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## कश्यप निषाद संगठन ने मनाई बाबा साहब की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कश्यप निषाद संगठन के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार बाथम के आवास पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार बाथम ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने वंचित, शोषित समाज को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उनके अतुलनीय योगदान के लिए समाज याद कर रहा है। उन्होंने जो समाज को मूल मंत्र दिया, शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करों, तभी आगे बढ़ोगे। श्याम सुंदर निषाद ने समाज मुख्य धारा से जुड़े और शिक्षित बने। इस मौके पर कुलदीप कुमार बाथम, रोहित मझवार, श्रीनिवास कश्यप, जंगाली लाल बाथम, शिवकुमार कश्यप, डॉ. चंदन सिंह, विनोद कुमार, योगीराज, सुरेशानंद आदि लोग मौजूद रहे।


बाबा साहब की जयंती मनाते लोग

# डीएम ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन का ब्राशर किया विमोचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विज्ञान भारती की एक प्रतिनिधि टीम ने जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। टीम ने आगामी विज्ञान मेला के आयोजन के संबंध में विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं महत्त्व से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। विद्यार्थी विज्ञान मंथन का आधिकारिक ब्रॉशर भी जिलाधिकारी द्वारा विमोचित रिलीज किया गया। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार को नई दिशा मिलने की अपेक्षा है। इसके अतिरिक्त, विज्ञान भारती द्वारा स्पेस ऑन व्हील चलित विज्ञान प्रदर्शनी बस के आयोजन हेतु एक औपचारिक पत्र जिलाधिकारी को सौंपा गया। साथ ही महान वैज्ञानिक सत्येन्द्र नाथ बोस पर आधारित एक पुस्तक भी उन्हें भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

इस अवसर पर विज्ञान भारती के मनोज चतुर्वेदी, महेश चंद्र उपाध्याय, धीरेंद्र वर्मा, विमल राठौर, अमृतांशु वाजपेयी अन्य उपस्थित रहे। आगामी कार्यक्रमों के प्रभावी एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सकारात्मक एवं सार्थक विचार-विमर्श किया गया। जिससे विज्ञान के प्रसार एवं जनजागरूकता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की संभावनाएं प्रबल हुई हैं।


विमोचन करते डीएम

अंबेडकर जयंती पर जिलेभर में आयोजन

# जुलूस, शिविर और सेवा कार्यों से गूंजा खीरी

▸ 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश के साथ मनाई गई 135वीं जयंती

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पूरे जिले में उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। ब्लॉक बिजुआ, निघासन, गोला और बेलरायां समेत दर्जनों गांवों में जुलूस, श्रद्धांजलि सभा, शिक्षा सामग्री वितरण और स्वास्थ्य शिविर जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर जगह बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।



**बिजुआ क्षेत्र में निकले भव्य जुलूस, गांव-गांव में श्रद्धांजलि:** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के मालपुर, बंसी, भीरा, तीखड़ा, मूड़ा सावरान, नब्बूपुर, मुड़िया हेमसिंह, बस्तौली और रामेश्वरापुर समेत कई गांवों में जयंती समारोह आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत बंसी में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर वक्ताओं ने उनके संघर्ष, संविधान निर्माण में भूमिका और सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। पड़रिया तुला, हिक्मत नगर, बिजुआ और अन्य गांवों में निकाले गए जुलूसों में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए समाज को जागरूक और अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

**निघासन में युवाओं ने बांटी शिक्षा सामग्री, दिया 'शिक्षित बनो' का संदेश:** नगर पंचायत निघासन और आसपास के गांवों में युवा भाजपा नेता सीए अंशुल दीक्षित के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। बोझिया, कोल्हापुर, ऊंचा पिंड और रानीगंज गांवों में स्कूली बच्चों को कॉपी, पेन और उपहार वितरित किए गए। इस दौरान युवाओं ने बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेने और शिक्षा को अपनाने का संदेश दिया। वक्ताओं ने बताया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद डॉ. भीमराव अंबेडकर ने उच्च शिक्षा हासिल कर समाज के लिए मिसाल कायम की।

**बेलरायां में निःशुल्क नेत्र शिविर, सैकड़ों को मिला लाभ:** बेलरायां स्थित नेहरू बालिका इंटर कॉलेज में जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा के साथ निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। सीतापुर आंख अस्पताल के सहयोग से आयोजित शिविर में सैकड़ों जरूरतमंदों की आंखों की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मोतियाबिंद समेत अन्य नेत्र रोगों की जांच की। चयनित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा ने शिक्षा और स्वास्थ्य को समाज की प्राथमिक जरूरत बताते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की।

### गोला में शोभायात्रा और सभा, जनप्रतिनिधियों ने किया संबोधित



गोला में संत रविदास डॉ. बी.आर. अंबेडकर सेवा संस्थान द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुद्ध वंदना के साथ शुरुआत हुई और इसके बाद नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर प्रतिमा स्थल पहुंची। सभा में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरी समेत कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि उनके सिद्धांतों पर चलकर ही समाज में समानता और प्रगति संभव है।

**सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद:** जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया। प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए।

**सामाजिक एकता का संदेश:** सभी आयोजनों का समापन सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और एकता के संदेश के साथ हुआ। लोगों ने एक स्वर में बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। जिलेभर में जयंती के बहाने शिक्षा, सेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश प्रमुखता से उभरकर सामने आया।

## 135वीं जयंती पर बाबा साहब को नमन, मितौली व मोहम्मदी में निकली रैलियां

**मितौली/मोहम्मदी (खीरी)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती जनपद के मितौली और मोहम्मदी क्षेत्रों में पूरे उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। इस दौरान जगह-जगह रैलियां निकाली गई, अंबेडकर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। मितौली क्षेत्र में कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय राष्ट्रीय परिषद सदस्य, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर तथा कोतवाली प्रभारी महेश पाठक द्वारा अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। विकासखंड के विभिन्न अंबेडकर पार्कों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। बच्चों, महिलाओं और क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रैली के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन को संघर्ष, समानता, बंधुता और भाईचारे का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भेदभाव और अन्याय के खिलाफ समर्पित किया। उनका प्रसिद्ध कथन– शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा– आज भी समाज को नई दिशा देता है। इस अवसर पर ग्राम रायपुर में मूर्ति का अनावरण भी किया गया, जबकि फत्तेपुर, कुकुरगोती, आशिकनगर, बटरगंज, चुराई पुरवा, सहोरा, लिधियायी, छत्तापुर, मैगलगंज, नकारा और भंडेबरा सहित कई स्थानों पर अंबेडकर पार्कों में पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में जिला मंत्री अमित सिंह, सर्वेश सिंह, मास्टर दिनेश कुमार, शमशाद अली, सरदार दीपक सिंह, रामसागर पाल, नीरज कश्यप व उमाशंकर गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं मोहम्मदी नगर में बाबा साहब की जयंती ऐतिहासिक रूप से मनाई गई। सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली, मैजिक, ई-रिक्शा और मोटरसाइकिलों के



काफिले के साथ जय भीम के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। प्रशासन द्वारा पूर्व में पीस कमेटी की बैठक कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, जिसके चलते आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह 9 बजे से ही लोगों का जुटान शुरू हो गया और दोपहर करीब 2 बजे शंकरपुर मंदिर के पास से निकली विशाल शोभायात्रा लगभग ढाई किलोमीटर लंबी रही। यह यात्रा अंबेडकर चौराहा, बाजारगंज, सर्राफा बाजार, पुतन्नी चौराहा, बांके बिहारी मंदिर, शुक्लापुर होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरकर ब्लॉक परिसर स्थित बाग में सभा में परिवर्तित हो गई। इससे पूर्व क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने भी पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सभा के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा में रामनाथ गौतम, संघपाल जौहर, बाबूराम हंस, शंकरलाल गौतम, फकीरेलाल विशारद, संजय गौतम, राजपाल गौतम, रविन्द्र कुमार गौतम और कन्हैया लाल शास्त्री सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। दोनों क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं और उनकी जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और समानता के संकल्प को मजबूत करने का अवसर है।

## धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की 135वीं जयंती, बाइक रैली व केक काटकर दी श्रद्धांजलि

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र की निबौरिया ग्राम पंचायत में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पूरे उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकता के संदेश के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के तहत भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद केक काटकर बाबा साहब का जन्मोत्सव मनाया गया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

**बाइक रैली में दिखा जोश, गांव-गांव पहुंचा संदेश:** जयंती समारोह की शुरुआत निबौरिया पंचायत से बाइक रैली निकालकर की गई। रैली में शामिल युवाओं ने पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर बाबा साहब के विचारों और उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। रैली के दौरान जय भीम के नारों से वातावरण गूंज उठा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

**केक काटकर मनाया गया जन्मोत्सव:** रैली के समापन के बाद आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि वीरेन्द्र वर्मा एवं क्रय-विक्रय समिति के चेयरमेन ने केक काटकर बाबा साहब का जन्मदिन मनाया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उत्सव को यादगार बनाया और एक-दूसरे को बधाई दी।



**श्रद्धांजलिः** कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प

**पुष्पांजलि अर्पित कर दी गई** अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज के शोषित, पीड़ित और दलित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

**वक्ताओं ने बताए बाबा साहब के विचारों की प्रासंगिकता:** इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने भारत में समता, स्वतंत्रता, भाईचारे और न्याय की स्थापना के लिए जो कार्य किए, वे आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को मजबूत लोकतांत्रिक ढांचा प्रदान किया, जो आज भी देश की मजबूती का आधार है। लोगों ने कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और न्याय स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए।

**बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण:** कार्यक्रम में राजू जाटव, रामबहादुर, राधे जाटव, छोटेलाल, गिरधारी लाल, शत्रोहन लाल, श्रीकृष्ण, अमित, मोहम्मद जाहिर, लियाकत, नत्थूलाल, पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र कुमार, पंचायत सदस्य भगौती प्रसाद, राजपाल, मंगल वर्मा, आशीष वर्मा, भाजपा नेता एवं पूर्व संचालक सहित चेयरमेन सहकारी संघ हरीश पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता और बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## खबरें एक नजर में

### पीहू पैंथर्स बनी चैंपियंस कप विजेता, फाइनल में 12 रन से रॉयल क्रिकेट अकादमी को हराया, तनु सिंह बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट




**लखीमपुर खीरी।** रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज में आयोजित चैंपियंस कप सीजन का रोमांचक फाइनल मुकाबला पीहू पैंथर्स और रॉयल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पीहू पैंथर्स ने 12 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। टॉस जीतकर रॉयल क्रिकेट अकादमी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीहू पैंथर्स की टीम ने 20 ओवर में 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से सौरभ मिश्रा ने 47 गेंदों में 43 रन और श्रेष्ठ प्रताप ने 26 गेंदों में 30 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में रॉयल क्रिकेट अकादमी की ओर से कृष्ण मोहन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि अलिफ और राजदीप को 2-2 विकेट मिले। 149 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल क्रिकेट अकादमी की शुरुआत ठीक रही, लेकिन टीम लगातार विकेट गंवाती रही और 19.2 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से धर्मवीर ने 29 गेंदों में 43 रन बनाकर संघर्ष किया, जबकि शिवांश अवस्थी ने 20 रन का योगदान दिया। पीहू पैंथर्स की ओर से मोहम्मद सैफ ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए, जबकि तनु सिंह और कपिल ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक सैनी को बेस्ट बॉलर, अंश शुक्ला को बेस्ट बैट्समैन और तनु सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। वहीं फाइनल मुकाबले में 18 रन बनाने और 2 विकेट लेने वाले मोहम्मद सैफ को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। फाइनल मुकाबले के दौरान नीरज शुक्ला, मनीष बंसल, श्याम मोहन श्रीवास्तव, आदर्श पांडे और उत्कर्ष अवस्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में धान का पुआल और गेहूं का बोझा जला

**राजगढ़ (मिर्जापुर )।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसीरिया ग्राम सभा के तेलियापुर मे किसान उमेश मिश्रा का धान का तीन बीघे का पुआल और लगभग एक बीघा का गेहूं का बोझा जलकर राख हो गया। ग्रामीण ने किसी तरह से मिट्टी और पैरों की टहनियों से आग बुझाने की कोशिश की तब तक आग में विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड जैसे ही धनसीरिया स्थित तेलियापुर गांव में पहुंची पुलिया के पास फायर ब्रिगेड की गाड़ी फस गई। और मौके पर पहुंच नहीं पाई। जिससे खेत में रखी खड़ी फसल पूरी तरह जलकर का नष्ट हो गई है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मे पानी निकाल कर बहा दिया गया। उसके बाद जेसीबी के माध्यम से ग्रामीणों के सहयोग से पुलिया के पास नाले मे फसी फायर ब्रिगेड की गाड़ी को टोचन करके जेसीबी के माध्यम से बाहर निकल गया। तीन घंटे तक फायर बेड की गाड़ी फंसी रही।

### क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की 135वीं जयंती



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की 135 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई है क्षेत्र के बरी गांव स्थित डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर जयंती को मनाया है इसी प्रकार ग्राम पंचायत हलिया के कासीहवा टोला में स्थित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ ने ग्रामीणों के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया है, चक कोटर गांव स्थित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी चक कोटार द्वारा बीआर अम्बेडकर की जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया है जिसमें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पुरवा औसान सिंह सूरज कुशवाहा, अध्यक्ष गौरी शंकर मौर्य, रामदयाल मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, रामनरायण, तुलसी, राज बहादुर, हरिशंकर, आदि ने माल्यार्पण किया है ग्राम पंचायत पवारी कला गांव स्थित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर ग्राम प्रधान जीतेन्द्र सिंह ने माल्यार्पण किया है, देवरी गांव स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर जयंती को मनाया है जयंती मनाने के बाद मिष्ठान वितरित किया गया है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा हल्का प्रभारियों के साथ पुलिस कर्मियों की डियूटी लगायी थी इस दौरान एसआई शिवजी यादव, महेंद्र प्रताप यादव, हंसराज यादव, श्याम लाल मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से लाखों का नुकसान, देखते ही देखते उजड़ा गरीबों का आशियाना

**मितौली (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड मितौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्लीपुर के मजरा छत्तापुर में सोमवार दोपहर करीब दो बजे अचानक लगी भीषण आग ने गरीब परिवारों की जिंदगी को झकझोर कर रख दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में कच्चे मकान, गृहस्थी का सामान और पशुधन इसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।





जानकारी के अनुसार, आग रामकिशोर और सर्वेश कुमार (पुत्र मनोहर लाल) के घर में लगी। घटना के समय दोनों ही मजदूरी के सिलसिले में बाहर गए हुए थे, जबकि घर पर महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। अचानक उठी लपटों को देख परिजन और आसपास के लोग घबरा गए, लेकिन संसाधनों के अभाव में समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग की चपेट में घर के बाहर बंधी तीन भैंसें और दो पड़वे आ गए। हादसे में तीनों भैंसें गंभीर रूप से झुलस गईं, जिनका उपचार कराया जा रहा है, जबकि एक पड़वे की मौके पर ही मौत हो गई। पशुधन का नुकसान ही करीब साढ़े तीन लाख रुपये आंका जा रहा है। आग ने इतनी विकराल रूप ले लिया कि घर में रखी पूरी गृहस्थी का सामान, अनाज, कपड़े और एक बाइक भी जलकर पूरी तरह राख हो गई। पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे आ गया है और उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली मैगलगंज के प्रभारी निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने नुकसान का जायजा लेकर पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया मदद का हाथ

घटना के बाद ग्राम प्रधान बल्लीपुर शैल सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह और भाजपा जिला मंत्री अमित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को गेहूं, चावल, बर्तन, कपड़े सहित अन्य जरूरी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। इस मानवीय पहल की ग्रामीणों ने सराहना की।

### प्रशासन से मुआवजे की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता और आवासीय मदद दिलाने की मांग की है, ताकि प्रभावित परिवार दोबारा अपने जीवन को पटरी पर ला सकें।

### नदौली गांव के सीवान में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग बस्ती तक पहुंची

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के नदौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में सीवान में गेहूं के कटे खेत में आग लग गई। गेहूं के खेत में डंठलों में लगी आग तेज हवाओं के चलने से बस्ती तक पहुंच गई। बस्ती की तरफआग को बढ़ते देख ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया। आग बुझाने के लिए ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई। आग की चपेट में आने से नदौली गांव निवासी किसान श्रीधर मिश्र व राजेंद्र मिश्र का गेंहू की मड़ाई के बाद खेत में पड़ा भूसा आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गया।

## चुनार में मनाई गई अंबेडकर की 135वीं की जयंती

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने नागरपुर मुहल्ले में डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष बचाओ लाल सेठ ने भी माल्यार्पण किया। तहसील प्रांगण में भी कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे और बाबा साहब को याद किया।

इसी प्रकार सरकारी कार्यालय



स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम गोष्ठी एवं स्वच्छता अभियान चलाए गए। कई स्थानों पर संविधान की प्रस्तावना का समीप पाठ भी कराया गया इस दौरान नगर अध्यक्ष मंगरु साहनी चंद्रहास गुप्ता, अभिलाष राय मनीष राय,आलोक सिंह,सभासद किशन मोदनवाल,विजय बहादुर सिंह,ज्योति प्रकाश सिंह, डीजे बहादुर बिना शहीद नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चैती मेला में भोजपुरी नाइट का जलवा, देर रात तक झूमे दर्शक

▸ खुशी वर्मा के डांस और शिवानी सिंह के गीतों ने बांधा समां

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सत्रहवें दिन सांस्कृतिक मंच पर आयोजित भोजपुरी संगीत कार्यक्रम में देर रात तक दर्शक झूमते नजर आए। रंगारंग प्रस्तुतियों ने मेले के माहौल को उत्साह से भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक लखीमपुर सदर योगेश वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद



सभी अतिथियों का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने पत्रकारों को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि योगेश वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ पालिकाध्यक्ष की लोकप्रियता को दर्शाती है और उनके प्रयासों से मेला लगातार भव्य स्वरूप ले रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील सिंह ने भी मेले के बढ़ते आकर्षण की सराहना की। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र जीवन के साथियों की उपस्थिति से मंच गौरवान्वित हुआ है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में यूट्यूबर स्टार खुशी वर्मा ने पवन सिंह के लोकप्रिय गीतों बनारस घुमइबा राजा जी, चूल्हा अगले जरी, पतरे कमरिया और हवा सांय-सांय पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बक्सर से आई गायिका शिवानी सिंह ने अपने सुरों से समां बांध दिया। उनके गीतों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई और कार्यक्रम देर रात तक उत्साहपूर्ण माहौल में चलता रहा। कार्यक्रम का संचालन राजेश दीक्षित ने किया। संगीत में ऑर्गन पर पंकज, ढोलक पर गांधी, बैंजो पर रंजीत, पैड पर सोनू और तबला पर रत्नेश मिश्रा (बिहार) ने संगत दी।

**चैती मेला में आजः** चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 15 अप्रैल को सायं 7 बजे से कुलहिंद मुशायरे का आयोजन किया जाएगा।

## सपा ने जिले भर में बूथ व सेक्टर स्तर पर मनायी भीमराव अंबेडकर की जयंती

▸ बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का काम करें: देवी प्रसाद चौधरी

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती जनपद भर में बूथ और सेक्टर स्तर पर व्यापक रूप से मनाया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और सपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने किया।



कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी लोगों ने उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही एक मजबूत और समतामूलक भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी से उनके आदर्शों को अपनाने और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का आह्वान किया। सभी ने एकजुट होकर बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया और कहा गया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2027 में सरकार बनेगी। सपा ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को सेक्टर से लेकर बूथ स्तर तक मनाया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य दलित वोट बैंक को साधने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाना था, जिसे 'मिशन पीडीए' के रूप में देखा जा रहा है। इसी क्रम में चुनार, मड़िहान, छानबे, मझवां व नगर में भी सेक्टर व बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें। जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद रमेश चन्द बिन्द, जगतम्बा सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, लालचन्द कोल, मुन्नी यादव, आशीष यादव, रोहित शुक्ला, संतोष गोयल, आदर्श यादव, सतीश मिश्रा, अशोक यादव, राज मिश्रा, लाल बहादुर यादव, झल्लू यादव, लवकुश यादव, इलियास खान, सैफ अली, गिरधारी यादव, राजकमल, फिरदौस आदि हजारो लोग मौजूद रहें। इसी क्रम में सेक्टर व जोन में आयोजित बाबा साहब अंबेडकर की जयंती में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, डॉ. सुनील पटेल, सत्य प्रकाश यादव, राममिलन यादव, राहुल यादव, प्रिस राव, सियाराम जैसल, सोकिम अहमद, शैलेष पटेल आदि मौजूद रहें।